CMYK

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 24°C
तापमान

सेंसेक्स निफ्टी
82,059.42
24,945.45

सोना चांदी
96,530
98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 20 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 128 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 21 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# पाकिस्तान ने स्वर्ण मंदिर को बनाया था निशाना : सेना

शाह टाइम्स ब्यूरो



- स्वर्ण मंदिर को निशाना बनाकर दागी थी मिसाइल एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया था हमला
- ऑपरेशन सिंदूर के लिए बने सांसदों के डेलीगेशन में शामिल नहीं होंगे पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान ने अमृतसर के गोल्डन टेंपल पर निशाना बनाकर मिसाइल दागी थी। इसे भारतीय एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया था।

सेना के जवानों ने पंजाब में मार गिराए गए पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल का मलबा भी दिखाया। वहीं पंजाब में इंटरनेशनल बॉर्डर पर तैनात एक जवान ने कहा कि 8-9 मई की रात को पाकिस्तान ने अचानक फायरिंग की और घुसपैठ की कोशिश की। जिसे हमने नाकाम कर दिया। हमारी फायरिंग का नतीजा ये हुआ कि सुबह होते-होते दुश्मन घुटनों के बल पर आ गए और अपनी पोस्ट पर सफेद झंडा फहरा दिया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने एक और नया वीडियो जारी किया। इसमें सेना ने दिखाया कि पाकिस्तान की तरफ से दागे गए ड्रोन को कैसे मार गिराया। वेस्टर्न कमांड ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि हमने जमीन से आसमान की रक्षा की। इधर, तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का संदेश देने जाने वाले डेलीगेशन के साथ जाने से मना कर दिया है। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि टीएमसी तय करेगी कि उनकी तरफ से डेलिगेशन में कौन जाएगा। केंद्र सरकार या भाजपा नहीं।

# संघर्ष विराम में नहीं थी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता

शाह टाइम्स ब्यूरो



- संसदीय समिति की बैठक में ट्रम्प के दावे पर उठे सवाल, विदेश सचिव ने कहा: फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था

**नई दिल्ली।** संसद के एनेक्सी भवन में विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति की बैठक में सांसदों ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के मध्यस्थता के दावे पर सवाल उठाए।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि संघर्ष विराम में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। यह फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था। उन्होंने संसदीय समिति को बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हमेशा पारंपरिक क्षेत्र में रहा है और पड़ोसी देश की ओर से कोई परमाणु संकेत नहीं दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि कुछ सांसदों ने पूछा कि क्या पाकिस्तान ने संघर्ष में चीनी मंच का इस्तेमाल किया था? इस पर मिस्री ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर हमला किया है। उन्होंने समिति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने संसदीय समिति को बताया कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब दिया है। आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद, सतनाम सिंह, नवीन जिंदल, अपराजिता सारंगी, अरुण गोविल और आरपीएन सिंह शामिल हैं। बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सैन्य संघर्ष को लेकर हो रही है। पाकिस्तान को बेनकाब करने विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में से एक का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि मेरे प्रतिनिधिमंडल की ब्रीफिंग शुक्रवार को ही होगी। इसलिए मैं अभी कुछ नहीं कहूंगा।

## सेना प्रमुख ने लोंगेवाल का दौरा कर स्थिति की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में जैसलमेर से कच्छ तक फैले रेगिस्तान में दुश्मन के नापाक इरादों को विफल करने के लिए सेना, वायु सेना और बीएसएफ के जवानों और अधिकारियों की सराहना की तथा स्थिति की समीक्षा की। जनरल द्विवेदी ने सोमवार को कोणार्क कोर के अग्रिम क्षेत्रों में लोंगेवाला का दौरा किया और सैनिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने विशेष रूप से सेनाओं और बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई के दौरान तालमेल की समीक्षा की। इन संयुक्त कार्रवाइयों में न केवल दुश्मन के इरादों को कुंद किया गया, बल्कि पश्चिमी मोर्चे पर संचालन प्रभुत्व बनाए रखने में भी सफलता मिली।

# भारत कोई धर्मशाला नहीं, जो सबको शरण देता रहे

## शीर्ष अदालत ने की श्रीलंकाई नागरिक की याचिका खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कोर्ट ने कहा: हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं
- शरणार्थी ने भारत छोड़ने के आदेश को दी थी चुनौती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई शरणार्थी से जुड़े एक मामले में सोमवार को कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। दुनियाभर से आए शरणार्थियों को भारत में शरण क्यों दें? हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। हम हर जगह से आए शरणार्थियों को शरण नहीं दे सकते।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने यह टिप्पणी श्रीलंकाई तमिल नागरिक की शरण याचिका खारिज करते हुए की। दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट ने श्रीलंकाई नागरिक को यूएपीए मामले में 7 साल की सजा पूरी होते ही तुरंत भारत छोड़ देने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ उसने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर हस्तक्षेप करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की तरफ से आर. सुधाकरन, एस. प्रभु रामसुब्रमण्यम और वैरावन एएस ने कोर्ट में दलील दी। यह केस एक श्रीलंकाई तमिल नागरिक का है, जिसे 2015 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) से जुड़े होने के शक में तमिलनाडु पुलिस की ब्रांच ने दो अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया था। लिट्टे पहले श्रीलंका में सक्रिय एक आतंकी संगठन था। 2018 में एक निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत 10 साल की सजा सुनाई थी। 2022 में मद्रास हाईकोर्ट ने -शेष पृष्ठ दो पर



## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मप्र के मंत्री शाह को फटकार

- जांच के लिए एसआईटी गठित करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर भाजपा नेता एवं मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह की ओर से की गई 'अपमानजनक' टिप्पणियों के लिए उन्हें फटकार लगाई और जांच के लिए प्रदेश कैडर के तीन भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों की विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने का सोमवार को आदेश दिया।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने अपने आदेश में पुलिस महानिदेशक को मंगलवार तक एसआईटी गठित करने का आदेश देते हुए कहा कि इस बीच आरोपी शाह को गिरफ्तार नहीं किया जाए। शीर्ष अदालत ने आरोपी मंत्री शाह को जांच में सहयोग देने का भी आदेश दिया। पीठ अपने आदेश में कहा कि हम तीन आईपीएस अधिकारियों वाली एक एसआईटी गठित कर रहे हैं। उनमें से एक आईजी या डीजीपी स्तर का अधिकारी होना चाहिए।

## हाईकोर्ट के सभी सेवानिवृत्त न्यायाधीश समान पेंशन के हकदार: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों सहित सभी सेवानिवृत्त न्यायाधीश समान पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के हकदार हैं। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने सोमवार को स्पष्ट किया कि पेंशन और सेवानिवृत्ति संबंधी लाभों के हकदार स्थायी या अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में कार्यरत सभी होंगे। पीठ ने कहा कि नियुक्ति के तरीके के आधार पर न्यायाधीशों के बीच सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों में अंतर करना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। यह अनुच्छेद समानता के अधिकार की गारंटी देता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद टर्मिनल लाभों के लिए न्यायाधीशों के मध्य कोई भी भेदभाव अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। अतिरिक्त न्यायाधीशों के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले सभी उच्च न्यायालय न्यायाधीश पूर्ण पेंशन के हकदार हैं। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि इस आधार पर कोई अंतर नहीं किया जा सकता है कि कोई न्यायाधीश जिला न्यायपालिका से पदोन्नत हुआ है या बार से पदोन्नत हुआ है। पीठ ने अतिरिक्त न्यायाधीशों के परिवारों को भी समानता का लाभ दिया।

# सम्भल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी को झटका

## हाईकोर्ट ने की पुनरीक्षण याचिका खारिज

प्रयागराज, वार्ता



- हिन्दू पक्ष के वाद को उच्च न्यायालय ने पोषणीय माना

**इलाहाबाद उच्च** न्यायालय ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी है। न्यायालय के इस आदेश से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। सम्भल की शाही जामा मस्जिद को लेकर दाखिल हिन्दू पक्ष के वाद को उच्च न्यायालय ने पोषणीय माना।

कमीशन की जांच के लिए निचली अदालत के आदेश पर उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया। हाईकोर्ट ने कमीशन जांच एवं दाखिल वाद जारी रहने में हस्तक्षेप नहीं किया है। इसी के साथ न्यायालय ने पूर्व पारित अंतरिम आदेश को निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने सोमवार को जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर यह आदेश दिया। न्यायालय ने अपने विस्तृत आदेश में सिविल प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए हिन्दू पक्ष की ओर से दाखिल वाद को पोषणीय माना। उच्च न्यायालय के इस आदेश से संभल जामा मस्जिद सर्वे मामले को लेकर रास्ता साफ हो गया। इंतजामिया कमेटी ने पुनरीक्षण याचिका में दीवानी मुकदमे की पोषणीयता को चुनौती दी थी। सम्भल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका में सम्भल जिला न्यायालय में लंबित मूल वाद की आगे की अदालती कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस मामले में हिंदू पक्ष के वादी ने यह घोषणा करने की मांग की है कि उन्हें सम्भल जिले के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित श्री हरिहर मंदिर में प्रवेश का अधिकार है, जो कथित तौर पर जामा मस्जिद है। इस मामले में न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने गत 13 मई को सुनवाई पूरी होने के बाद निर्णय सुरक्षित कर लिया था।

# फिर विवादों में ध्रुव राठी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- यूट्यूबर ने सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाया, SGPC ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध यूट्यूबर ध्रुव राठी सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाकर विवादों में घिर गए हैं। राठी ने एक 'द राइज ऑफ सिख' शीर्षक से एक एआई वीडियो जारी किया है। जिसमें सिख योद्धाओं को गलत तरीके से दिखाया गया है।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के वीडियो की कड़ी निंदा की है। बवाल के बाद यूट्यूबर ध्रुव राठी ने अपने चैनल से वीडियो को हटा लिया। हरियाणा के रहने वाले यूट्यूबर ध्रुव राठी (फिलहाल जर्मनी में रहते हैं) ने द सिख वॉरियर हू टेरिफाइड द मुगल शीर्षक से एक वीडियो बनाया है। इसमें उन्होंने सिखों को लेकर एआई से बनाए हुए कुछ विजुअल भी शामिल किए हैं। इसे लेकर सिख समुदाय के लोग आपत्ति जता रहे हैं। सिख समुदाय के लोग इसे सिख धर्मगुरु का अपमान बता रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने वीडियो की निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार के चित्रण सिख रहत मर्यादा का उल्लंघन करते हैं, जो गुरु साहिबान के दृश्य रूप में प्रदर्शन पर रोक लगाती है।

# पंजाब में ISI के दो जासूस गिरफ्तार



- सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा करने में लगे हुए थे

**गुरदासपुर।** पंजाब में गुरदासपुर पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी, आईएसआई को संवेदनशील सैन्य जानकारी उपलब्ध कराने में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि 15 मई को विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं से संकेत मिला कि सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी, आईएसआई के साथ ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा करने में लगे हुए थे, जिनमें पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में सेना की आवाजाही और प्रमुख रणनीतिक स्थान शामिल थे। श्री यादव ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच ने खुफिया सूचनाओं की पुष्टि की है। पुलिस टीम ने उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और आठ कारतूस (-30 बोर) भी बरामद किए हैं। प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि आरोपी आईएसआई संचालकों के सीधे संपर्क में थे और उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रसारित की थी। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि दोरंगला में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी और भी खुलासे होने की उम्मीद है।

## शोपियां में हथियार और गोला-बारूद के साथ दो संदिग्ध गिरफ्तार

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों को जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) शोपियां, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 178 बटालियन और सेना की 34 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) द्वारा स्थापित एक चौकी पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उनकी तलाशी लेने पर चार हथगोले, दो पिस्तौल, 43 जिंदा कारतूस और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। 'एक्स' पर एक पोस्ट में पुलिस ने कहा कि एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। शोपियां पुलिस ने 'एक्स' पर बताया कि आतंकवाद के खिलाफ एक उल्लेखनीय अभियान में, एसओजी शोपियां, सीआरपीएफ 178 बीएन और 34 आरआर के संयुक्त नाके पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उनकी तलाशी लेने पर, 4 ग्रेनेड, 2 पिस्तौल, 43 जिंदा राउंड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई और तदनुसार एक प्राथमिकी दर्ज की गई।

# भगोड़े नीरव को फिर लगा बड़ा झटका

## ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका, अब तक 10वीं बार हुई जमानत याचिका खारिज

लंदन, वार्ता

- नीरव मोदी पीएनबी के एक अरब डॉलर के घोटाले के मामले में है मास्टरमाइंड



**ब्रिटेन की हाईकोर्ट** ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में एक अरब डॉलर के घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी को जमानत देने से इन्कार कर दिया। 2019 में हिरासत में लिए जाने के बाद यह 10वीं बार है, जब उसकी जमानत याचिका खारिज हुई है।

वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया, ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने एक बार फिर नीरव मोदी को जमानत देने से इन्कार कर दिया। नीरव मोदी पीएनबी के एक अरब डॉलर के घोटाले के मामले में मास्टरमाइंड है। यह फैसला 15 मई 2025 को उसकी चौथी जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान लिया गया। ईडी ने आगे लिखा, सुनवाई में नीरव मोदी के बचाव पक्ष और भारत सरकार की ओर से पेश अभियोजन पक्ष की दलीलों पर विस्तार से चर्चा हुई। ईडी ने लिखित में बताया कि कैसे नीरव मोदी ने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) किया, शेल कंपनियों के जरिये पैसा ब्रिटेन जैसे दूसरे देशों में भेजा। घोटाले की राशि का एक हिस्सा जब्त करके वापस बैंकों को भी लौटाया गया है। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी। वहीं, इस फैसले के बाद सीबीआई ने एक बयान में कहा कि नीरव मोदी की नई जमानत याचिका लंदन की हाई कोर्ट (किंग्स बेंच डिवीजन) में खारिज कर दी गई। भारत की तरफ से क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के वकील ने जोरदार तरीके से विरोध किया, जिन्हें सीबीआई की एक मजबूत टीम ने मदद दी। सीबीआई ने कहा कि हमने अदालत में मजबूत दलीलें दीं, जिसकी वजह से यह याचिका खारिज हुई। नीरव मोदी 19 मार्च 2019 से ब्रिटेन की जेल में है। वह भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया है और उस पर भारत में सीबीआई द्वारा 6498.20 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा चलाया जाना है।



बाइडन प्रोस्टेट कैंसर की गंभीर अवस्था में
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



हरप्रीत बरार ने पत्नी को समर्पित किया प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## जीईएम से लालफीताशाही खत्म, बचत भी सुनिश्चित : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकारी ई मार्केट प्लेस, जीईएम लालफीताशाही को खत्म कर वंचित लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है, जिससे उन्हें बचत भी हो रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का जीईएम पर लिखा गया एक लेख साझा किया है। श्री मोदी ने इस पोस्ट में लिखा है कि सरकार के पारदर्शी शासन के प्रयासों को डिजिटल बढ़ावा मिला है। जीईएम इंडिया हाशिए पर पड़े लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है, लालफीताशाही को खत्म कर रहा है और भारी बचत सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा है कि श्री गोयल ने इस विषय पर पूरी जानकारी देने वाला ज्ञानवर्धक लेख लिखा है।

## पहली बार BNS के तहत पांच आरोपियों को ठहराया दोषी

**मुंबई।** मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 112 के तहत पहली बार आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अदालत ने इस मामले में एक संगठित मोबाइल फोन चोर गिरोह के पांच सदस्यों को एक वर्ष के सश्रम कारावास और प्रत्येक को 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया। अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। अभियुक्तों को सजा सुनाते समय स्थानीय गिरगाम अदालत ने नए कानूनी प्रावधानों के तहत जब्त संपत्ति और इलेक्ट्रॉनिक पंचनामा सहित डिजिटल साक्ष्य को मान्य किया।

## ट्रेकोमा के उन्मूलन के लिए भारत सम्मानित

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत को आंखों की बीमारी 'ट्रेकोमा' के उन्मूलन के लिए मान्यता प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की जेनेवा 78वीं बैठक में डब्ल्यूएचओके महानिदेशक डा. घेब्रेयस टेड्रोस ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव को 'ट्रेकोमा उन्मूलन प्रमाणपत्र' प्रदान किया। भारत को यह प्रमाण पत्र जन स्वास्थ्य की समस्याओं के निवारण के लिए प्रदान किया गया है।

## प्रो. महमूदाबाद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित सोशल मीडिया टिप्पणी के बाद हरियाणा पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने के लिए सोमवार को सहमति व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के मामले का विशेष उल्लेख कर तत्काल सुनवाई की मांग पर कहा कि अदालत मामले को 20 या 21 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सैनिकों की नियुक्ति पर विचार करें उमर: महबूबा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पीडीपी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अनुरोध किया है कि वह केन्द्र शासित प्रदेश के प्रमुख प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए 4,000 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति के अपने हाल के फैसले पर पुनर्विचार करें। सुश्री सईद ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखे अपने एक पोस्ट में केन्द्र शासित प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी के संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि सेवा. निवृत्त कर्मियों के लिए आम बेरा. जगारों की दुर्दशा को नजरअंदाज करना सामाजिक- आर्थिक चुनौतियों को और बढ़ा सकता है। सुश्री सईद ने कहा कि उमर साहब को पत्र लिखकर मैंने उनसे आग्रह किया है कि वह प्रमुख प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए 4,000 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति के अपनी सरकार के फैसले पर पुनर्विचार करें। मेरे मन में हालांकि हमारे पूर्व सैनिकों के लिए बहुत सम्मान एवं कृतज्ञता है, लेकिन हमें जम्मू-कश्मीर में युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी के संकट को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, जिनकी संख्या अब लाखों में पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी सिर्फ आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह एक 'सामा. जिक आपातकाल' है।

### कश्मीर में अनैतिक कारोबार में चार लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में कुन्जर में पुलिस ने एक कथित अनैतिक तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को कहा कि विशिष्ट और विश्वसनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुन्जर क्षेत्र में एक रैकेट का भंडाफोड़ किया। उन्होंने कहा कि पुलिस थाना कुन्जर की एक टीम ने एक त्वरित और समन्वित छापेमारी की, जिससे अनैतिक गतिविधियों में लिप्त चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान उटिकू शेखपोरा के अब्दुल अहद वाजा, बरजुल्ला कुन्जर के मोहम्मद अब्दुल्ला वाजा और बामरोदा के बिलाल अहमद भट के रूप में की गई है। जबकि महिला की पहचान का खुलासा नहीं किया गया। पुलिस ने बताया कि कुन्ज़र थाने में अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम (पीआईटीए) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### भारत की विदेश नीति फेल: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भारत की विदेश नीति पूरी तरह से विफल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि देश की की विदेश नीति पिछले छह-सात दशकों में निरंतर और प्रभावी रही है, लेकिन वर्तमान सरकार ने इसकी नींव को केवल कमजोर करने का काम किया है। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पीएम ने भारत की विदेश नीति को खत्म कर दिया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस नेता ने कहा कि विश्व गुरु का ढिंढोरा पीटने से विदेश नीति नहीं बनती। विदेश नीति सिर्फ विश्व गुरु होने का दावा करना नहीं है।

# आतंकवाद के खिलाफ सरकार के हर फैसले के साथ: आप

**नई दिल्ली, वार्ता**



आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर साफ किया है कि आतंकवाद के खिलाफ केंद्र सरकार जो भी कदम उठाएगी उसमें पार्टी पूरी तरह साथ देगी। पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने सोमवार को कहा कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ कोई भी निर्णय लेगी या कदम उठाएगी, तो आप हमेशा उसके साथ खड़ी रहेगी। अब विश्व के तमाम मुल्कों को बताना जरूरी हो गया है कि पाकिस्तान में किस तरह आतंकवाद पनपता है और आतंकवादियों को प्रशिक्षित किया जाता है। इस आतंकवाद का खामियाजा भारत के लोगों को भुगतना पड़ता है और निर्दोष लोगों की जान जाती है।

सुश्री कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार सभी विपक्षी पार्टियों को साथ लेकर कुछ कदम उठाने के बारे में सोचा है। यह बहुत अच्छी पहल है, लेकिन इससे पहले यह भी जरूरी है कि प्रधानमंत्री अपने घर के अंदर उठे मुद्दों का भी समाधान करें। सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और उसमें प्रधानमंत्री खुद मौजूद रहें, ताकि विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विशेष तौर पर चर्चा की जा सके। आप नेता ने कहा कि सारी विपक्षी पार्टियां संसद का विशेष सत्र बुलाने की काफी दिनों से मांग कर रही हैं। प्रधानमंत्री को चाहिए कि वह विशेष सत्र बुलाएं और सारे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हो।

# सुप्रीम कोर्ट ने डीआईसीसीआई को दी अंतरिम राहत

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मद्रास उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश पर लगाई रोक

उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय में लंबित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में दलित इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डीआईसीसीआई) को सोमवार को अंतरिम राहत दी।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश पर रोक लगा दी और निर्देश दिया कि डीआईसीसीआई को कार्यवाही में एक पक्ष के रूप में शामिल किया जाए। डीआईसीसीआई शुरू में उच्च न्यायालय की कार्यवाही में पक्ष नहीं था, जिसकी अगली सुनवाई 21 मई को होनी है। यह मामला तमिलनाडु सरकार की वार्षिक अंबेडकर बिजनेस चैंपियंस योजना (एएबीसीएस) के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार का आरोपों से संबंधित है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया, मौजूदा याचिकाकर्ताओं (डीआईसीसीआई) को प्रतिवादी के रूप में शामिल किया जाए। उच्च न्यायालय आवेदन पर विचार करे और सभी पक्षों को सुनने के बाद आदेश पारित करे। ऐसा आदेश पारित होने तक, इस आदेश (उच्च न्यायालय के) को स्थगित रखा जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि मामले में कोई भी आगे की कार्रवाई करने से पहले उच्च न्यायालय को डीआईसीसीआई को अवश्य सुनना चाहिए। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान यह भी सवाल किया कि उच्च न्यायालय ने अपनी गर्मी की छुट्टियों के दौरान इस मामले को इतनी जल्दी क्यों उठाया। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश गवई ने पूछा, आखिर इतनी जल्दी क्या थी कि न्यायालय ने छुट्टियों के दौरान इस मामले को उठाया? यह मामला यूट्यूबर सवुक्कू शंकर द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) के माध्यम से शुरू किया गया था, जिन्होंने आरोप लगाया था कि एएबीसीएस योजना को मनमाने ढंग से और अवैध रूप से डीआईसीसीआई को सौंपा गया था।

उन्होंने आगे दावा किया कि डीआईसीसीआई नेताओं के तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के अध्यक्ष और विधायक के सेल्वापेरुन्थगई से संबंध थे। साथ ही, यह भी दावा किया गया था कि इस योजना का लाभ इच्छित दलित लाभार्थियों के बजाय राजनीतिक रूप से जुड़े लोगों को दिया गया। शंकर ने मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच की मांग की है, जिसमें गड़बड़ी और राजनीतिक पक्षपात का आरोप लगाया गया है। जनहित याचिका पर मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन और न्यायमूर्ति वी. लक्ष्मीनारायणन की अवकाश पीठ सुनवाई कर रही है। उच्च न्यायालय ने 14 मई को राज्य को नोटिस जारी किया था और नगर प्रशासन एवं जल आपूर्ति विभाग, एमएसएमई विभाग और चेन्नई महानगर जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड (सीएमडब्ल्यूएसएसबी) सहित कई सरक. ारी विभागों को पक्षकार बनाया था। अदालत ने संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया था। इस मामले में 16 मई को नगर प्रशासन विभाग की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता जे. रविन्द्रन ने दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए और समय मांगा था। एएजी रविन्द्रन और महाधिवक्ता पीएस रमन दोनों ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार करते हुए कहा कि जनहित याचिका प्रचार के लिए दायर की गई थी और न्यायालय के निर्देश के बिना तमिलनाडु में सीबीआई के पास अधिकार क्षेत्र नहीं है।

## यूपी के नौ जिलों से फरियादी पहुंचे सीएम के पास

# अफसरों की जवाबदेही तय की जाएगी: योगी

**लखनऊ, वार्ता**



■ सभी से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं
■ अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का एकमात्र उद्देश्य प्रदेशवासियों की सुरक्षा, सम्मान और समस्याओं का समाधान करना है। इसी भावना के साथ सीएम सोमवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में सभी फरियादियों से मिले, उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में कुल 60 से अधिक फरियादी पहुंचे। सबसे अधिक मामले प्रयागराज जिले से आए। पुलिस, राजस्व, चिकित्सा, पेंशन, सड़क, बिजली और जमीन विवाद से जुड़े मुद्दे रखे गए। सीएम योगी ने हर फरियादी को भरोसा दिलाया कि उनकी बात पर पूरा ध्यान दिया जाएगा और समस्या का समाधान हर हाल में कराया जाएगा। उन्होंने अफसरों से कहा कि वे संवे. दनशीलता के साथ लोगों की शिकायतों पर कार्य करें। सीएम ने न सिर्फ मंच पर बैठकर सुनवाई की, बल्कि खुद चलकर पीड़ितों के पास पहुंचे। वे लोगों से उनकी समस्याओं के साथ-साथ परिवार की स्थिति और ज़रूरतों के बारे में भी बात करते नजर आए। कई फरियादी के साथ बच्चे भी आए थे, जिन्हें मुख्यमंत्री ने दुलारा और चॉकलेट देकर पढ़ाई में अच्छा करने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को शिकायत पत्र सौंपते हुए कहा कि सभी मामलों में समय से कार्रवाई हो और कोई भी पीड़ित बार-बार चक्कर लगाने को मजबूर न हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इस बार जनता दर्शन में प्रयागराज से 8, देवरिया से 4, सहारनपुर, बस्ती और फतेहपुर से 3-3 फरियादी आए। वहीं मुरादाबाद, पीलीभीत, अमरोहा, गाजीपुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी और भदोही से भी दो-दो लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे।

### परंपरा को नियमित रूप से निभाया

जनता दर्शन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वह कार्यक्रम है, जिसमें वे सीधे आमजन से मिलते हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही योगी आदित्यनाथ ने इस परंपरा को नियमित रूप से निभाया है। गोरखपुर में जब वे महंत और सांसद थे, तब भी वे रोज सुबह जनता से मिलते थे। अब लखनऊ में भी यह सिलसिला जारी है। इसका उद्देश्य है कि शासन की ऊपरी परत तक आम जनता की आवाज सीधे पहुंचे और त्वरित न्याय मिले। यह जनता दर्शन उत्तर प्रदेश सरकार की 'जनसुनवाई' प्रणाली का एक मानवीय विस्तार है, जो बताता है कि सरकार सिर्फ फाइलों में नहीं, जमीन पर लोगों के बीच भी सक्रिय है। मुख्यमंत्री के इस व्यवहार को लोगों के बीच बेहद सकारामक प्रतिक्रिया मिल रही है।

## यूपी में अब प्रिंसिपल पहुंचेंगे बच्चों के घर परिजनों से पूछेंगे स्कूल न आने का कारण

**जब तक स्कूल नहीं आएगा, तब तक करेंगे फालोअप**

**लखनऊ।** यूपी के परिषदीय स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए नए निर्देश जारी किए गए हैं। बेसिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि यदि कोई भी छात्र छह दिन या उससे अधिक दिन तक स्कूल से गैरहाजिर रहता है, तो स्कूल के प्रिंसिपल उस बच्चे के घर जाकर उसके परिजनों से मिलेंगे।

बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव ने बताया कि प्रिंसिपल परिवार से बच्चे के स्कूल न आने का कारण पूछेंगे। साथ ही अभिभावकों से उसे स्कूल भेजने की बात कहेंगे। जब तक छात्र स्कूल नहीं आता, तब तक उसका फालोअप भी करते रहेंगे। निर्देश के अनुसार, अगर कोई छात्र एक महीने में 6 दिन, 3 माह में 10 दिन, 6 महीने में 15 दिन से अधिक विद्यालय से अनुपस्थित रहता है, तो प्रिंसिपल उसके माता-पिता को बैठक में बुलाएंगे और उनसे बातचीत करेंगे। इसके अलावा अगर छात्र 9 महीने में 21 दिन या पूरे शैक्षणिक सत्र में 30 दिन से अधिक अनुपस्थित रहते हैं, तो उनको अति संभावित ड्रॉपआउट की श्रेणी में रखा जाएगा। ऐसे छात्र अगर परीक्षा में 35 फीसदी से कम अंक प्राप्त करते हैं, तो उन्हें ड्रापआउट मानकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। अनुपस्थित रहने के बाद स्कूल आने वाले छात्रों के लिए विशेष कक्षा का संचालन किया जाएगा, ताकि उनकी शैक्षिक कमी को दूर कर अन्य छात्रों के साथ उसकी भी पढ़ाई निरंतर कराई जा सके। इस निर्देश के बाद अब स्कूल के प्रधानाचार्यो और अध्यापकों की जिम्मेदारियां बढ़ जाएंगी कि उनके स्कूल में छात्रों की ड्रापआउट संख्या कम हो। आगर ऐसा होता है, तो प्रधानाचार्यो और अध्यापकों को विशेष कक्षाएं चलाकर अनुपस्थित रहने वाले छात्रों की पढ़ाई पूरी करवानी होगी। अब उन प्रधानाचार्यों और अध्यापकों को भी सचेत रहना होगा, जो अपने स्कूल में छात्रों का नामांकन बढ़ाने के लिए किसी तरह बच्चों का एडमिशन तो कर लेते थे, लेकिन वो स्कूल आएं या न आएं, इससे उनका कोई लेना-देना नहीं होता था।

# विदेश मंत्री के बयान पर जवाब दें मोदी : कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ जयशंकर के बयान को कूटनीति विफलता बताया

कांग्रेस ने ऑपरेशन सिन्दूर से संबंधित जानकारी के बारे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान को 'कूटनीतिक विफलता' बताते हुए कहा है कि ऐसा कर भारतीय जनता पार्टी सरकार ने दूसरी बार आतंकवादी हाफिज सईद को बचाया है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस पर जवाब देना चाहिए।

खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनी. तिक रणनीति से भी लड़े जाते हैं। सेना बहादुरी से सीमा पर अपना काम करती हैं, तो युद्ध में उन रणनीतिकारों की बहुत अहम भूमिका हो जाती है, जो राजधानी में बैठे होते हैं। इन तमाम लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और यह रणनीति सेनाओं के पराक्रम को या तो बढ़ा सकती है या नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि जयशंकर ने खुद मीडिया को बताया है कि हमला करने से पहले पाकिस्तान को सूचित कर दिया गया था। अब ये सूचित करने का क्या मतलब होता है। क्या विद. ेश मंत्री को भरोसा है कि पाक के कहने पर आतंकवादी चुपचाप बैठेंगे। सवाल है कि विदेश मंत्री ने पहले पाकिस्तान को क्यों बताया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले का न्याय नहीं मिल पाएगा, क्योंकि देश का नेतृत्व चीन और अमेरिका से डरता है। इस युद्ध में चीन और अमेरिका की भूमिका सबको मालूम है। अमेरिका खुद युद्ध रोकने में अपनी भूमिका बढ़-चढ़कर बता रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर का मुंह नहीं खुलता। ऐसे कौन से राज हैं कि कभी अमेरिका और चीन के आगे इनके मुंह नहीं खुलते। जब भी मुंह खुलता है, तो इससे देश को सीधा नुकसान पहुंचता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि दरअसल इसे कूटनीति नहीं, बल्कि मुखबिरी कहा जाता है। विदेश मंत्री ने जो बोला उसे सबने सुना, फिर भी इस पर लीपापोती की जा रही है। क्या इसी मुखबिरी की वजह से मसूद अज़हर जिंदा बच गया और हाफिज सईद जिंदा भाग गया।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट

**मुबई, वार्ता**



क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज के अमेरिकी सरकार की रेटिंग घटाए जाने से वैश्विक धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 271.17 अंक लुढ़ककर 82,059.42 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 74.35 अंक टूटकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 24945.45 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मजबूत लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.27 प्रतिशत बढ़कर 45,127.64 अंक और स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत उछलकर 51,429.95 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4273 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2531 में तेजी जबकि 1565 में गिरावट रही वहीं 177 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह एनएसई में कुल 3005 कंपनियों के शेयर कारोबार के लिए रखे गए, जिनमें से 1842 में लिवाली जबकि 1074 में बिकवाली हुई, वहीं 89 में टिकाव रहा। बीएसई के आठ समूहों में लिवाली हुई, वहीं अन्य में तेजी का रुख रहा। इससे ऊर्जा 0.37, एफएमसीजी 0.07, आईटी 1.23, दूरसंचार 0.24, कैपिटल गुड्स 0.16, तेल एवं गैस 0.32, टेक 1.07 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.33 प्रतिशत लुढ़क गए। वही हेल्थकेयर 0.58, यूटिलिटीज 0.42, ऑटो 0.41 और रियल्टी समूह के शेयरों में 2.22 प्रतिशत की तेजी रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 24 अंक बढ़कर 82,354.92 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 82,424.10 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 81,964.57 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### अब दिल्ली मेट्रो की टिकट उबर ऐप से होगी बुक

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा सेवा प्रदाता कंपनी उबर के ऐप से अब दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) की टिकटें बुक की जा सकेंगी। इसके लिए उबर ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के साथ करार किया है। यह सुविधा यात्रियों को क्यूआर कोड और एपीआई-सक्षम भुगतान के माध्यम से टिकट बुक करने में सक्षम बनाएगी, जिससे उन्हें मेट्रो सफर के लिए अलग ऐप या लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा। उबर के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर प्रवीण नेपल्ली नागा ने कहा कि भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में गहराई से शामिल होना हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से सोमवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेंत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 53 रिंगिट की तेजी के साथ 3892 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.30 सेंट चढ़कर 49.24 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100- 7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# खाली नहीं, काम करने वाले बढ़ते हैं आगे: अखिलेश

**लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के संदर्भ में विवादित बयानों के फेर में फंसे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक पत्र लिखा है। कन्नौज सांसद ने लिखा है कि यह इस मामले में उनका अंतिम पत्र है, क्योंकि उन्हें जनहित के काम पर निकलना है। अखिलेश का यह पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिक्रिया के बाद आया है, जिसमें उन्होंने सपा चीफ और उनकी पार्टी को नसीहत दी थी कि भाषा का संयम बरकरार रखा जाए।सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि खाली बैठे लोग बात आगे बढ़ाते हैं, काम करने वाले आगे बढ़ जाते हैं। चलो हम सब पीडीए मिलकर सकारात्मक राजनीति के मार्ग पर आगे बढ़कर संकल्प उठाएं कि अपनी पीडीए सरकार बनाएंगे, सामाजिक न्याय का राज लाएंगे। उन्होंने लिखा कि जो लोग अपने दलों में पूछे नहीं जाते हैं, अपने मंत्रालय को नाकामी का तमगा पहनाते हैं, निरर्थक बातों में, चाटुकारिता में अपना दिन और समय बिताते हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत कोई...** सजा को सात साल कर दिया और कहा कि सजा पूरी होने के बाद उसे देश छोड़ना होगा और निर्वासन से पहले शरणार्थी कैंप में रहना होगा। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह वीजा लेकर भारत आया है। श्रीलंका में उसकी जान को खतरा है। उसकी पत्नी और बच्चे भारत में बसे हैं, और वह तीन साल से हिरासत में है, लेकिन निर्वासन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। याचिकाकर्ता ने बताया कि वह 2009 में श्रीलंकाई युद्ध में लिट्टे के सदस्य के रूप में लड़ा था, इसलिए श्रीलंका में उसे ब्लैक-गजटेड (वांटेड) घोषित किया गया है। अगर उसे वापस भेजा गया, तो उसे गिरफ्तारी और यातना का सामना करना पड़ सकता है। उसने यह भी कहा कि उसकी पत्नी कई बीमारियों से पीड़ित है और उसका बेटा जन्मजात हृदय रोग से जूझ रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने रोहिंग्या शरणार्थियों के डिपोर्टेशन में भी हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया था।

# नए वक्फ कानून के समर्थन में उतरे मुस्लिम बुद्धिजीवी

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों, दरगाहों के लिए दान की गई अचल संपत्तियां जैसी वक्फ की संपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यवस्थित समाधान पेश किया: शीराज

मुस्लिम बुद्धिजीवियों के संगठन 'भारत फर्स्ट' ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को पारदर्शिता, जवाबदेही तथा जनहित की दिशा में बेहद सामयिक एवं जरूरी कदम बताते हुए सोमवार को कहा कि इस कानून ने लंबे समय से दुर्व्यवस्था, मुकदमों और अनियमितताओं से जूझ रही भारत की मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों, दरगाहों और सामाजिक कल्याण के लिए दान की गई अचल संपत्तियां जैसी वक्फ की संपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यवस्थित समाधान पेश किया है।

भारत फर्स्ट संगठन के राष्ट्रीय संयोजक शीराज़ क़ुरैशी ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कौम का रहनुमा बनने के फेर में कुछ मुस्लिम नेता इस विधेयक पर मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं कि सरकार वक्फ की जमीन हड़पना चाहती है, जबकि धारा 91-ख में साफ़ प्रावधान है कि किसी वक्फ संपत्ति का अधिग्रहण तभी हो सकता है, जब बोर्ड की मंज़ूरी हो और पूरी कीमत बाजार के दर से वक्फ विकास कोष में जमा हो। मालिकाना हक राज्य को हस्तांतरित नहीं होता। क़ुरैशी ने इस कानून से धार्मिक स्वतंत्रता पर चोट पहुंचने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह संशोधन ऑडिट, डिजिटलीकरण एवं सीईओ की योग्यता जैसी प्रशासनिक पारदर्शिता से जुड़ा है और नमाज़, इमामत एवं मजहबी रस्मों में कोई दखल नहीं देता। उच्चतम न्यायालय ने 15 मई 2025 की सुनवाई में इसी बिंदु को रेखांकित किया कि वह केवल अंतरिम राहत पर सुनवाई कर रहा है, कानून के निलंबन पर नहीं। इस विधेयक से मुस्लिम पहचान को खतरे के आरोपों को हास्यास्पद करार देते हुए उन्होंने कहा कि तुर्किए, मलेशिया और खाड़ी देशों के जन सेवा कोष (औकाफ) मॉडल में इसी तरह के ऑनलाइन रजिस्टर और सामा. जिक-कल्याण कोटे के प्रावधान हैं और जब वहां मुस्लिम पहचान को कोई खतरा नहीं हुआ, तो यहां कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि विधेयक पर भावनाएं भड़का कर कुछ लोग चुनावों में लाभ चाहते हैं। इस विरोध के पीछे कारण है कि बोर्ड-स्तर पर पेशेवर भर्ती से उन लोगों की पकड़ ढीली पड़ सकती है, जो वर्षों से बिना योग्यता के पदों पर हैं। इस कानून के बारे में जानकारी का अभाव है और अधिकांश लोग डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, कैग ऑडिट, 50 फीसदी सामाजिक व्यय जैसे इसके प्रावधानों को पढ़े बिना ही इसका विरोध कर रहे हैं। कान्फ्रेंस में अन्य वक्ताओं ने कहा कि नया वक्फ कानून पारदर्शिता और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देता है।

इस कान्फ्रेंस में सैयद राशिद अली, फ़ैज़ान रहीस क़ुरैशी, अधिवक्ता जावेद खान सैफ़, ताहिर खान, सैफ़ राणा, मोहम्मद साबरीन, अधिवक्ता सैफ़ क़ुरैशी, अकील खान, कैसर अंसारी, इक़बाल अहमद, मज़ाहिर खान, शालिनी अली, नज़ीर मीर, मौलाना कोकब मुज़तबा, फ़ैज़ अहमद फ़ैज़, इरफ़ान पीरज़ादा, मोहम्मद अफ़जाल, अबू बकर नकवी और अधिवक्ता दीवान सैफ़ुल्लाह भी मौजूद थे। इन लोगों ने कहा कि नई व्यवस्था से वक्फ की प्रशासनिक सरंचना सुदृढ़ होगी। बहु-धार्मिक प्रतिनिधित्व के लिए जोड़ी गई नई धारा 14-क के अनुसार प्रत्एक राज्य के लिए वक्फ बोर्ड में एक गैर-मुस्लिम कानूनी विशेषज्ञ तथा एक महिला सामा. जिक-कार्यकर्ता को नामित करना अनिवार्य है, ताकि सभी हितधारक वर्गों और लैंगिक दृष्टि से संतुलित निगरानी सुनिश्चित हो।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बिना रजिस्ट्रेशन के चलता मिला अस्पताल, टीम ने लगाई सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिले के आला अधिकारियों को मिली शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम हरकत में आई और जनकपुरी में अवैध रूप से अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। टीम ने छापा मारा तो सच्चाई सामने आ गई। इसके बाद सीलिंग की कार्रवाई की गई। जनकपुरी में बिना पंजीकरण संचालित किया जा रहा अस्पताल सील कर दिया गया। शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने छापा मारा तो एक दाई अस्पताल का संचालन करती मिली। ओपीडी को छोड़ भवन के बाकी कमरे सील कर दिए गए

शहर के जनकपुरी गली नंबर 10 में एक दाई की ओर से जच्चा-बच्चा केन्द्र का संचालन किया जा रहा था। सीएमओ को फोन पर बिना पंजीकरण अस्पताल संचालित करने की शिकायत मिली थी। डिप्टी सीएमओ डॉ. विक्रांत के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों की टीम ने छापा मारा। डॉ. विक्रांत ने बताया कि मौके पर निर्मला नाम की दाई अस्पताल संचालित करती पाई गई। पंजीकरण के कागज मांगे गए, लेकिन वह दिखा नहीं पाई। सीलिंग की कार्रवाई शुरू की तो विरोध हो गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस मौके पर बुलानी पडी। काफी इंतजार के बाद एक चिकित्सक मौके पर पहुंची, जिसने अस्पताल का पंजीकरण आयुष विभाग से होने की बात कही। बताया कि ओपीडी छोडकर अस्पताल के बाकी हिस्से को सील कर दिया गया।

## महिला रजबाहे में कूदी, बचाया

**मुजफ्फरनगर।** महिला आत्महत्या करने के इरादे से रजवाहे में कूद गई। पुलिस ने महिला को लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मुजफ्फरनगर के गांव अलमासपुर की रहने वाली मुनेश पत्नी विजय सोमवार को सिखेडा क्षेत्र के गांव भिक्की व बहादरपुर रजवाहे के पास पहुंची। महिला आत्महत्या करने को रजवाहे में कूद गई। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने लोगों की मदद से महिला को सुरक्षित बाहर निकालकर उनके परिजनों को सुपुर्द किया है।

# दो शिक्षकों का एआरपी बनने से इंकार

## 34 शिक्षकों में से 33 को काउंसलिंग में किया शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माइक्रो टीचिंग परीक्षा में एक शिक्षक नहीं पहुंच पाया जिसके चलते 34 शिक्षकों को ही इसमें शामिल किया गया।

दरअसल एआरपी (अकादमिक रिसोर्स पर्सन) की लिखित परीक्षा के परिणाम के बाद सीडीओ के समक्ष हुए साक्षात्कार के बाद भी एआरपी बनने के लिए चयनित शिक्षकों में संख्या घटती जा रही है। साक्षात्कार के लिए पहुंचे 34 शिक्षकों में 33 को ब्लाक आवंटन काउंसलिंग में शामिल किया गया, जिसमें से भी दो शिक्षकों ने एआरपी बनने से हाथ खडे कर दिए हैं। अब सिर्फ जनपद में 31 शिक्षकों को ही एआरपी बनाकर ब्लॉक का आवंटन होगा। एआरपी (अकादमिक रिसोर्स पर्सन) की परीक्षा ओएमआर सीट के माध्यम से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्राचार्य संजय रस्तोगी के नेतृत्व में हुई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 82 शिक्षकों ने आवेदन किया था, लेकिन 66 शिक्षक-शिक्षिकाओं का ही लिखित परीक्षा के लिए पंजीकरण था।

इसमें भी 18 शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल नहीं हुए। इसके बाद 48 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें भी 12 शिक्षक एआरपी की परीक्षा में फेल हुए थे और 36 शिक्षक पास हो गए हैं। इसके बाद पास शिक्षकों की माइक्रो टीचिंग हुई, जिसमें एक शिक्षक नहीं पहुंच। इसके बाद तीसरी प्रक्रिया में सीडीओ कार्यालय में 35 शिक्षकों का साक्षात्कार होना था, जिसके लिए 34 शिक्षक ही शामिल हुए, जिसमें 33 शिक्षकों को ब्लाक आवंटन प्रक्रिया में शामिल किया गया। ब्लाक लेने में भी दो शिक्षक पीछे हट गए, ऐसे में सिर्फ 31 शिक्षक ही एआरपी पद के लिए दावेदारी कर रहे हैं, जिन्हें ब्लाक का आवंटन सीडीओ की संतुति के बाद होगा। इस संबंध में बीएसए संदीप कुमा ने बताया कि ब्लाक आवंटन के लिए शिक्षकों की काउंसलिंग हो गई है। जल्द ही शिक्षकों को ब्लॉक अनुसार एआरपी की जिममेदारी सौंपी जाएगी।

# लाल दयाल स्कूल में संस्थापक पर हमला, फीस विवाद बना कारण

**राजबीर सिंह टीटू की तहरीर पर पुलिस ने प्रधानाचार्या को बुलाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** लाल दयाल पब्लिक स्कूल में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई जब स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह टीटू पर सात अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना के समय राजवीर सिंह स्कूल परिसर में पूजा के लिए पहुंचे थे। हमलावरों ने स्कूल में घुसकर न केवल मारपीट की, बल्कि कई ऑफिस में तोड़फोड़ भी की, जिससे स्कूल स्टाफ और बच्चों में दहशत फैल गई। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए संस्थापक को खतौली सीएचसी पर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सकों ने उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया।

कस्बे की दयाल पुरम कॉलोनी में स्तिथ लाल दयाल पब्लिक स्कूल में फीस और दो शिक्षकों महिला और पुरूष पर लापरवाही के चलते स्कूल हटाने के आदेश दिए थे। इसी विवाद के चलते स्कूल संस्थापन पर अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट और तोड़ फोड़ की। बता दे कि सोमवार को स्कूल संस्थापक राजवीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू अपने स्कूल की छोटी बिल्डिंग में पूजा करने गए थे उसी समय राजवीर पर स्कूल में पहुँचे आधादर्जन लोगों ने उसके साथ गाली गलौच करते हुय मारपीट करते हुय जानलेवा हमला कर दिया और स्कूल में जमकर तोड़ फोड़ की। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल घायल राजवीर सिंह को खतौली सीएचसी पर भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने उसे उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। सूत्रों के अनुसार पूरी घटना स्कूल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो चुकी है, जिसमें सात हमलावर कैद हुए है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह हमला स्कूल में लंबे समय से चल रहे फीस विवाद का नतीजा हो सकता है। संस्थापक राजवीर सिंह ने कुछ दिन पहले स्कूल की प्रधानाचार्य ममता दत्त शर्मा पर फीस के लाखों रुपये के गबन का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी थी साथ ही स्कूल चेयरमैन द्वारा स्कूल के दो शिक्षकों को हटा दिया गया था। इसी को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी चल रही थी।

वहीं, इस मामले में स्कूल की एक शिक्षिका ने भी संस्थापक राजवीर सिंह पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। शिक्षिका ने बताया कि वह अपनी एक माह की सैलरी मांगने गई थी, जिस पर राजवीर सिंह ने उनके साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। इस मामले में शिक्षिका द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई है।

फिलहाल पुलिस दोनों मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और हमलावरों की पहचान की कोशिश जारी है। घटना के बाद स्कूल प्रशासन और स्थानीय लोगों में रोष है, वहीं बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता बढ गई है। वही स्कूल फीस घोटाले के मामले में पुलिस को राजवीर सिंह द्वारा दी गई तहरीर के बाद इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार शर्मा ने मामले की जानकारी लेने के लिए स्कूल प्रधानाचार्य ममता दत्त शर्मा को कोतवाली में बुलाकर पूछताछ की गई थी। समचार लिखे जाने तक घायल राजवीर सिंह की और से पुलिस को तहरीर नही दी गई थी।

### संस्थापक पर हमले के बाद जिला अस्पताल पहुँचे सांसद हरेंद्र मलिक, राजवीर सिंह का जाना हालचाल

**खतौली।** लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह पर हुए जानलेवा हमले की सूचना के बाद इलाके में हडकंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही सांसद हरेंद्र मलिक जिला अस्पताल पहुँचे और घायल राजवीर सिंह का हालचाल जाना। सांसद ने चिकित्सकों से बातचीत कर उपचार की स्थिति की जानकारी ली और राजवीर सिंह के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने घटना की कडी निंदा करते हुए प्रशासन से जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की उन्होंने पीडित परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया।

### स्कूल प्रशासन में तकरार, बच्चों का भविष्य अधर में अभिभावकों को चिंता

**खतौली।** कस्बे के लाल दयाल पब्लिक स्कूल में इन दिनों फीस को लेकर स्कूल मालिक राजवीर सिंह और प्रधानाचार्य ममता दत्त शर्मा के बीच चल रही खींचतान ने तूल पकड लिया है। विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम का खामियाजा स्कूल में पढने वाले सैकडों मासूम बच्चों को भुगतना पड सकता है। सूत्रों के मुताबिक, पिछले कई महीनों से स्कूल फीस के वितरण को लेकर प्रबंधन में मतभेद चल रहे थे। अब यह विवाद खुलकर सामने आ गया है, जिसके चलते स्कूल का संचालन प्रभावित हो रहा है।

बच्चों की पढ़ाई में हो रहे व्यवधान को लेकर अभिभावकों में आक्रोश है। एक अभिभावक ने नाराजगी जताते हुए कहा, 'हम बच्चों की पढ़ाई के लिए मोटी फीस भरते हैं, लेकिन स्कूल के अंदर चल रही लडाई का असर हमारे बच्चों पर क्यों? अगर जल्द ही विवाद का समाधान नहीं हुआ तो परीक्षा और शैक्षणिक सत्र पर भी असर पड सकता है। अभिभावक चाहते हैं कि स्कूल प्रशासन अपने मतभेद भुलाकर बच्चों के भविष्य को प्राथमिकता दे।

# शिकायतों में उलझाकर विकास अवरूद्ध करा रहे सभासद

## ईओ ने चेयरपर्सन को पत्र लिखकर किया पालिका की छवि धूमिल करने वालों का चेहरा उजागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सभासदों द्वारा शिकायतों के मकड़ जाल में उलझी ईओ डॉक्टर प्रज्ञा सिंह ने भी अब चेयरपर्सन के नाम पत्र लिखकर अपने इरादों से साफ जाहिर कर दिया है कि वह किसी भी दबाव व मानसिक तनाव के आगे अधिकारों से समझौता नहीं करेगी।

उन्होंने चेयरपर्सन के नाम लिखे पत्र की प्रति जिलाधिकारी को भी भेजी है। ईओ ने पत्र में कहा कि सभासदों की ओर से उन्हें शिकायतों में उलझाकर शहर का विकास अवरुद्ध कराया जा रहा है। चेयरपर्सन को लिखे पत्र में उन्होने कहा कि पालिका में प्रत्येक कार्य पर उनकी सहमति ली गई। बावजूद उनकी ओर से मिथ्या शिकायतों पर रोक नहीं लगाई गई। उन्होंने पालिका में चल रहे तनावपूर्ण माहौल का हवाला देते हुए कहा कि कुछ सभासद स्वयं को चेयरपर्सन का सबसे खास बताते हैं उन्ही की ओर से मिथ्या शिकायत की जा रही है। उक्त शिकायतों पर गठित समिति जांच कर रही है। ईओ ने कहा कि कथित शिकायतों के कारण पालिका की छवि भी धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि चेयरपर्सन की अनुमति एवं सहमति के बिना कोई कार्य या निर्णय नहीं लिया गया है।

### अकेले मेरे ही विरुद्ध नहीं शिकायत

ईओ ने अपने पत्र में कहा कि यह भ्रम न रखा जाए कि शिकायत केवल ईओ के विरुद्ध हैं। उन्होने नगर पालिका से संबंधित कामों का हवाला देते हुए कहा कि ई-निविदा, मार्ग प्रकाश विभाग की लाइट, एसएस कंस्ट्रक्शन को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई चेयरपर्सन की स्वीकृति के बाद ही की गई। मिथ्या शिकायतों के कारण पालिका में तनावपूर्ण स्थिति बनी है। उन्होंने चेयरपर्सन से इन शिकायतों पर रोक लगवाने का आग्रह भी किया है।

### शिकायतों के जवाब देने में ही जा रहा समय, रुक रहा विकास

ईओ ने चेयरपर्सन को लिखे पत्र में यह भी कहा कि शिकायतों पर आख्या बनाने और कमेटी के समक्ष निरंतर उपस्थित होकर पक्ष रखने में उनकी ओर से जो भागदौड़ हो रही है। इससे पालिका के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। समय से सड़क, नालों का निर्माण और चौराहों का सुंदरीकरण नहीं हो रहा। प्रकाश व्यवस्था में सुधार पर भी कोई काम नहीं हो रहा है। ईओ के इस पत्र से विरोधी सभासदों में भी हलचल है।

# छात्रों के बीच हुई फायरिंग से दहला रेशू चौक

**एक छात्र ने सत्यप्रकाश रेशू के प्रांगण में घुसकर ली शरण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रेशू चौक पर आज युवाओं की दो गुटो में जमकर मारपीट हुई। दो राउण्ड गोली चली। एक छात्र ने जान बचाकर सत्यप्रकाश रेशू के प्रांगण में शरण ली। जिसकी सूचना सत्यप्रकाश रेशू ने 112 पर देने की साथ-साथ डीएम व एसएसपी को भी दी। जिस पर भारी पुलिस बल तत्काल पहुंचा। जान बचाने वाले को पुलिस साथ ले गई। दो युवा गुटो में किसी बात को लेकर अचानक जबरदस्त मारपीट हुई। एक युवक ने दो राउण्ड गोली चलाई। युवको के बीच झगड़ा इतना तेज हुआ कि पूरा रेशू चौक खाली हो गया। एक लाल रंग के टी शर्ट पहने युवक ने दो राउण्ड गोली चलाई।

जिसकी जानकारी सीसीटीवी कैमरे से प्राप्त हुई। भारी पुलिस बल के रेशू चौक पर पहुंचने से पूर्व ही दोनो गुट भाग गए। अपनी जान बचाने के लिए रेशू प्रांगण में छुपे छात्र को भारी पुलिस बल ने अपनी कस्टीडी में ले लिया। जिससे पुलिस ने झगड़ा करने वालो की पूरी जानकारी लेकर दबिस चालू कर दी है। रेशू प्रांगण में छिपे छात्र ने मीडिया कर्मीयो के वीडियो बनाने पर पुलिस के सामने ही झगड़ा करना शुरू कर दिया। जिस पर पुलिस ने अपना पुलिसिया रंग दिखाया।

## चैकिंग में 40 ई-रिक्शा पकड़ी



**मुजफ्फरनगर।** ट्रैफिक पुलिस ने ई रिक्शाओं को लेकर शहर के विभिन्न चौराहों पर चौकिंग अभियान चलाया। ट्रैफिक पुलिस ने 40 से अधिक ई रिक्शाओं को पकडा है। जो अवैध तरीके से सडकों पर दौड रही थी। शहर में लगातार दौड रही ई रिक्शाओं के कारण चारों तरफ जाम की स्थिति बनी रहती है। भीषण गर्मी में जाम में फंसकर लोग बिलबिला उठते है। शहर के मुख्य चौराहे दिनभर जाम की चपेट में रहते है। सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने ई रिक्शाओं को लेकर शहर के मुख्य चौराहों पर चौकिंग अभियान चलाया। ट्रैफिक पुलिस ने विभिन्न चौराहों पर चैकिंग के दौरान अवैध तरीके से दौड रही।

# ईओ दफ्तर में धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता

## एकता विहार का गेट नहीं हटाये जाने पर हंगामा, कार्यवाहक ओएस ने लिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एकता विहार में बनाए गए गेट को कॉलोनी वासियों की शिकायत के बाद भी नहीं हटवाए जाने पर यहां के लोगों ने भारतीय किसान यूनियन तोमर के कार्यकर्ताओं के साथ अधिशासी अधिकारी कार्यालय में धरना शुरू कर दिया। जिसे लेकर यहां घंटों तक हंगामा और नारेबाजी चलती रही। सोमवार को सहारनपुर में नगर विकास विभाग के विशेष सचिव महेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा मंडल के सभी निकायों के ईओ की मीटिंग बुलाई गई थी, इसमें शामिल होने के लिए ईओ डॉ प्रज्ञा सिंह सवेरे ही सहारनपुर के लिए निकल गई थी।

सोमवार को भाकियू तोमर के युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चौधरी के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता के साथ ही एकता विहार के लोग टाउनहाल पहुंचे और मौहल्ले में बनाये गये अवैध गेट को ध्वस्त नहीं करने पर रोष जताया। ये लोग ईओ कार्यालय पर पहुंचे और वहां पर गेट बंद मिलने पर कर्मचारियों के समक्ष ही कार्यालय का दरवाजा खोला और अंदर घुसकर धरना शुरू कर दिया। नीचे फर्श पर बैठे कार्यकर्ताओं ने पालिका प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी की। यहां भाकियू कार्यकर्ताओं ने कहा कि गेट के कारण कालौनी में आवागमन के लिए भारी परेशानी हो रही है। यह गेट पूरी तरह अवैध है और इसको पालिका प्रशासन सभासद को संरक्षण देते हुए नहीं हटवा रहा है। कालोनी में चार स्कूल हैं और इसके साथ ही यहां पर आम लोगों को भी अपने वाहनों से आवागमन में परेशानी हो रही है, क्योंकि गेट बन जाने से 25 फीट चौड़ी सड़क का प्रवेश ही संकरा हो गया है।

उन्होंने बताया कि इस अवैध गेट को हटाने के लिए 10 फरवरी में सहायक अभियन्ता निर्माण नगर पालिका अखंड प्रताप के द्वारा सभासद को नोटिस जारी करते हुए हटाने के लिए कहा था, लेकिन न तो सभासद ने गेट हटवाया और न ही पालिका ने कार्यवाही की। भाकियू तोमर के पदाधिकारी लगातार ईओ को बुलाने की मांग करते रहे इसी बीच पुलिस कर्मी और एलआईयू टीम भी यहां पहुंच गई। दोपहर तक ईओ कार्यालय में धरना चलता रहा, यहां प्रदर्शनकारियों ने भोजन भी किया और दो बजे पालिका प्रशासन जगाओ यात्रा निकालने का ऐलान कर दिया। इसके बाद ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के आदेश पर कार्यवाहक कर अधीक्षक पारूल यादव ने ईओ कार्यालय जाकर प्रदर्शनकारियों से वार्ता की और उनका ज्ञापन लेकर आश्वासन दिया कि जल्द ही पालिका स्तर से कार्यवाही की जायेगी।



मुजफ्फरनगर: नगर पालिका ईओ कार्यालय में धरने पर बैठे भाकियू तोमर कार्यकर्ता।

# ज्वॉइंट कमिश्नर से मिले व्यापारियों की दो टूक

**छोटे व मध्यम व्यापारियों पर जीएसटी के उत्पीड़न का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लगातार छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों के खिलाफॉ की जा रही छापामार कार्यवाही को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी जाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित से मुलाकात कर रोष जताते हुए स्पष्ट कर दिया है कि यदि छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं रोका गया तो संगठन आंदोलन करने को विवश होगा।

सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग



व्यापार संगठन के संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल, अध्यक्ष संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति संजय मिश्रा, प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह, जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी, संयोजक सुखबीर सिंह, जिला युवा अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, जिला युवा महामंत्री भूपेंद्र गोयल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि विभागीय दल के अधिकारी छोटे व्यापारियों को ही निशाना बनाकर उनका मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि मध्यम एवं छोटे व्यापारियों ढाबे वाले, समोसे वाले को निशाना बनाते हुए उत्पीड़न भरी कार्यवाही लगातार की जा रही है। छोटा व्यवसाय करने वाले ज्यादातर यह दुकानदार ज्यादा पढ़े-लिखे भी नहीं होते हैं। इसके सापेक्ष व्यापारियों द्वारा रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह विभाग को प्रेषित किया जा रहा है, छोटे व्यापारियों पर उत्पीड़न की कार्यवाही की जाएगी तो सड़कों पर उतरकर इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

## एसपी क्राइम को दी गई विदाई

**मुजफ्फरनगर।** एसपी क्राइम प्रशांत कुमार प्रसाद को डीएम, एसएसपी समेत अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने भावभीना विदाई दी। उनका सिद्धार्थनगर स्थानान्तरण हुआ है। विदाई समारोह में डीएम उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने उनके कार्यो की सराहना करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में डीएम व एसएसपी ने एसपी क्राइम प्रशांत कुमार प्रसाद को फूल माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके सराहनीय कार्यों को याद किया। इस दौरान सीडीओ कमल किशोर देशभूषण कंडारकर, एसपी देहात आदित्य बंसल, सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, सीओ सिची राजू कुमार, सीओ सदर देववृत वाजपेई, सीओ खतौली रामआशीष यादव, सीओ जानसठ यतेंद्र नागर, सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह, सीओ फुगाना ऋषिका सिंह, सीओ सन्त प्रसाद उपाध्याय रहे।

## उफ्फ ये गर्मी.................



मुजफ्फरनगर: लगातार बढ़ रहे तापमान ने जनजीवन पूरी तरह किया प्रभावित।

# आयुर्वेद पर नेशनल सेमिनार का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, 10 रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर द्वारा संस्थान के सभागार में National Seminar on Pain Management Through Ayurveda (सुखाय) का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डा. अतुल वार्ष्णेए, Member Board of Ayurveda NCISM Govt of India सम्मिलित हुए एवं आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व एवं देश-विदेश में आयुर्वेद चिकित्सा की उपयोगिता के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। सुखाय सेमिनार में Guest Speaker के रूप में अपना व्याख्यान देने के लिए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ-डा. धनंजय कुमार वास्तव, डा. सुभाष शर्मा, डा. स्वाति शर्मा, डा. प्रभाष



घेरालर एवं डा. प्रशांत शिंदे द्वारा आयुर्वेद नेशनल सेमिनार में अपना व्याख्यान दिया गया।

आयुर्वेद नेशनल सेमिनार के अवसर पर संस्थान में विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. सुनील तैवतिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर ने भी आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व के बारे में अवगत कराया।

सेमिनार में संस्थान के उपाध्यक्ष डा. रविश आलम खान, प्रबंधक डा. मो. अकरम, एवं प्राचार्य डा. राहुल दलवी ने भी कॉलेज में अध्ययनरत सभी छात्रों को एक अच्छा चिकित्सक बनने के राह में प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक बातें छात्रों के साथ साझा की। संस्थान के शिक्षक डा. सुरेन्द्र शर्मा, डा. जावेद अख्तर, डा. शिव कुमार, डा. विजय शाह, डा. अश्वनी, डा. अजय, डा. अंजना, डा. सुभंगी, डा. कुणाल शैलेन्द्र, डा. रीतू, डा. मयूर, डा. प्रीति, डा. हेमन्त शर्मा, डा. विशाल आदि सभी शिक्षकगण, चिकित्सकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड
एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल
एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए
पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# राकेश टिकैत पर अभद्र टिप्पणी पर भड़के भाकियू नेता

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओ ने खतौली थाने में प्रदर्शन कर अंतरराष्ट्रीय किसान नेता भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के विरुद्ध एक किसान संगठन के अध्यक्ष बताने वाले अमित नामक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर राकेश टिकैत पर अभद्र टिप्पणी करने पर कार्यवाही की मांग की। भाकियू कार्यकर्ताओ ने कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा को ज्ञापन देते हुय उक्त अमित को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की चेतावनी दी की अगर टिकैत पर अभद्र टिप्पणी करने वाले को जल्द गिरफ्तार नही



किया गया तो भाकियू उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर कपिल सोम एनसीआर उत्तर प्रदेश प्रभारी,अशोक घटायन मुरादाबाद मंडल प्रभारी,दीपांकर चौहान ब्लाक अध्यक्ष, ललित त्यागी तहसील अध्यक्ष, जुल्फिकार छोटा, विदेश मोतला,चौधरी यश राठी, रंधोल राठी,प्रवेन्द्र ढाका,अंकुश प्रधान, मुजम्मिल राणा,क"यूम अंसारी,गुड्डू ,राजवीर सिंह गुर्जर, विकास मलिक,आदि मौजूद रहे संचालन भाकियू नेता सचिन चौधरी ने किया।

# दहेज लोभियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**खतौली।** उजमा पुत्री मौ आबिद निवासी मौहल्ला इस्लामनगर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की उसका निकाह लगभग ढाई वर्ष पहले रिजवान पुत्र नौशाद निवासी ग्राम तिसंग, तहसील जानसठ के साथ मुस्लिम रिति रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ था जिसके बाद पीड़ित के एक पुत्र हमजा पैदा हुआ। पीड़ित के पिता ने उसकी शादी में अपनी हैसियत से ज्यादा अपनी पुत्री को दान-दहेज दिया था। मगर शादी के कुछ समय के बाद से पीड़ित का पति रिजवान व ससुर नौशाद व सास, ननद, जेठ, जेठानी व उनके चाचा के लड़के पीड़ित उजमा से दहेज की मांग करते थे कहते थे कि अपने घर जा और अपने पिता से एक बुलेट मोटर साईकिल व 2,00,000/- दो लाख रुपए लेकर आ नही तो तुझे हम यहां घर में नहीं रहने देगें आरोप है अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसके ससुराल वाले रोजाना उसे परेशान व तंग करते रहते थे आरोप है पीड़िता का ससुर व जेठ उस पर बुरी नियत रखते थे जब पीड़िता उजमा ने कहा कि मेरे पिता के पास इतने पैसे नहीं है जो तुम्हे ओर दहेज दे दे तो उक्त सभी लोगो ने पीड़ित विवाहिता के साथ गाली गलौच करते हुये मारपीट शुरू कर दी और उसके बाल पकडकर बाल काट दिये तथा रात्रि में ही पति रिजवान पत्नी उजमा को उसके मायके मौहल्ला इस्लामनगर में घर के बाहर छोडकर चला गया था। अब ससुराल पक्ष सभी लोग विवाहिता उजमा को मोबाईल नम्बर बदल-बदल कर फोन कर रहे है तथा धमकी दे रहे है कि अगर तुने हमारे खिलाफ कोई भी कानूनी कार्यवाही करनी चाही तो तुझे व तेरे परिवार वालो को हम देख लेंगे।

## बाबा गुलाम मोहम्मद के नाम पर गेट बनवाने की मांग

**बुढ़ाना।** देश के सभी किसानों के संघर्षों की आवाज रहे मरहूम बाबा गुलाम मोहम्मद जौला के सम्मान में जौला गांव में उनके नाम पर गेट निर्माण की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। सोमवार के दिन ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव जौला में जौला यूथ क्लब के राष्ट्रीय महासचिव जीशान अहमद ने बताया कि उन्होंने दो दिन पहले ही सांसद हरेंद्र मलिक को लिखित रुप से भी अवगत कराया था कि किसान नेता बाबा गुलाम मोहम्मद के योगदान को चिरस्थायी बनाने के लिए जौला गांव में एक स्मृति गेट का निर्माण कराया जाए। बाबा गुलाम मोहम्मद का जीवन किसानों और मजदूरों के हितों की लड़ाई में बीता। यहां ठाकुर ठाठ सिंह, रिज्जु पुंडीर, राशिद राणा, साहिल राणा, अबुबकर सिद्दीकी व शाबान ठाकुर मौजूद थे।

# बंदी दिवस में बेखौफ होकर खोली गई दुकानें

**बुढ़ाना।** प्रत्येक सप्ताह सोमवार के दिन कस्बे में साप्ताहिक बंदी का पालन नहीं हो रहा है। कोई भी एक दुकानदार दुकान खोल लेता है तो फिर उसकी देखा देखी में अन्य दुकानदार भी दुकान खोलकर डीएम के निर्देश का माखौल उड़ाते हैं और प्रशासन को इसका कोई भी अहसास नहीं होता है। जिसके चलते यहां पर साप्ताहिक बंदी पूरी तरह दम तोड रही है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के कुछेक कपड़ा व्यवसायी व अन्य दुकानदार शासन की साप्ताहिक बंदी को नहीं मानते हुए अनवरत ही भाँति अपनी दुकान खोले हुए हैं जो शासन के नियम विरुद्ध है। इसके बावजूद श्रम-विभाग मौन है। इस चुप्पी की क्या वजह है यह श्रम-विभाग ही जाने। श्रम विभाग मौन तोड़ते हुए शासनादेश के अनुसार सप्ताह में बंदी को कड़ाई से लागू करवाते हुए दुकानों को सोमवार के दिन पूर्ण रूप से बंद करायें क्योंकि इनके लापरवाही के कारण जो मजदूर दुकानों में काम करते हैं उन मजदूरों को छुट्टी दुकान खुली होने के कारण खत्म हो जाती है और उन्हें मजबूरी में दुकान पर आना पड़ता है। जो सरासर मजदूरों का शोषण है। जो मजदूर जहां रहता है उसका श्रम-विभाग में दुकानदार के नाम से मजदूरों का पंजीयन होना चाहिए जो नियम संगत हैं तभी तो दुकानदार उनका पीएफ डालेगा लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। किसी दुकानदार के पास इसका मूल कारण श्रम विभाग की लापरवाही है। सूत्रों से ज्ञात होता है कि कुछ दुकानदारों से श्रम विभाग की सेटिंग हैं इसी कारण श्रम विभाग मौन है। श्रम विभाग नैतिकता का परिचय देते हुए नियमानुसार सभी दुकानें जो बंदी की श्रेणी में आती हैं उन्हें सोमवार को बंद कराये तभी नियम का पालन होगा।

# दंगे में बलवाइयों से निपटने को कराया मॉर्क ड्रिल

**मुजफ्फरनगर।** आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने खालापार में एंटी रायट माक ड्रिल की। इससे पहले एसपी सिटी ने पुलिसकर्मियों को बताया कि दंगे के दौरान बलवाइयों से कैसे निपटना है और किन हथियारों का इस्तेमाल करना है।

जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी लगातार अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गश्त कर जिम्मेदार लोगों से संवाद कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रही है। साथ ही अधिकारी भी पुलिसकर्मियों को लगातार एंटी रायट माक ड्रिल का अभ्यास करा रहे है। इसी कडी में सोमवार को एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत खालापार थाने पहुंचे और पुलिसकर्मियों को एंटी रायट माक ड्रिल कराई। ड्रिल शुरू होने से पहले एसपी सिटी ने पुलिसकर्मियों को ब्रीफ़ॉ करते हुए सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने, भीडभाड वाले स्थानों व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में लगातार गश्त करने के निर्देश दिए। साथ ही असामाजिक तत्वों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने निर्देश दिए है कि क्षेत्र में लगातार संदिग्ध लोगों की तलाश में चेकिंग अभियान चलाए। इसके बाद पुलिसकर्मियों की माक ड्रिल कराई गई, जिसमें बताया कि दंग के दौरान भीड से किस तरह निपटना है और इस दौरान सबसे पहले रबर बुलट का इस्तेमाल किया जाता है। भीड को देखते हुए आंसू गैस के गोले का इस्तेमाल भी परिस्थितियों को देखकर किया जाता है। इस दौरान खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान के अलावा चौकी प्रभारी भी मौजूद रहे।

# शिक्षा मनुष्य को पशुता से उठाकर मानवता की ओर ले जाती है : हक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** अल हुमैरा लिल. बनात विश्वविद्यालय कर्बला रोड बुढ़ाना के संस्थापक अल हज्ज मौलाना रिज़्वान उल हक ने कहा है कि शिक्षा मनुष्य को पशुता से उठाकर मानवता की ओर ले जाती है।

उन्होंने कहा कि माँ भावी पीढ़ी की प्रथम शिक्षिका हैं। माँ की गोद बच्चे की पहली पाठशाला है। वह घर के वातावरण को धार्मिक मूल्यों के अनुरूप ढाल सकती है। वह अपने पति और परिवार का मार्गदर्शन करने में सकारात्मक भूमिका निभा सकती है।

शिक्षा किसी भी व्यक्ति के जीवन में वह दीपक है जो अंधकार को प्रकाश में बदल देती है। इस्लाम ने भी शिक्षा के महत्व पर उतना ही जोर दिया है जितना किसी अन्य धर्म या प्रणाली ने। कुरान का सबसे पहला अवतरण इकरा से शुरू हुआ। शिक्षा पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है।

विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा का मुद्दा न केवल सामाजिक बल्कि धार्मिक और नैतिक विकास से भी जुड़ा हुआ है। यदि उसके पास केवल सांसारिक ज्ञान है किन्तु नमाज़ए रोज़ाए नैतिकताए शुद्धता और अन्य सांसारिक आज्ञाएँ पूर्ण नहीं हैं तो वह मुस्लिम परिवार के लिए विश्वसनीय नेता नहीं हो सकती।

आज के युग में जहां सांसारिक प्रगति लौकिक शिक्षा के बिना संभव नहीं है वहीं आध्यात्मिक प्रगति और नैतिक उत्थान धार्मिक शिक्षा के बिना संभव नहीं है। लड़कियों के लिए दोनों शिक्षाओं का संयोजन ही उनके संपूर्ण व्यक्तित्व को आकार दे सकता है।

शैक्षिक संस्थाओं को धार्मिक विषयों को पाठ्‍क्रम का हिस्सा बनाना चाहिए। लड़कियों के लिए धार्मिक शिक्षा के महत्व को सामाजिक स्तर पर उजागर किया जाना चाहिए। महिलाओं के लिए विशेष रूप से धार्मिक केंद्र स्थापित किये जाने चाहिए। फिर भी एक लड़की की शिक्षा का मतलब सिर्फ उसके व्यक्तित्व का निर्माण करना नहीं है बल्कि पूरे परिवार और समाज को शिक्षित करना भी है। धर्मनिरपेक्ष शिक्षा उसे समय की मांग के अनुरूप बनाती है और धार्मिक शिक्षा उसकी आत्मा को प्रज्वलित करती है। इन दोनों को साथ लेकर चलने से एक गरिमापूर्ण और सदाचारी जीवन का निर्माण किया जा सकता है जो इस लोक और परलोक में सफल होग

## खोके में चोरी से छिना रोजगार का साधन

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के नया गां निवासी नरेंद्र गिरी, जो प्रकाश गिरी के पुत्र हैं, मॉडर्न पेट्रोल पंप के पास एक छोटा सा खोखा लगाकर चाय,बीड़ी सिगरेट और अन्य रोज़मर्रा के सामान भी बेचते हैं। अज्ञात चोरों ने उनके खोखे के ऊपर को चढ़कर हजारों रुपये की नकदी और सामान चोरी कर लिया। खास बात यह है कि तीन दिन पहले भी नरेंद्र गिरी के साथ इसी तरह की चोरी की वारदात हो चुकी है। लगातार हो रही इन घटनाओं से नरेंद्र गिरी और उनके परिवार में डर का माहौल है। नरेंद्र गिरी ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इन चोरों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए, ताकि आम मेहनतकश लोग सुरक्षित महसूस कर सकें।

### आवश्यक सूचना

समस्त चार्टर्ड आउंटेंटस (CA) को सूचित किया जाता है कि श्रीराम एजुकेशनल एंड चैरिटेबिल ट्रस्ट एक पब्लिक ट्रस्ट है। इस ट्रस्ट या माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, गांधी कालोनी, लिंक रोड, मुजफ्फरनगर का आडिट बिना बोर्ड बैठक में पारित प्रस्ताव एवं स्वीकृति के नहीं किया जा सकता और यदि कोई भी चार्टर्ड आउंटेंटस (CA) पारित प्रस्ताव/स्वीकृति के बिना इस ट्रस्ट/स्कूल का ऑडिट करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा तथा उसके विरुद्ध क़ानूनी कार्यवाही के लिए ट्रस्ट पूर्ण रूप से स्वतंत्र होगा।

**अभिनव स्वरूप ( सचिव )**
**मुख्य एवं आजीवन ट्रस्टी,**
**श्रीराम एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट मुजफ्फरनगर**

## 22 मई की पंचायत सफल बनाने को किया जनसंपर्क

**बुढ़ाना।** डीएम कार्यालय मुजफ्फरनगर पर आरडीएस बिजली विभाग में हुए भ्रष्टाचार और किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर बीती 15 मई से किसान मजदूर संगठन का अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। इस धरने को आगामी 22 मई को स्वाभिमान महापंचायत में बदल दिया जाएगा। इस महापंचायत को कामयाब बनाने को सोमवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की कुशवाहा चौबीसी के कई गांवों में संगठन के जिम्मेदार लोगों ने जनसंपर्क कर सभी से महापंचायत मे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने को कहा। जनसंपर्क गांव गढ़ी राजपुर, हरियाखेड़ा, दुर्गनपुर, बिराल, सैनपुर, कुरालसी और जौला गांव में किया गया।

# हकुआकाई कराटे में मैपल्स के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मैपल्स एकेडमी के छात्रों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 13वें साउथ एशिया हकुआकाई कराटे चौंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हमारे छात्रों ने 3 रजत पदक और 4 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने बच्चों और उनके कराटे के प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दी स विद्यालय के प्रबंधन समिति विपिन सिंघल एवं सोनम सिंघल ने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त



किया है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस उपलब्धि से न केवल छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि विद्यालय की प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। हमारे छात्रों की इस सफलता से स्पष्ट होता है कि विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता कितनी उच्च है। हमें अपने छात्रों पर गर्व है और हमें विश्वास है कि वे भविष्य में भी इसी तरह की उपलब्धियां हासिल करते रहेंगे।

# जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परिणाम की घोषणा

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेजेस में आज जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परिणाम की घोषणा व पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा-2025 में समस्त जनपद के लगभग सभी विद्यालयों से 8150 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया था। प्रतिभा खोज परीक्षा का परिणाम कृष्णा कालेज की वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से घोषित किया गया है। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य इंटरमीडिएट स्तर के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के सामान्य ज्ञान व तार्किक दक्षता को परखना था, जिससे उनको भविष्य के लिए सही मार्गदर्शन मिल सके। इस परीक्षा में छात्र-छात्राओं का अभूतपूर्व परिणाम देखने को मिला है। प्रतिभा खोज परिणाम की घोषणा व पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसडीएम बिजनौर श्रीराम आश्रेय एवं कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, साइंस कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ, फार्मेसी प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी एवं कृश्णा इंस्टीट्यूट फार्मेसी प्राचार्य डा. विवेक वर्मा, पॉलीटेक्निक प्राचार्य संजीव कुमार, शिक्षा विभागाध्यक्ष कृष्ण कुमार द्वारा ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। दीप प्रज्वलन के समय महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

## चोरों ने मंदिर से नगदी व इनवर्टर पर किया हाथ साफ

**मोरना।** थाना व गांव ककरौली निवासी रामदेव गिरी महाराज ने पुलिस को बताया कि वह किसान इंटर कॉलेज ककरौली के पीछे स्थित महादेव मंदिर में पुजारी है। पीड़ित ने बताया कि सोमवार को वह किसी काम से बाहर गया था। शाम करीब चार बजे वापस लौटा तो उसे मंदिर में बने कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। कमरे में जाकर देखा तो किसी अज्ञात व्यद्रि ने कमरे में रखा इन्वर्टर तथा बैग में रखे छः हजार रुपए चोरी कर लिए। पीड़ित ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी की। पीड़ित ने ककरौली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने बताया कि मंदिर में चोरी की घटना संज्ञान में आई है जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### संबंध विच्छेद

मेरा सबसे छोटा पुत्र मौ. आरिफ व उसकी पत्नि शाहीन मेरे कहने सुनने में नहीं हैं। मौ.आरिफ नशा करता है तथा मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली गलौच व मारपीट करता है। ये दोनों मुझे व परिवार के लोगो को बलात्कार या हत्या के झूठे मुकदमे में फंसवाकर जेल भेज भेजने की धमकी भी देते हैं इनकी हरकतों से परेशान होकर मैने दोनों से समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें हिस्सा देकर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इन दोनों के किसी भी कार्य और लेन देन के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी या परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**श्रीमति खातून पत्नि**
**स्व. शौकत अली**
**निवासी- ग्राम वलीपुरा,**
**थाना मीरापुर,**
**जनपद-मुजफ्फरनगर**

# तेज धूप में न निकलें घर से बाहर, हो सकता है नुकसान

**मुजफ्फरनगर।** हीट वेव से बचाव के लिये जिला प्रशासन की ओर से आम जनता को हिदायत दी गयी है कि वह तेज धूप मे घर से बाहर न निकलें। अत्यन्त आवश्यक कार्य हो, तभी तेज धूप में काला चश्मा, छाता, टोपी व सूती गीले कपडें का प्रयोग करें। जैसे-जैसे गमह्न बढ रही है, उसी तरह लू का प्रकोप भी बढ गया है। हीट वेव से होने वाली संभावित जनहानि के मद्देनजर एक बार फिर जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की ओर से स्पष्ट किया गया है कि हीट वेव जानलेवा है, इससे बचाव नहीं किया गया तो जान भी जा सकती है। इसके लिये कहा गया है कि दोपहर का समय सबसे ज्यादा नुकसानदायक है। यथासंभव घर की निचली मंजिल पर रहें। तंग कपडे न पहनें। बासी एवं संक्रमित भोजन का प्रयोग न करें। अधिक से अधिक पेयजल का प्रयोग किया जाये।

यह जानकारी देते हुये अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार ने बताया कि बासी एवं संक्रमित भोजन जानलेवा हो सकता है। हीट वेव की स्थिति शरीर के कार्यप्रणाली पर प्रभाव डालती है जिससे मृत्यु भी हो सकती है। उन्होनें बताया कि बचाव के




लिये अधिक से अधिक पानी का सेवन किया जाये। हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले सूती वस्त्र पहने। घूप के चश्मे, छाता, टोपी व चप्पल का प्रयोग करें। उन्होनें बताया कि यह समय हीट वेव से सबसे ज्यादा प्रभावित होता है, ऐसी स्थिति में सावधानियां बरती जाये। सभी स्कूल, कालेजों व सरकारी कार्यालयों को पहले ही प्राथमिक चिकित्सा किट की उपलब्धता के लिये कहा जा चुका है। यदि किसी संस्थान में किट उपलब्ध नहीं मिलती है तो विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होनें बताया कि यात्रा करते समय पीने का पानी हमेशा साथ रखा जाये। गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखा जाये। बच्चों एवं पालतू जानवरों को कभी भी बंद अथवा खडी गाडी में अकेला न छोडें। सूर्य के ताप से बचने के लिये मकान की पहली मंजिल पर रहें। गहरे रंग के कपडे पहनने से बचें।

# अहिल्याबाई जयंती पर प्रतियोगिता का आयोजन

**बुढ़ाना।** आर्य कन्या इंटर कालेज बुढ़ाना में सोमवार को महान लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर रंगोली प्रतियोगिता व वाल पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें कक्षा 9, 10, 11 व 12 की छात्राओं ने भाग लिया। रंगोली के माध्यम से उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं का सजीव चित्रण किया गया। रंगोली बनवाने में कॉलेज की सहायक अध्यापिका श्रीमती सुधा रानी व कुमारी वंदना राजन का विशेष सहयोग रहा। सुबह प्रार्थना स्थल पर प्रधानाचार्या प्रमेशध कुमारी द्वारा छात्राओं को रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के विषय में बताया गया और सोमवार में होने वाली भाषण प्रतियोगिता के विषय में भी छात्राओं को भाषण तैयार करके आने के लिए कहा गया। प्रधानाचार्या प्रमेश कुमारी ने रानी अहिल्याबाई के जीवन के बारे में विस्तार से छात्र-छात्राओं को बताया एवं उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि महारानी होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र राज्य के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में हुआ। वे होल्कर वंश की शासिका रही और इन्होंने अपने शासनकाल 1767 से लेकर सन 1795 तक में न सिर्फ आदर्श राज्य की स्थापना की बल्कि देश भर के 100 से अधिक मंदिरों, घाटों, कुओं व बावड़ियों का निर्माण और जीर्णोद्धार करवाया। उनकी सरलता, न्यायप्रियता व धर्मनिष्ठा के कारण ही उन्हें लोकमाता कहा गया है।

# कई श्रद्धालु चुलकाना धाम के लिए हुए रवाना

**बुढाना।** कस्बे से एक डीलक्स बस अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड ईकाई बुढाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के नेतृत्व में चुलकाना धाम के लिए रवाना की गयी। जिसमें चुलकाना धाम पहुंचने पर सभी श्रद्धालुओं ने सबसे पहले सरोवर में स्नान किया। उसके बाद पूजा अर्चना करते हुए सभी ने तिलक लगाया। उसके बाद राधा रानी के मन्दिर में पहुंचकर प्रसाद चढाया। परिवार में सुख शान्ति बनी रहे इसके लिए सभी ने हाथ जोडकर राधा रानी को नमन किया। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से श्रद्धालुओं में चन्दा गर्ग, संजय गर्ग, एडवोकेट राहुल, अजय शर्मा, अनुराग कुमार, एडवोकेट जय कुमार, अरुण शर्मा, सोनू कुमार बडकता, जम्ेवरी देवी बडकता, उमा देवी, नोन गर्ग, लाला राजकुघ्मार, कृष्ण गोपाल गोयल, मुन्नी ठाकुर, राधा त्यागी, सीमा त्यागी, पूनम त्यागी, सारखी त्यागी, आदित्य भारद्धाज, मीरा शर्मा और गिरीश संगल सहित अन्य कई श्रद्धालुओं की भी उपस्थिति देखने को मिले। इस संबंध में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड ईकाई बुढाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने बताया कि वे प्रत्येक महीने श्रदालुओं से भरकर एक बस किसी ना किसी धार्मिक तीर्थ स्थान पर लेकर जाते रहते हैं। इन तीर्थ स्थलों पर सबकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े भाई राकेश कुमार श्रीवास्तव और उनके दोनों पुत्रों अश्वनी प्रताप श्रीवास्तव व सूर्यप्रताप श्रीवास्तव का मेरे व मेरे अन्य परिवारजनों के साथ किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं रह गया है। राकेश कुमार श्रीवास्तव, अश्वनी प्रताप श्रीवास्तव व सूर्यप्रताप श्रीवास्तव से मैंने और मेरे अन्य परिवारजनों ने अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध पूरी तरह से समाप्त कर लिये हैं। यदि उपरोक्त तीनों पिता-पुत्र या उनके परिवार का कोई भी सदस्य किसी से कोई लेन-देन, लडाई-झगडा या कानूनी अथवा गैर कानूनी कार्य करते हैं, तो उसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरी व मेरे अन्य परिवारजनों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**दिनांक: 19.05.2025**

**राजीव श्रीवास्तव**
**पुत्र स्व. श्री पन्ना लाल श्रीवास्तव**
निवासी- मकान नं.-275 गाजावाली, सरवट रोड, थाना सिविल लाईन, जिला- मुजफ्फरनगर।

### सूचना

मैने अपना नाम आरिफ (AARIF) से बदलकर आरिफ अली (AARIF ALI) रख लिया है। भविष्य में मुझे आरिफ अली के नाम से जाना-पहचाना जाये ।

AARIFALI
S/OAFZAL
VILLAGE-
CHURYALA
POST-JANSATH
PS-MEERAPUR
DIST.-
MUZAFFARNAGAR
U-P-251314

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खूब चन्द त्यागी पुत्र स्व0 गेन्दा निवासी ग्राम निरमाना परगना बघरा तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर द्वारा दिनांक 03.09. 2009 को एक पंजीकृत वसीयत सौरभ उर्फ मोनू दत्तक पुत्र खूब चन्द त्यागी व गौरव उर्फ गोनू पुत्र स्व0 राजकुमार निवासीगण ग्राम निरमाना के पक्ष मे निष्पादित की थी जिसके अनुसार ग्राम निरमाना, करौन्दी व ग्राम हरसौली मे स्थित उनकी कृषि भूमि पर इन दोनो व्यक्तियो का ही अधिकार है। राजेश त्यागी उर्फ राजेश्वरी, कविता उर्फ ललिता व राजबाला पत्नी रामअवतार आपस मे मिलकर इस कृषि भूमि को अपनी बताकर धोखे व कपट से विक्रय करने की फिराक मे है। इन सब तथ्यो के सम्बन्ध मे एक मूल वाद संख्या 145 सन् 2018 न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन मुजफ्फरनगर मे लम्बित है। कोई भी व्यक्ति इस सम्पत्ति की खरीद फरोक्त न करे। यदि कोई ऐसा करता है तो वह इसके लिये स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सौरभ उर्फ मोनू दत्तक पुत्र खूब चन्द**

# एसडी मैनेजमेंट स्टडीज ने बीसीए षष्टम सेमेस्टर के छात्रों को दी भावभीनी विदाई

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीसीए षष्टम् सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर बीसीए विभाग के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम भावनात्मक वातावरण और उत्साहपूर्ण गतिविधियों से भरपूर रहा, जिसमें सीनियर छात्रों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद स्वागत भाषण एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बीसीए चौथे सेमेस्टर के छात्रों द्वारा नृत्य, गीत, मिमिक्री, कविता, और कॉलेज जीवन पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए गए, जिनका सभी उपस्थितों ने भरपूर आनंद लिया।कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विदाई केवल विदाई नहीं होती, यह उस संघर्ष, मेहनत और सफलता का प्रतीक होती है जो आपने तीन वर्षों के दौरान अर्जित की है। जीवन के हर क्षेत्र में सफलता पाने के लिए आत्मविश्वास, समर्पण और सतत



प्रयास आवश्यक हैं। आप सबने जिस अनुशासन और समर्पण के साथ अध्ययन किया है, वह प्रशंसनीय है। मेरी शुभकामनाएं सदैव आपके साथ हैं। बीसीए एवं बी.एससी (कंप्यूटर साइंसद्ध विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल ने कहा, तीन वर्षों का यह शैक्षणिक सफर न केवल ज्ञान का रहा, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व विकास का भी एक अमूल्य अनुभव रहा। आपने जिस तरह तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त की है, वह प्रेरणादायक है। आने वाले जीवन में आप जहां भी जाएं, वहां एस.डी. कॉलेज का नाम रोशन करें। आपके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।बीबीए विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव पाल सिंह ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, श्कॉलेज केवल एक शैक्षणिक स्थान नहीं, बल्कि जीवन के मूल्यों, अनुशासन और नेतृत्व कौशल के निर्माण का केंद्र होता है। मैं गर्व से कह सकता हूँ कि हमारे छात्रों ने इन मूल्यों को आत्मसात किया है। आप सभी को नई उड़ान और नई ऊंचाइयों की शुभकामनाएं देता हूँ। बीबीए विभाग की ओर से हम सभी छात्र-छात्राओं को भविष्य के लिए हार्दिक बधाई देते हैं।एंकरिंग का कार्य कुमकुम और सुयश शर्मा द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। हिमांशु शर्मा और चंदना दीक्षित द्वारा इस समारोह का आयोजन एवं समन्वयन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, फनी अवॉर्ड, तथा मिस्टर एवं मिस फेयरवेल जैसी मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनका सभी उपस्थितों ने भरपूर आनंद लिया।समारोह में उपस्थित सभी शिक्षकगणों ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। बीसीए, बी.एससी विभाग के समस्त शिक्षकगण वैभव वत्स, अनुज गोयल, देवेश भारद्वाज, निरंकार शर्मा, मोहित गोयल, हर्षिता, हर्षित गोयल, राहुल शर्मा, रोबिन मलिक,श्वेता, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, पवन बलियान और लवी इस अवसर पर उपस्थित रहे। बीबीए विभाग से उपस्थित शिक्षकगण डॉ. संगीता गुप्ता, प्रो. मोहम्मद अंजर, अभिषेक एवं प्रो. दीपक गर्ग ने भी छात्रों को विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0**

**अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, मुजफ्फरनगर**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 07/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-टाउनहाल के कार्य क्षेत्र में एच0टी0/एल0टी0 लाईनों के मरम्तीकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 1180, धरोहर राशि - रू 5000
2. 08/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-जानसठ के कार्य क्षेत्र में एच0टी0/एल0टी0 लाईनों के मरम्तीकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 1180, धरोहर राशि - रू 5000
3. 09/EUDC MZN/2025-26, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-सिविल लाईन के कार्य क्षेत्र में एच0टी0/एल0टी0 लाईनों के मरम्तीकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू0 1180, धरोहर राशि - रू 5000

ई-निविदा की अंतिम तिथि : 04 जून 2025, 14:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाए वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

### सूचना

मेरा नाम हाईस्कूल अंकपत्र में (SARIF) गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम सारिफ अली (SARIF ALI) है। मेरे आधार कार्ड एवं सभी प्रपत्र में मेरा नाम सारिफ अली ही दर्ज है। जो सही एवं सत्य है। भविष्य में मुझे सारिफ अली (SARIFALI) के नाम से जाना- पहचाना जाये ।

ADD: SARIF ALI
S/OAFZAL
HUSSAIN
VILLAGE-
CHURYALA,
PO-JANSATH
PS-MEERAPUR.
MUZAFFARNAGAR,
UP251314

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र आस मौहम्मद व उसकी पत्नी मंतशा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैने व मेरे परिजनों ने आस मौहम्मद व उसकी पत्नी मंतशा से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने अपने पुत्र आस मौहम्मद व उसकी पत्नी मंतशा को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र आस मौहम्मद व उसकी पत्नी मंतशा के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। मेरे पुत्र आस मौहम्मद व उसकी पत्नी मंतशा अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मौ० शफीक पुत्र अल्ला रक्खा**
**निवासी गली न.3 निधि कालोनी सुजडू**
**थाना सिविल लाईन**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# खेत पर गये किसान की गोली मारकर हत्या

## हत्यारों ने इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड करके कुछ ही देर बाद की डिलीट

■ पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने की तीन गोली मारकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** पुरानी रंजिश के चलते पड़ोस के दो युवकों ने खेत पर जा रहे एक किसान की तीन गोलियां मारकर हत्या कर दी और उसकी वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर भी अपलोड कर शव को राजवाहे के पास डाल दिया और फरार हो गये। उधर इंस्टाग्राम पर वीडियो को देख ग्रामीण सहम गये और मौके पर गये तो किसान अपने ही खेत में मृत पड़ा है और तीन गोलियां उसके जिस्म में धंसी हैं। इस घटना की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव माजरा वैल्ली निवासी लगभग 50 वर्षीय रविंद्र पंवार पुत्र ब्रजपाल सिंह आज सोमवार की सायं घर के पास ही स्थित अपने खेत पर अकेले पैदल ही जा रहा था। जब वह अपने खेत में पहुंचा तो पड़ोसी निखिल नामक युवक ने अपने एक अन्य साथी की मदद से रविंद्र को पकड़ लिया और उसके कान के पीछे, छाती और गले में गोली मारकर मोके पर ही मौत के घाट उतार दिया और वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दी लेकिन कुछ ही देर बाद उन्होने वह वीडियो इंस्टाग्राम से हटा दी लेकिन गांव के कुछ युवक उस वीडियो को सेव्ड तो नहीं कर सके लेकिन उन्होने वीडियो देखी तो वे लोकेशन के आधार पर मौके पर गये तो उनको राजबाहे के पास एक खेत में रविंद्र खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा लिया। देखते ही देखते मौके पर सैंकडों ग्रामीण आ गये तो सूचना मिलते ही उमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र राव, एसएसआई ललित शर्मा और कोतवाल आनंद देव मिश्र मौके पर आ गये। उन्होंने ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली तो पता लगा कि आपस में कुछ पुरानी रंजिश थी लेकिन मृतक बहुत ही सीधा सादा व्यक्ति था जो कि अविवाहित था और अपने बूढ़े माता पिता के साथ रह रहा था। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दोनों फरार आरोपी की तलाश शुरु कर दी। दोनो हत्यारे मोटर साईकिल पर सवार थे जो कि घटना को अंजाम देकर फरार हो गये।

# तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार पेड़ से टकराई

■ कार सवार युवक की मौत, हादसे में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** क्षेत्र में रविवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हुआ चरथावल-मुजफ्फरनगर मार्ग पर निर्धना अढे के पास स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार में सवार 20 वर्षीय सैफ की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार अन्य दो युवक अर्सलान पुत्र मुकम्मिल और आरिफ पुत्र मुजफ्फर गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम लुहारी खुर्द निवासी तीनों युवक अपने गांव लुहारी से किसी काम के लिए जा रहे थे।निर्धना मोड़ पर चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने सैफ को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे की खबर से गांव में शोक की लहर है।

## वन विभाग की नाक के नीचे आम के बाग की अवैध कटाई

**मीरापुर।** कस्बे के पड़ाव चौक के पास बीती रात दर्जनों फलदार आम के पेड़ों की अवैध कटाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह कार्रवाई रात के अंधेरे में की गई, जिससे न केवल हरियाली उजड़ी, बल्कि पर्यावरण और जैव विविधता को भी गंभीर क्षति पहुंची है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दो दर्जन से अधिक आम के पेड़ों को काटने के बाद उनके अवशेषों को छुपाने के लिए दिन भर जेसीबी मशीनें चलाई गईं। कटे हुए पेड़ों की जड़ें मिटी में दबाई गई थीं, जिससे साफ प्रतीत होता है कि इस अवैध कृत्य को छुपाने की कोशिश की गई। इस बीच, वन क्षेत्रधिकारी (रेंजर) आरिफ जमाल खान ने दावा किया कि केवल यूकेलिप्टस और अन्य प्रजातियों के तीन पेड़ ही काटे गए हैं। हालांकि, मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और मीडिया की जांच ने इस दावे को खारिज कर दिया। कटाई का यह समय और तरीका भी सवालों के घेरे में है, क्योंकि गर्मी के मौसम में फलदार पेड़ों की कटाई पर शासन द्वारा सख्त रोक है। आम के पेड़ों पर इस समय फल लगे होते हैं और वे पक्षियों के लिए प्राकृतिक आवास भी होते हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कटाई के बाद कई पक्षियों के मृत शरीर पेड़ों के आसपास देखे गए, जिससे इस कार्रवाई की क्रूरता सामने आती है। पर्यावरणविदों का कहना है कि यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर संकट पैदा करने वाला कदम है। हरियाली के साथ पक्षियों और अन्य वन्य जीवों का प्राख्रतिक आवास समाप्त हो रहा है, जिससे क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर गहरा असर पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने वन विभाग और प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेताया है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो मीरापुर की हरियाली और जैविक संपदा हमेशा के लिए समाप्त हो सकती है।

## जंगल में मिली युवतियों से पुलिस ने की पूछताछ

**मोरना।** क्षेत्र के बेहड़ा सादात गांव से बाहर जंगल में घूम रही किशो. रियों को संदिग्ध मानकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने युवतियों से पूछताछ की। थाना ककरौली क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात के ग्रामीणों ने सोमवार दोपहर पुलिस को सूचना दी कि चार संदिग्ध युवतियाँ बिजनौर मार्ग पर गांव से बाहर जंगल में हैं। जो आपराधिक घटना करने की फिराक में है। सूचना पर पहुंची पुलिस चारों किशोरियों को थाने ले गई। पूछताछ करने पर उन्होंने पुलिस को बताया कि वे मूलरूप से दिल्ली की रहने वाली हैं तथा उनका परिवार मुज़फ्फरनगर शहर स्थित एक धर्मशाला में रहता है। ककरौली क्षेत्र में भीख मांग कर अपना गुजार-बसर करते हैं। थाना पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद चारों युवतियों को उनके बताए गए पते पर धर्मशाला में भिजवाया गया है।

# मीडिया शिक्षण में रवि गौतम को मिला नारद सम्मान



**मुजफ्फरनगर।** विश्व संवाद केन्द्र द्वारा सीसीएस विश्वविद्यालय के अटल सभागार में नारद सम्मान समारोह-2025 का आयोजन किया गया।

विश्व संवाद केन्द्र द्वारा आयोजित ''नारद सम्मान समारोह 2025'' में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष रवि भूषण गौतम को मीडिया शिक्षण के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनके अलावा कार्यक्रम मे वरिष्ठ पत्रकार बृजेश कुमार जैन जी को प्रिंट मीडिया के क्षेत्र मे अविस्मरणीय योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट, प्रवीण दीक्षित को प्रिंट मीडिया के क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु, अनीता चौधरी को सोशल मीडिया के क्षेत्र में तथा मुरादाबाद से फोटो पत्रकार सुनील यादव लवलीन को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मेरठ के महापौर हरिकांत अहलूवालिया रहें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्व. विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो0 संजीव कुमार शर्मा रहे। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल और निदेशक डॉ. अशोक कुमार द्वारा रवि भूषण गौतम को प्रतिष्ठित मीडिया अवार्ड प्राप्त करने पर बधाई दी और कहा कि यह वाकई गर्व का क्षण है। यह सफलता न केवल उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि मीडिया क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को भी दर्शाती है। ऐसे उपलब्धियों से प्रेरणा मिलती है और यह क्षेत्र में उन्नति की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है।

# प्रशासनिक भवन का विधायक ने किया उद्घाटन



**चरथावल।** ग्राम कुटेसरा स्थित जेयू इस्लामिया इण्टर कॉलेज में नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का उद्घाटन विधायक पंकज मलिक के द्वारा फीता काटकर एवं एवं शिलान्यास कर किया गया। वही स्कूल का वार्षिक परिणाम भी घोषित किया गया जिसमें मेधावी बच्चों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत किया।

चरथावल ब्लाक के ग्राम कुटेसरा स्थित जेयू इस्लामिया इंटर कॉलेज में रविवार को प्रबंध समिति,प्रधानाचार्य,शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राओं की ओर से नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का उद्घाटन एवं 28वां वार्षिक परीक्षा परिणाम पुरुस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाईकोर्ट इलाहाबाद के पूर्व न्यायाधीश ताहिर हसन व कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य मासूम अली त्यागी के द्वारा किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर समाजवादी पाटह्र के चरथावल विधायक पंकज मलिक ने शिरकत की। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे चरथावल विधायक पंकज मलिक ने प्रशासनिक भवन का फीता काटकर एवं शिलान्यास कर उद्घाटन किया। वही अतिथियों के द्वारा स्कूल के मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही चरथावल विधायक पंकज मलिक ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के टॉपर को ग्यारह ग्यारह रुपए देने की घोषणा की। साथ ही विधायक पंकज मलिक ने स्कूल में जल्द ही एक स्मार्ट क्लास बनवाने की भी घोषणा की। विधायक पंकज मलिक ने बच्चों को आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित भी किया। विधायक पंकज मलिक का शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।कार्यक्रम में चरथावल चौयरमैन मास्टर इस्लाम,प्रबंन्धक मुहम्मद अफजल,अध्यक्ष डॉक्टर रिजवान अली,ग्राम प्रधान नययूम त्यागी, पूर्व जिला पंचायत क़ामिल त्यागी,ताजीम सिल्ला,मास्टर मुमताज,अबरार अली, मंजीत मास्टर,कंवर आलम,खलील अहमद आदि मौजूद रहे।

## अवैध हथियार के साथ युवक की वीडियो वायरल

**मोरना।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है वीडियो से मचा हड़कंप, वायरल वीडियो जिसके मोरना गांव से जुडा बताया जा रहा है जिसमें एक युवक हथियारों का प्रदर्शन करता नजर आ रहा है पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। सोमवार को सोशल मीडिया पर अवैध असलाह के साथ एक युवक की वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया है वायरल वीडियो में युवक बेहद खतरनाक माने जाने वाले असलाह का प्रदर्शन करा रहा है। आधुनिक हथियार साथ युवक की वीडियो वायरल होने से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है क्षेत्रधिकार भोपा डॉक्टर रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आई है जांच कर कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने दे वारंटियों को भेजा जेल

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने अलग अलग स्थानों से विभिन्न अपराधिक मामलों में वांछित चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में बुढ़ाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी मनोज पुत्र मलखान निवासी मौहल्ला पछाला पूर्वी बुढाना को उसके मकान से अरेस्ट किया है जबकि परासौली पुलिस चौकी के प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने हैड कांस्टेबल राजकुमार और कांस्टेबल जितेंद्र कुमार की मदद से एक अन्य वारंटी गुलाब पुत्र बनी सिंह निवासी ग्राम हरियाखेडा बुढाना को उसके घर से गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है।

## ब्राह्मण समाज के मेधावी बच्चे हुए सम्मानित

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन एक सादे समारोह में कस्बा बुढ़ाना मे ब्राह्मण समाज बुढ़ाना के द्वारा सीबीएसई बोर्ड मे 12वीं क्लास में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले होनहार ब्राह्मणों के बच्चों को सम्मानित कर उनका हौंसला बढ़ाया गया। मेधावी बच्चे पुरुस्कार पाकर खुश हुए और आगामी समय शत प्रतिशत अंक लाने की बात कही गयी। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से संजय शर्मा, मुकेश शर्मा अध्यक्ष बुढाना ब्राह्मण समाज, पुनीत शर्मा और अशोक शर्मा सहित ब्राह्मण समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अब गांव के बच्चे भी चलाएंगे कंप्यूटर : कपिल देव



**मुजफ्फरनगर।** रोटरी क्लब संस्कृति द्वारा कंपोजिट विद्यालय, बीबीपुर में एक अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का लोकार्पण किया गया। यह लैब Shri Tirupati Infotech के सहयोग से स्थापित की गई है, जिसके स्वामी रोटेरियन संजीव जिंदल हैं।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन प्रशांत जैन एवं क्लब सचिव रोटेरियन संजीव जिंदल की दूरदृष्टि, सेवा भावना और प्रतिबद्धता के कारण ही यह परियोजना साकार हो सकी। इन दोनों के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा की ऐसी पहलें न केवल बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाएंगी, बल्कि समाज को भी आगे ले जाएंगी। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीए नितिन कुमार अग्रवाल (मुरादाबाद) ने कहा कि रोटरी क्लबसंस्कृति ने जिस तरह तकनीक को गांव तक पहुंच. ने का बीड़ा उठाया है, वह पूरे ज़िले के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में रोटेरियन सुशील साहू और रोटेरियन अनिल सोबती उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन डॉ. गौरव पाठक ने कुशलता से किया। क्लब के कोषाध्यक्ष रोटेरियन संजीव मित्तल, सदस्य सक्षम गर्ग, तथा नगर के विभिन्न क्लबों से सुनील अग्रवाल, रविन्द्र सिंह नियम शर्मा, डॉ. नितिन जैन, बीबीपुर के सभासद व अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। कंप्यूटर लैब प्रोजेक्ट के चेयरमैन पूर्व अध्यक्ष संदीप मित्तल, पूर्व अध्यक्ष गौरव पाठक एवं रोटेरियन सोनिया जैन रहे, जिनके मार्गदर्शन में यह योजना सफलतापूर्वक पूरी हुई।

## हमलावर बना रहे हैं समझौते का दबाव

**मुजफ्फरनगर।** सहावली गांव निवासी नितिन ने मुकदमा दर्ज कराया कि गांव के ही रजनीश आदि से रंजिश चली आ रही है। पहले मारपीट की थी। उसका मुकदमा दर्ज हुआ था। 14 अप्रेल को वह रात में सामान लेने जाते समय उसके साथ आरोपियों ने दोबारा से जानलेवा हमला कर मारपीट कर दी । दो दिन बाद गांव में ही एक व्यक्ति के घर समझौते के लिए सुबह बुलाया गया। वहां आरोपी पहले से मौजूद थे। उन्होंने पीड़ित नितिन के पिता, मां व चाचा के साथ मारपीट की। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पटाखा फोड़ने वाली पांच बुलट सीज

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाईन पुलिस ने पटाखा फोडनें वाली 5 बुलेट मोटर साईकिलों को सीज किया है और 2 बुलेट मोटर साईकिल का किया चालान इस दौरान पुलिस ने 71 हजार का जुर्माना लगाया है

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पटाखा फोडनें वाली बुलेट मोटर साईकिलों के विरूद्ध चलाये अभियान चलाया गया पुलिस अधिका. रियों को सूचना मिल रही थी कि नगर में पटाखा फोड़ने वाली बुलेट से लोग परेशान हे और बीमारों के लिए ये मौत का सबब भी बन रही हे इसी के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्रधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक सिविल लाईन के नेतृत्व में अभियान चलाया गया तथा सिविल लाईन पुलिस द्वारा 05 बुलेट मोटर साईकिलों को सीज किया गया तथा 02 बुलेट मोटर साईकिल का चालान कर कुल 71000/- रूपये का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान पुलिस ने बुलेट मोटर साईकिल नं0- UP 12।F7545 सीज द्वारा ई चालान जुर्माना 10000 रूपये बुलेट मोटर साईकिल नं0- UP11BX-1286 सीज द्वारा ई चालान जुर्माना 6000 रूपये बुलेट मोटर साईकिल नं0- HR92,7624 सीज द्वारा ई चालान जुर्माना 10000 रूपये, बुलेट मोटर साईकिल नं0- UP12AK-5272 सीज द्वारा ई चालान जुर्माना 13000/- बुलेट मोटर साईकिल नं0- UP12Ĭ-5424 सीज द्वारा ई चालान जुर्माना 16000/- बुलेट मोटर साईकिल नं0- UP12BX-1559 द्वारा ई चालान जुर्माना 11000/- बुलेट मोटर साईकिल नं0- न्च15।ल-5202 द्वारा ई चालान जुर्माना 5000/किया है

## सात दिवसीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर शुरू



**शाहपुर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवम यूनानी अधिकारी मुजफ्फरनगर डॉ. इसमपाल के निर्देशन में आयुष विभाग द्वारा स्वामी कल्याण देव कन्या इन्टर कालेज काकड़ा में सात दिवसीय चिकित्सा योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य मंजुला मलिक ने फीता काटकर किया। शिविर में लगभग 130 छात्रएँ उपस्थित रहीं। वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार व ड. अर्जुन सिंह द्वारा छात्रओं को चिकित्सा परामर्श, चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाओं व आयुष विभाग की योजनाओं के बारे में बताया गया। योगाचार्य विनीत कुमार व योगाचार्य पूजा द्वारा सभी छात्रओं को योग कराया गया। शिविर में मीनाक्षी रानी (स.अ), कु. अंजलि (स.अ), कु.काजल (स.अ), कु. रविना (स.अ) आदि अध्यापिकाये उपस्थित रहे।

## तीन मेधावी बच्चों का किया सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल रूडकी रोड, मुज़फ्फरनगर के प्रधानाचार्य संजय लखेड़ा ने बताया कि कक्षा 12 के कामर्स वर्ग में काहन शर्मा ने 98.2 प्रतिशत, कु. मनस्वी त्यागी ने 96.6 प्रतिशत तथा कु. वंशिका रानी ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किये । विज्ञानं वर्ग में कु. जानवी त्यागी ने 82.6 प्रतिशत कु. आयुषी ने 81.6 प्रतिशत और वंशु पुंडीर ने 80.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कक्षा 10 में कु. आशी जैन ने 96 प्रतिशत, कु. छवि शर्मा ने 91.6 प्रतिशत तथा मैलका खान ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।










# एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आज सोमवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला नई बस्ती में आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक मीटिंग का सफल आयोजन किया गया। जिसमें पाटह्र को ग्राम स्तर तक मजबूत करने, जिला पंचायत के आगामी चुनाव को लेकर, आगामी 25 मई को होने वाली समीक्षा बैठक और आगामी 14 जून को राज्य स्तरीय सम्मेलन को लेकर जोरदार चर्चा की गयी। मीटिंग में आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पाटी के जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी का फूल मलाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान यहां मीटिंग में मुख्य रूप से आल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी, युवा आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद. ुल मुस्लिमीन के जिला अध्यक्ष रमीज माविया, जिला मुख्य महासचिव मौलाना अब्दुल माजिद, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष आजम फारुकी, बुढाना ब्लॉक अध्यक्ष हाफिज अब्दुल गफ्फार, विधानसभा सचिव अदनान खान, विधानसभा क्षेत्र सचिव सालिम राणा, विधानसभा महासचिव साकिब राणा, बुढ़ाना विधानसभा कोषाध्यक्ष अब्दुल कादिर, बुढ़ाना नगर अध्यक्ष काजी फहीम, सफीपुर पटी के ग्राम अध्यक्ष फैज कुरैशी और रिहान मलिक सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# सक्रियता बढ़ाएं समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता : ज़िया चौधरी



**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने बताया कि आने वाले वक्त में जनता के हितों के लिए संघर्ष व सक्रियता बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण मीटिंग सपा कार्यालय महावीर चौक पर जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट की अध्यक्षता व जिला महासचिव चौधरी विकिल गोल्डी अहलावत के संचालन में संपन्न हुई।

मीटिंग में मौजूद विधानसभा अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों व प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी ने कहा कि हाईकमान के निर्देशानुसार सभी विधान सभाओं के अध्यक्षों व नगर अध्यक्षों तथा प्रकोष्ठों के सभी जिलाध्यक्षों को तत्काल अपनी मजबूत कार्यकारिणी गठन के साथ अपनी मासिक बैठक को अनिवार्य रूप से करके सक्रियता बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विफल भाजपा सरकार से त्रस्त जनता के हितों के लिए संघर्ष के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रियता व मजबूती बढ़ानी होगी।

मीटिंग में पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह कोरी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश पाल सिंह प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन, इमलाक प्रधान, समाजवादी यूवजन सभा जिलाध्यक्ष कपिल मलिक, समाजवादी लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष टीटू पाल रमन,मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष राशिद मलिक, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सतीश गुर्जर, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष अब्दुल्ला कुरैशी,समा. जवादी मजदूर सभा जिलाध्यक्ष नासिर राणा, समाजवादी महिला सभा जिलाध्यक्ष सुषमा सैनी,समाजवादी अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष संदीप डबास, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह एडवोकेट, सपा विधानसभा अध्यक्ष मुजफ्फरनगर डॉ अविनाश कपिल बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अकरम खान,खतौली विधानसभा अध्यक्ष पंडित सत्यदेव शर्मा, पुरकाजी विधानसभा अध्यक्ष सतबीर त्यागी, चरथावल विधानसभा अध्यक्ष इमरोज पायलट, नगर अध्यक्ष खतौली काजी इरफान,नगर अध्यक्ष शाहपुर शाहिद कुरैशी,नगर अध्यक्ष भोकरहेड़ी डॉ अलीशेर अंसारी, समाजवादी अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष तरूण सौदे एडवोकेट समा. जवादी मजदूर सभा प्रदेश सचिव हनीफ इदरीसी,पूर्व जिलाध्यक्ष समा. जवादी अल्पसंख्यक सभा डॉ इसरार अल्वी,जिला महासचिव मजदूर सभा रामपाल सिंह पाल,हुसैन राणा, राशिद जैदी,प्रदीप डबास,अमित राठी,गगन बालियान,आकाश बालियान सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चौरावाला में मेधावियों का किया सम्मान



**मोरना।** गांव चौरावाला में प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. संजीव कुमार उर्फ संजु शर्मा द्वारा यूपी पुलिस में चयनित युवाओं और विभिन्न स्कूल कॉलेजों के मेधावियों छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने युवाओं को फूलमाला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह व मैडल देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम का शुभाम्भ मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी व प्रसिद्ध कथाव्यास आचार्य कृष्ण शास्त्री ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। अमित राठी ने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं को सुलभ व समान शिक्षा के अवसर प्रदान कर रही है।रोजगार परक शिक्षा पाकर युवा अपना भविष्य बना रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओ का उत्साहवर्धन करने से अन्य बच्चे भी प्रेरित होंगे।युवा लक्ष्य बनाकर परिश्रम करें सफलता अवश्य मिलेंगी। डॉ. संजू शर्मा ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र मे भी आज बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।इस प्रकार के आयोजन आगे भी जारी रहेंगे। प्रधानाचार्य पंकज माहेश्वरी ने कहा की परिवार मे शिक्षा ओर सम्मान का वातावरण बनाकर बच्चो को उच्च संस्कार प्रदान करें।जिससे बच्चों का आचरण उच्च बनेगा। सम्मान समारोह में किसान मजदूर इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा शालू, मुस्कान व आकाश, इंटरमीडिएट में रेणू, रवि, जूली ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय चौरावाला में पुलकित धीमान, बुशरा, अलफिजा, डॉ. अम्बेडकर पब्लिक स्कूल चौरावाला में संध्या, विक्रांत, लक्ष्य, श्री वासु पब्लिक स्कूल चौरावाला में आतिफ, यश कुमार, अनिका, शान्ति निकेतन पब्लिक स्कूल चौरावाला में आकाश कुमार, वंश कुमार, यश कुमार, कृष्णा पब्लिक स्कूल चौरावाला में अफिया, लक्ष्य, शरणजीत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं यूपी पुलिस में चयनित रोबिन कुमार, शुभम, आकाश, गुंजन सोनू को फूलमाला व पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं समारोह में विनोद कुमार, सुभाष बाबू, प्रवीण कुमार, सुमित कुमार, गौरव कुमार, श्रीमती वंदना शर्मा, राहुल कुमार, संतोष कुमार, ब्रहमसिंह, तेजवीर सिंह आदि अध्यापक अध्यापिकाओं को पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आदि युवाओं को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अरूण पाल, जयकरण गुर्जर, सोनू शर्मा, मोन्टी शर्मा, पवन शर्मा, ऋतिक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अंडर 17 कुश्ती स्टेट चैम्पियनशिप का शुभारंभ

**बुढ़ाना।** कुलदीप बालियान स्पोर्टस स्टेडियम बुढ़ाना में सोमवार को तीन दिवसीय अंडर 17 कुश्ती स्टेट चैम्पियनशिप का आयोजन शुरु हुआ। चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत और पूर्व मंत्री चौधरी अजीत सिंह की याद में आयोजित स्टेट चौम्पियनघशिप का उद्घाटन भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने किया। प्रतियोगिता में पहले दिन 10 विभिन्न भार वर्ग की बालिकाओं ने अपना-अपना जोश दिखाया। 46 किलोग्राम भार वर्ग में अंचल वाराणसी प्रथम, श्रृष्टी मेरठ दूसरे तथा आजमगढ़ की प्रीति तीसरे स्थान पर रही। 73 किलोग्राम भार वर्ग में मेरठ की इतिशा पहले, वाराणसी की जाहनवी दूसरे तथा बीएचयू की पायल तीसरे स्थान पर रही। 69 किलोग्राम भार वर्ग में अंघशिका पहले, मेरठ की सलोनी दूसरे तथा गौतमबुद्धनगर की वंघशिका तीसरे स्थान पर रही। 57 किलोग्राम भार वर्ग में बागपत की रिया पहले, मेरठ की पायल दूसरे तथा बुलंदशहर की मुस्कान तीसरे स्थान पर रही। 53 किलोग्राम भार वर्ग में गौतमबुद्धनगर की डोली पहले, वाराणसी की रंजना दूसरे तथा बागपत की पूर्वी तीसरे स्थान पर रही। 49 किलोग्राम भार वर्ग में गाजीपुर की प्रतिभा पहले, बुलंदशहर की अनुष्का दूसरे तथा वाराणसी की अनु तीसरे स्थान पर रही। 61 किलोग्राम भार वर्ग में फिरोजाबाद की शिल्पी पहले, अयोध्या की नेहा दूसरे तथा मेरठ की सिद्धी तीसरे स्थान पर रही। 65 किलोग्राम भार वर्ग में जौनपुर की आस्था पहले, गौतमबुद्धनगर की रेनू दूसरे तथा मोदीनगर की सोना तीसरे स्थान पर रही। 36 से 40 किलोग्राम भार वर्ग में बागपत की तनीशा पहले, प्रीति दूसरे तथा कानपुर की घशिवानी सोनकर तीसरे स्थान पर रही। 43 किलोग्राम भार वर्ग में मेरठ की चारू पहले, गौतमबुद्धनगर की वैष्णवी दूसरे तथा कानपुर की स्वाति तीसरे स्थान पर रही। सभी प्रतिभागियों का कार्यक्रम के आयोजक कुलदीप बालियान ने अपनी टीम के साध्थ स्वागत किया। सभी विजेता बालिकाओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुलदीप बालियान ने बताया कि मंगलवार के दिन बालकों की फी स्टाइल चौम्पियनघशिप का आयोजन होगा। इस मौके पर नरेंद्र पंवार, सुरेश चंद उपाध्याय, रविंद्र तथा वीरसैन राठी आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# ट्रक की टक्कर से बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त, आपूर्ति ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के झिंझाना रोड स्थित पूर्वी यमुना नहर पुल के निकट एक अज्ञात ट्रक द्वारा विद्युत विभाग के दो खंभों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर देने से सोमवार को आधे शहर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी के बीच बिजली गुल होने से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सोमवार सुबह की बताई जा रही है, जब एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक अनियंत्रित होकर नहर पुल के पास लगे दो विद्युत खंभों से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों खंभे क्षतिग्रस्त होकर गिर गए।

जिससे क्षेत्रीय विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। बिजली गुल होने के कारण लोगों को जहां गर्मी में बेहाल रहना पड़ा, वहीं पेयजल संकट भी उत्पन्न हो गया। कई मोहल्लों में सुबह से ही नल नहीं चले, जिससे आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य में जुट गई। कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर करीब एक बजे के बाद बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से बहाल हो सकी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, पूरी व्यवस्था को दुरुस्त करने में कुछ और समय लग सकता है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि घटनास्थल पर उचित संकेतक व ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस द्वारा अज्ञात ट्रक की तलाश की जा रही है।

# कत्थक नृत्य कर छात्राओं ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को शहर के बीएसएम स्कूल में लखनऊ के प्रतिष्ठित बिरजू महाराज इंस्टिट्यूट से कत्थक प्रशिक्षिका रुचि बलूनी व उनकी सहायक वंदिता का छह दिवसीय कत्थक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढचढकर हिस्सा लिया। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन छाया सिंह, प्रबंधक सूर्यवीर सिंह, प्रधानाचार्य राहुल चौधरी व प्रशिक्षिका रुचि बलूनी व उनकी सहायक वंदिता ने किया। उन्होने बताया कि कत्थक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला 19 मई से 24 मई तक प्रतिदिन प्रात: साढे 9 से 12 बजे तक चलेगी। जिसका समापन 25 मई को किया जाएगा। जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थीयों व 10 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाएं व लड़कियां अपनी सीखी गई प्रस्तुतियों का प्रदर्शन करेंगे। रुचि बलूनी ने छात्रों को संबो. धित करते हुए कहा कि किसी भी सांस्कृतिक आयोजन की शुरुआत द्वीप प्रज्वलन से करना न केवल हमारी परंपरा है बल्कि यह ज्ञान, शांति और ऊर्जा का प्रतीक भी है, और कत्थक केवल एक नृत्य नहीं, यह आत्मा अभिव्यक्ति, इतिहास और



परंपरा का समृद्ध संगम है। उन्होंने बताया कि कथक नृत्य की उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी और इसका आरंभ वैदिक युग या उससे पहले के समय में माना जाता है। इसकी शुरुआत एक कहानी कहने की परंपरा ‘कथात्रा’ के रूप में हुई, जिसमें कत्थक नामक व्यक्ति देवी-देवताओं की कथाएं नृत्य और अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत करते थे। उन्होंने लोक नृत्य और शास्त्रीय नृत्य के बीच अंतर बताते हुए कहा कि शास्त्रीय नृत्य अनुशासन और परंपरा का प्रतीक है जबकि लोक नृत्य जीवन की सहजता, उत्सव और सामाजिक संस्कृति का प्रतिबिंब होता है। दोनों ही भारतीय संस्कृति की धरो. हर है। हमें गर्व है कि हम इसे नई पीढ़ी तक पहुंचा रहे हैं। तदुपरांत रुचि बलूनी व उनकी सहायक वंदिता द्वारा कत्थक की सुंदर प्रस्तुतियों के साथ प्रशिक्षण सत्र का आरंभ हुआ, जिसमें छात्रों ने बड़ी रुचि और अनुशासन के साथ भाग लिया। इस कार्यशाला में प्रथम दिवस छात्र-छात्राओं को कत्थक की मूलभूत तकनीकें, हस्त मुद्राएं, ताल, फुटवर्क, पताका हस्त मुद्रा, प्रणाम व गणेश वंदना का प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया गया।

## एक नजर

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामद किए है। सोमवार को एसपी रामसेवक गौतम के निर्देश पर शहर कोतवाली पुलिस ने चौकिंग अभियान चलाया। अभियान में कोतवाली पुलिस ने वाहन चौकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पकडे गए अभियुक्त ने अपना नाम सागर पुत्र कंवरपाल निवासी ग्राम मतनावली थाना कांधला बताया। पुलिस ने अभियुक्त से पूछताछ करते हुए जेल भेज दिया।

### जहर देकर मारने के मामले में वांछित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** विवाहिता को खाने में जहर देकर मारने के मामले में वांछित मीना पत्नी आस मौहम्मद ग्राम सूबरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मृतका की मां की ओर से 17 अप्रैल को पति, सास ससुर सहित पांच लोगों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। थाना क्षेत्र के गांव सूबरी निवासी विवाहिता नगमा उम्र करीब 23 वर्ष पत्नी तै"यब को जहरीले पदार्थ के सेवन से उपचार के दौरान 15 अप्रैल को मौत हो गई थी। मृतका की माता बनो पत्नी वकील निवासी बीबीपुर हटिया ने पुलिस को दी तहरीर में ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया था कि पुत्री के खाने में जहर देकर हत्या कर दी है, जिस पर पुलिस ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था, इसी मामले में पुलिस ने वांछित सास मीना पत्नी आस मौहम्मद ग्राम सूबरी को ऊन रोड से गिरफ्तार किया। पुलिस ने महिला के खिलाफ चालानी कार्यवाही की है।

### नए क्षेत्रों में विद्युत लाइन खिंचवाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**कैराना।** समाजसेवी ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में नजदीक विद्युत लाइन नहीं होने के कारण उपभोक्ता की परेशानियों को उजागर करते हुए। समस्याओं के निराकरण के लिए एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। सोमवार को निरन्तर तत्पर सामाजिक संगठन के अध्यक्ष शमून उस्मानी ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अर्जुन सिंह को सौंपते हुए बताया कि नगर के न्यू पीरजादगान सहित विभिन्न क्षेत्रों एवं ग्रामीण में जहां पर विद्युत लाइने नहीं है। वहीं विद्युत उपभोक्ताओं को काफी दूरी से कनेक्शन लेना पड़ रहा है। जिस कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। असुविधा को समाप्त करने और विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की गई।इस दौरान कुर्रत मेहदी, शुएब अंसारी, फैसल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बैंक के आला अधिकारियों ने बैंक पहुंचकर शिकायत की जांच की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** अपर सांख्यिकी अधिकारी और असिस्टेंट कमिश्नर की दो सदस्य टीम ने प्रथमा यूपी बैंक में पहुंचकर बैंक मैनेजर पर लगाए गए आरोपों की जांच की तथा उसके बाद शिकायतकर्ताओं से भी बात कर उन्हें भी उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत स्वरोजगार के लिए लोन के इच्छुक क्षेत्र के गांव ऊदपुर निवासी शोकेन्द्र ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक बिडौली शाखा के शाखा प्रबंधक पर रिश्वत मांगने, अभद्र व्यवहार करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि उसने योजना के तहत आवेदन किया था, जिसके बाद शाखा प्रबंधक घर पर सत्यापन के लिए पहुंचे और आवश्यक दस्तावेज 21 मार्च तक तैयार कराने को कहा। शोकेन्द्र के अनुसार उसने 20 मार्च को ही सभी दस्तावेज तैयार कर बैंक में जमा कराने की कोशिश की, लेकिन मैनेजर ने लोन देने से इनकार करते हुए कहा कि किससे पूछकर बनवाए हैं ये कागज?

आरोप है कि बैंक मैनेजर ने कुछ दस्तावेज फाड़ दिए, जिन्हें दोबारा बनवाने में लगभग सात हजार रूपए का खर्च आया। इसके बाद अगले दिन बैंक बुलाया गया, जहां एक घंटे तक इंतजार करवाने के बाद रिश्वत के रूप में कुछ प्रतिशत की मांग की



गई। जब शोकेन्द्र ने इनकार किया तो उसके साथ अभद्रता और धमकी भरा व्यवहार किया गया। पीड़ित ने बताया कि वह निराश होकर टीजीटी परीक्षा की तैयारी में लग गया, लेकिन परीक्षा रद्द हो गई। इसके बाद वह दोबारा बैंक पहुंचा तो शाखा प्रबंधक ने साफ कह दिया कि उसका लोन नहीं होगा।

शनिवार को विकास भवन शामली में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान पीड़ित ने अधिकारियों के समक्ष मामला रखा। मौके पर मौजूद सहारनपुर से आई डिप्टी कमिश्नर ने एलडीएम शामली को बैंक मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए, लेकिन एलडीएम शामली और सीडीओ विनय तिवारी ने तत्काल एफआईआर से इनकार करते हुए कहा कि पहले सीसीटीवी फुटेज और कस्टमर से पूछताछ कर मामले की जांच की जाएगी।

जांच के लिए सोमवार को अपर सांख्यिकी अधिकारी मनोज कुमार और असिस्टेंट कमिश्नर राजेंद्र कुमार बिडौली ब्रांच पहुंचे, लेकिन शिकायतकर्ता शोकेन्द्र का आरोप है कि अधिकारियों ने न तो सीसीटीवी फुटेज देखी और न ही किसी अन्य ग्राहक से शाखा प्रबंधक के व्यवहार को लेकर पूछताछ की। केवल शिकायतकर्ता को बुलाकर उस पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया। अधिकारियों ने कहा कि आपका लोन आठ दिन में पास हो जाएगा, आप शिकायत वापस ले लीजिए, लेकिन शोकेन्द्र ने यह कहकर इंकार कर दिया कि जब तक लोन पास नहीं होता, वह शिकायत वापस नहीं लेगा। इस पूरे मामले में शाखा प्रबंधक से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनसे बात नहीं हो सकी।

# अर्पण पब्लिक स्कूल के योगाचार्य विशाल शर्मा योग रत्न से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** अर्पण पब्लिक स्कूल, थानाभवन में कार्यरत योगाचार्य विशाल शर्मा को राष्ट्रीय योग सेमिनार में ‘योग रत्न’ की उपा. धि से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सेमिनार लखनऊ स्थित गांधी भवन ऑडिटोरियम में 19 मई को आयोजित किया गया था, जिसमें देश के 15 राज्यों से 550 योगाचार्यों ने भाग लिया। विशाल शर्मा, जो जलालाबाद के निवासी हैं और शिवदयाल शर्मा के पुत्र हैं, ने सेमिनार में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह उपाधि प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के निदेशक एवं अध्यक्ष दिनेश दुबे द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। विशाल शर्मा ने वर्ष 2015 में पातंजलि योगपीठ, मैसूर से योग शिक्षा की शुरुआत की और 2019 में ऋषिकेश में उन्नति योग



केंद्र की स्थापना की। उन्होंने भारतीय संस्कृति को आधार बनाकर मिशन पराक्रम (योग शिक्षा एवं प्राचीन आत्मरक्षा पद्धति) के माध्यम से योग को बढ़ावा देना प्रारंभ किया। नवंबर 2024 से वे थानाभवन के अर्पण पब्लिक स्कूल में योग शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।इससे पूर्व, लगभग एक सप्ताह पूर्व, हिंदू इंटर कॉलेज, नैनीताल में भारत योग स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में उन्होंने वरिष्ठ वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था। इस उपलब्धि के चलते उन्हें लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के लिए चयनित किया गया था। विशाल शर्मा ने बताया कि अर्पण पब्लिक स्कूल में बच्चों को शुरुआत से ही योग की शिक्षा दी जा रही है, जिससे वे न केवल शैक्षणिक रूप से, बल्कि शारीरिक रूप से भी मजबूत बन सकें। उन्होंने योग को जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए सभी से इसे अपनाने की अपील की।

## दीवार जबरदस्ती खेत में गिराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** कस्बा बनत निवासी एक व्यक्ति ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर कुछ लोगों पर अपनी दीवार जबरदस्ती खेत में गिराकर फसलों को खुर्दबुर्द करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कस्बा बनत के मौहल्ला प्रेमनगर निवासी उमरजान पुत्र जफरूद्दीन ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विपक्षी दाऊद, जाबिर, आरिफ ने पीडित के चक में अपनी दीवार जबरदस्ती गिरा दी। जिससे खेत में खडी फसल खुर्दबुर्द हो गई। आरोप है कि जब पीडित ने अपनी दीवार का मलवा हटाने को कहा तो उक्त लोगों ने पुत्र आसमौहम्मद को जान से मारने की धमकी दी। कहा कि मेरा पुत्र पुलिस में है, जिससे इनकाउन्टर करा देगा।पीडित ने उक्त लोगों पर अवैध रूप से कृषि भूमि में मैरिज होम बनाने का आरोप लगाते हुए मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

# शिक्षण संस्थाओं में मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज, थानाभवन में रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या डॉ। पूजा मलिक द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर के प्रेरणादायक जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए की गई।उन्होंने बताया कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौड़ी नामक गांव में एक साधारण कृषक परिवार में हुआ था। बचपन से ही वे सरल, सधी हुई और दृढ़ नारी थीं। मात्र 12 वर्ष की आयु में उनका विवाह सूब. ेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव से हुआ। पति और पुत्र के निधन के बाद उन्होंने 1766 में मालवा राज्य की बागडोर संभाली और कुशलता से शासन किया। उन्हें ‘राजमाता’ के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने नारी सशक्तिकरण, विधवा पुनर्विवाह और महिला शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए।इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेश गोयल, विशेष अतिथि पवन, एवं पुलिस प्रशासन से चौकी इंचार्ज इंद्रसेन व मुकेश कुमार की उपस्थिति में छात्राओं को महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, रंगोली, और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। पत्रकार कुमारी पायल कश्यप ने भी रानी अहिल्याबाई के जीवन से जुड़ी प्रेरक बातें साझा कीं।कार्यक्रम में मती नीलम, मती पूनम गोयल, मती सुमन शर्मा, मती प्रेमलता सैनी, अंशु, मुकुल बिहारी बंसल, मती रिचा, डॉ। गीता सिंह



लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज, थानाभवन



ब्रिगेडियर होशियार सिंह मैमोरियन इंटर कालेज शामली

तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम ने न केवल छात्राओं में जागरूकता बढ़ाई, बल्कि उन्हें ऐतिहासिक नारियों से प्रेरणा लेने का संदेश भी दिया।

**शामली।** शहर के ब्रिगेडियर होशियार सिंह मैमोरियन इंटर कालेज में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयन्ती बड़े धूमधाम से मनाई गई। सोमवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष बादल गौतम रहे। कार्यक्रम में रानी अहिल्याबाई होल्कर पर आधारित बडी सुन्दर रंगोली छात्र निखिल, आरिन, राजतोमर, समीर आदि द्वारा बनाई गई। जिसमे सहायक अध्यापिका कला जूली त्यागी का योगदान रहा। रंगोली चित्र की मुख्य अतिथि व विद्यालय प्रधानाचार्या डा। नीरा सिंह ने अत्यधिक प्रशंसा की। छात्रों को रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल गोविन्द द्वारा की गई। कार्यक्रम में सुधीर कुमार, रामवीर सिंह गौड, देवेन्द्र कुमार, रवीन्द्र



सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली

कुमार, दीपक शर्मा, अरुण बालियान आदि मौजूद रहे।

**शामली।** सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश अनुसार पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष जयंती के अवसर पर शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में खेल व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। खेल प्रमुख संदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजीव कुमार ने छात्राओं को जुडो, खो खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, ताई कमांडो, बर्फ पानी, शेर बकरी जैसे अनेक खेल खिलाएं। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता में कला प्रमुख सुरभि मित्र ने बालिकाओं से रंग बिरंगी रंगोलियां बनवाई।

खेल प्रतियोगिता में ग्रुप ए ने प्रथम स्थान तथा रंगोली प्रतियोगिता में ग्रुप डी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कविता रानी, अनीता रानी, उपासना रानी, साक्षी रानी, अमित कुमार, विकास कुमार, मोहित कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## एडीएम के विदाई समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली ईंट निर्माता समिति द्वारा सोमवार को एडीएम संतोष कुमार का बरेली स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने एडीएम को भावपूर्ण विदाई दी। सोमवार को शामली ईंट निर्माता समिति द्वारा थानाभवन के एक बारातघर में एडीएम संतोष कुमार सिंह का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र मलिक व एडीएम संतोष कुमार सिंह ने किया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने एडीएम के कार्याकाल की सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष भूपेंद्र मलिक, महामंत्री सुनील गोयल, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा, लव राणा, अजय सिंघल, रामकुमार, संत कुमार, अनिल, मांगेराम मखमूलपुर, अरशद अहमद, अजय कुमार, प्रदीप पवार आदि मौजूद रहे।

## 21 मई से 30 तक निकलेगी तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कनफेडरेशन का ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि 16 मई शुक्रवार को दिल्ली के बाराखंबा रोड होटल ललित में कनफेडरेश ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की 24 राज्यों के व्यापारी प्रतिनिधियो की संगोष्ठी मैं लिए निर्णय के अनुसार देशभर में व्यापारी तिरंगा यात्रा निकालकर ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन करते हुए देश भर के सभी राज्यों में तिरंगा यात्रा निकालकर देश के वीर सैनिकों को सम्मान देने का कार्य करेंगे इससे देश में यह संदेश जाएगा कि देश का व्यापारी ने केवल आर्थिक मोर्चे पर ही योगदान देता है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और गौरव के मुद्दों पर भी देश के साथ दृढ़ता के साथ खड़ा रहता है इस यात्रा के माध्यम से देश भर में व्यापारियों की एकता व राष्ट्र के प्रति निष्ठा और वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता दर्शीई जाएगी क्योंकि जब देश का व्यापारी बाजारों में सड़कों से होकर तिरंगा लहराता हुआ निकलेगा तो वह दृश्य न केवल देखने लायक होगा बल्कि देशवासियों के दिलों को गर्व से भर देगा देश के व्यापारियों के राष्ट्रीय संगठन द्वारा लिए गए इस निर्णय पर अमल करते हुए प्रदेश के प्रांतीय व्यापारी संगठन पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार ने निर्णयलिया कि उत्तर प्रदेश में प्रदेश के सभी जिलों में वह नगरों में व्यापारी 21से 30 मई तक तिरंगा यात्रा कार्यक्रम आयोजित कर देश के वीर जवानों का गोरव व मान बढ़ाएंगे शामली में यह तिरंगा यात्रा 21मई बुधवार को साय 4 बजे शामली के सुभाष चौक शिव मूर्ति स्थित व्यापार मंडल के प्रांतीय मुख्यालय से शुरू होगी। इसमें सामाजिक संस्थाएं, धार्मिक संस्थाएं ,सभी व्यापार संगठन, लायंस क्लब, रोटरी क्लब हेल्थ क्लब, खेलकूद संस्थाएं तथा सभी शिक्षण संस्थाएं वे जनपद के व्यापारीभाग लेने हेतु सादर आमंत्रित है।

# असामाजिक तत्वों की पुलिस को दें जानकारी

**झिंझाना।** थाना प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर धर्म गुरुओं एवं व्यापारियों सहित क्षेत्र के सम्मानित लोगों के साथ मिटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर माहौल खराब करने वाले असमा. जिक तत्वों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की गई। सोमवार को संभल मामले में न्यायालय का फैसला आने को लेकर पुलिस अलर्ट रही, जिसको लेकर कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा क्षेत्र के धर्म गुरुओं एवं व्यापारियों सहित सम्मानित लोगों के साथ मिटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों की जानकारी पुलिस को देने की



अपील के साथ साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने एवं माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मौलाना तैय्यब, हाफिज अय्यूब, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नौशाद ठेकेदार, व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद संगल, सुनील बंसल सहित सभासद अनुज गुप्ता, नासिर मलिक, इस्तखार, जीशान, इकराम, जहांगीर आदि क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# छापेमारी से क्लीनिक सीज, कार्रवाई से हड़कम्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे में बिना परमिशन बेबी वॉर्मर मशीन में बच्चों को रखकर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने और फर्जी डिग्री लगाकर लोगों को गुमराह करने वाले डॉक्टर के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग ने कार्यवाही की है। शिकायत पर फर्जी डॉक्टर की क्लीनिक पर छापेमारी करते हुए क्लीनिक को सीज कर दिया गया है इस कार्रवाई से फर्जी डॉक्टरों में हड़कंप मच गया है।

कस्बे में एकता चाइल्ड केयर के नाम से बच्चों के डॉक्टर की क्लीनिक संचालित थी। क्षेत्र की जनता ने अधिकारियो को शिकायत लिखकर कहा था कि कस्बे में एक बच्चों के डॉक्टर की फर्जी क्लिनिक चल रही है जिसमें बिना परमिशन के एनआईसीयू वार्ड बनाकर बेबी वॉर्मर मशीन में बच्चों को रखकर उनके जीवन से खिलवाड़ किया जाता है। क्षेत्र की जनता ने प्रार्थना पत्र में यह भी शक जाहिर किया था कि उपरोक्त क्लीनिक पर लिखी डिग्रियां भी फर्जी है जिससे लोग भ्रमित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग शिकायत मिलने के बाद कस्बे में स्थित बच्चों के डॉक्टर की क्लीनिक पर पहुंची। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उक्त क्लिनिक पर अपना ताला जड़ दिया। टीम की आमद से अन्य क्लिनिक व हॉस्पिटल संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचे जिलाधिकारी के समक्ष उपरोक्त एकता हेल्थ चाइल्ड केयर सेंटर की शिकायत की गई थी। जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच करने के आदेश स्वास्थ्य विभाग को दिए थे। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के ए सीएमओ कपिल देव की अगुवाई में टीम एकता हेल्थ केयर सैंटर पर पहुंची,लेकिन टीम के आने की भनक लगते ही क्लिनिक संचालक फरार हो गया। टीम ने जांच करने के उपरांत उक्त क्लिनिक पर अपना ताला लगा कर सीज कर दिया है। एसीएमओ कपिल देव ने बताया कि एकता हेल्थ एंड चाइल्ड केयर सैंटर पर अपना ताला लगा दिया है। क्लिनिक संचालक मौके पर नहीं मिले डिग्रियों व अन्य जरूरी काग. जात लेकर उन्हें बुलाया गया है। यदि किसी भी तरह की कमी पाई जाती है तो उक्त क्लिनिक संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर की चौकी मुजफ्फराबाद के कंधेला गांव में 26 वर्षीय विवाहिता सहजमानी, पत्नी आरिफ, की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने आरिफ पर अवैध संबंधों के चलते हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। सहजमानी की शादी पांच साल पहले धातोली रांगड़ निवासी आरिफ के साथ हुई थी। दंपति के दो बच्चेख़तीन साल का अरीब और छह माह का एक अन्य बच्चा हैं।

परिजनों के अनुसार, शादी के बाद कुछ समय तक सब ठीक रहा, लेकिन पहले बच्चे के जन्म के बाद आरिफ का व्यवहार बदल गया। वह सहजमानी के साथ मारपीट और टोंटबाजी करने लगा। हाल ही में सहजमानी अपने बच्चों के साथ मायके चली गई थी। 11 मई को आरिफ की बहन की शादी के लिए वह सहजमानी को मनाकर ससुराल ले गया। परिजनों का कहना है कि 18 मई की शाम को सहजमानी से उनकी बात हुई थी, तब वह ठीक थी। लेकिन अगली सुबह 4:50 बजे तबीयत खराब होने की सूचना मिली। जब परिजन कंधेला पहुंचे, सहजमानी मृत पड़ी थी, और आरिफ सहित सभी ससुरालजन बच्चे लेकर फरार थे। सहजमानी के भाई ने बताया कि आरिफ के नोगांवा निवासी मामा की बेटी से अवैध संबंध थे, जिसकी शादी 24 मई को तय थी। परिजनों का आरोप है कि आरिफ ने सहजमानी को रास्ते से हटाने की धमकी दी थी। एएसपी मनोज यादव, थाना प्रभारी सचिन पुनिया, और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# कड़ी मेहनत कामयाबी का रास्ताः श्वेता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एमपीएस की चेयरपर्सन श्वेता सैनी ने कहा कि कड़ी मेहनत ही कामयाबी का रास्ता है। मेहनत करने वाले ही कामयाबी की बुलंदियों को छूते हैं।

सीबीएसई बोर्ड के कक्षा 10 व कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को स्कूल में मिठाई खिलाई गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि हमेशा की तरह इस वर्ष भी मदरलैंड पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शानदार रहा है और ये स्कूल प्रबंधन,स्टाफ और छात्र छात्राओं की संयुक्त कड़ी मेहनत का नतीजा है।श्वेता सैनी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत ही कामयाबी का एकमात्र रास्ता है और कड़ी मेहनत करने वाले ही कामयाबी की बुलंदियों को छूते हैं नया इतिहास बनाते हैं।

स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ कुमारी शालू भूर्यान ने कहा कि शिक्षा और अनुशासन किसी भी इंसान को श्रेष्ठ बनाते हैं।लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले अपनी मंजिल हासिल कर लेते हैं।प्रबंधक सत्य संयम भूर्यान ने कहा कि स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्र छात्राओं को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।शिक्षा के साथ साथ देशभक्ति, खेल व अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को जागरूक नागरिक बनाया जाता है ताकि वे आगे चलकर देश और समाज के विकास में योगदान दे सकें।

## आपूर्ति रहेगी बाधित

**सहारनपुर।** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड द्वितीय के अधिशासी अभियंता अविनाश कुमार ने बताया कि जैन बाग से पोषित धोबीघाट पोषक की विद्युत आपूर्ति चार घंटे बाधित रहेगी।

33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र जैन बाग, से पोषित 11 केवी धोबी घाट पोषक पर पोल लगाने व जर्जर पोल को बदलने का कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जिसके मद्देनजर विद्युत नगरीय वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता अविनाश कुमार ने बताया जैन बाग, से पोषित 11 केवी धोबी घाट पोषक की सुबह 08:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया जिसमें प्रभावित होने वाला क्षेत्र यथा मातागढ़, अलीशान गार्डन, हमजा गार्डन, हसन कालोनी, सुपर विहार, शिवेन्द्र विहार, नीलकंठ विहार, गणेश विहार व धोबीघाट आदि।

# होल्कर जयंती पर प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** जनता इंटर कालेज में रानी अहिल्याबाई होलकर जन्म शताब्दी पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिस मे विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई गई।

सोमवार को कालेज प्रांगण मे आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चंद सागर ने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने राष्ट्र की महान विभूतियों के आदर्श चरित्रों एवं देश व समाज के लिए किए गए कार्यों से प्रेरणा लेकर उन्हें अपने दैनिक जीवन में अंगीकृत करे। विद्यार्थियों को अपने मस्तिष्क से नकारात्मक ऊर्जा व सोच को त्यागकर सकारात्मक ऊर्जा व चिंतन का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की महान विभूति महारानी अहिल्या बाई होलकर ने सन 1767ईस्वी से 1795 ईस्वी तक मालवा साम्राज्य की गद्दी ग्रहण करते हुए भी महिला शिक्षा, सशक्तिकरण सामाजिक समरसता औद्योगिक. ीकरण तथा धार्मिक स्थलों की देख रेख एवं उनकी सुरक्षा का कार्य किया था। वरिष्ठ प्रवक्ता अरुण कुमार गौतम ने कहा कि महारानी अहिल्या बाई होलकर ने अपने शासन काल में काशी विश्वनाथ मंदिर सहित अनेक धार्मिक स्थलों एवं धर्मशालाओं का जीर्णोद्धार व निर्माण कराया गया था।उन्होंने निष्पक्ष एवं न्याय प्रिय होने के कारण अपने इकलौते पुत्र माले राव होलकर को भी दोषी पाए जाने पर उसे मृत्यु दंड सुनाया था अत: हमें महारानी अहिल्याबाई की शिक्षा को जीवन में ग्रहण कर उनके बताए मार्ग पर चलकर देश एवं समाज की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर अशोक कुमार,ऋषिपाल,हरपाल सिंह,प्रदीप कुमार, राजेश त्यागी,नौशाद अली, राहुल चौहान ,नीरज चौहान के अलावा छात्र छात्राएं मौजूद रहे । कार्यक्रम के बाद भाषण पेंटिंग वाद विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

# घर से लापता मानसिक रोगी युवती का सुराग नहीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हुई मानसिक रूप से कमजोर युवती का चार दिन बाद भी कोई सुराग नही मिल पाया है।

मिली जानकारी के मुता. बिक कि विगत शुक्रवार को ग्राम घाटहेड़ा निवासी पीड़ित मनिराम ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया था कि वह शुक्रवार की सुबह मजदूरी करने के लिए घर से कहीं बाहर चला गया था। उसकी पत्नी व 20 वर्षीय बेटी सुधा घर पर ही थी। उसकी बेटी दिमागी रूप से कमजोर है जो कि घर से कहीं चली गयी। दोपहर बाद लगभग तीन बजे जब पीडित मजदूरी कर घर आया तो उसकी पुत्री घर पर नही थी। पत्नी से पुत्री के बारे में पूछा तो उसे भी कुछ मालूम नही था। काफी समय बीत जाने पर भी जब बेटी घर नही आयी तो पीडित ने आस पडौस व गांव में तलाश शुरू की।

काफी खोजबीन के बाद जब बेटी का कुछ पता नही चल पाया तो पीड़ित ने शनिवार को थाना पर तहरीर देकर उसकी पुत्री की बरामदगी की गुहार लगायी। वहीं पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज करते हुए टीम गठित कर तलाश शुरू कर दी है। जिसका अभी तक कोई सुराग नही मिल पाया है।

# धमकी देने वाले अध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग तेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी और सिर कलम करने की धमकी देने के मामले में भारतीय किसान यूनियन (अटल) के अध्यक्ष अमित चौधरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने थाना फतेहपुर में प्रभारी सचिन पूनिया को तहरीर सौंपकर अमित चौधरी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करने और उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

वायरल एक वीडियो में अमित चौधरी ने राकेश टिकैत को देशद्रोही और आतंकवादी करार देते हुए उनके सिर कलम करने की धमकी दी और इनाम की घोषणा की। इस बयान से भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। रविवार को संगठन के प्रमुख पदाधिकारी, जिनमें जिलाध्यक्ष नरेश स्वामी, वरिष्ठ जिला महासचिव अजम काम्बोज, मंडल उपाध्यक्ष मास्टर सतपाल जिला उपाध्यक्ष सचिन चौधरी, युवा नगर अध्यक्ष विशाल काम्बोज, नगर अध्यक्ष छुटमलपुर प्रदीप चौधरी, मास्टर शहजाद अंसारी अन्वेष काम्बोज, गुलजार मालिक, पारस सैनी, सुमित काम्बोज, मंसूर अहमद, पदम सिंह, रामबीर सिंह, मुकेश काम्बोज, राकेश काका, राशिद अंसारी, मास्टर धनबीर सिंह, बुरहान अहमद, मौ. शौकीन, यूसुफ अहमद, भूपेंद्र राणा, हिमांशु काम्बोज, मौ. फैजान, इंतजार मलिक और मोी. हत काम्बोज आदि ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन जिले में आंदोलन शुरू करेगा। थाना प्रभारी सचिन पूनिया ने तहरीर प्राप्त होने की पुष्टि की और बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना ने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है, और किसान संगठन दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# साइड न देने पर चले लाठी डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** साइड देने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने धारदार हथियारों का प्रयोग भी किया। मारपीट की इस घटना में महिला समेत पांच लोग घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने मेडिकल के लिए भेज दिया है। गांव बालू में शाम के समय साइड देने के विवाद को लेकर दो पक्षों के युवकों के बीच कहां सुनी हो गई थी। जिसे बाद में गांव की जिम्मेदार लोगों ने निपटा दिया था।

आरोप है कि सुबह के समय गांव के दूसरे पक्ष के 9 लोग एकत्रित होकर पहले पक्ष के खेतों पर पहुंच गए। जहां पर वह लोग अपने खेतों में काम कर रहे थे। थाने में दी गई तहरीर में बताया गया है कि एक राय होकर सभी ने खेतों में काम कर रहे लोगों पर लाठी डंडो तथा धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष में जब शोर तो खेतों में आसपास काम कर रहे लोगों ने उन्हें बचाया। मामला दो समुदाय के होने के बीच पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला समेत पांच लोगों को मेडिकल के लिए भेज दिया है।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र **मोहित** मेरे कहने-सुनने में नहीं है। **मोहित** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में **मोहित** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**कंवरपाल पुत्र फुल सिंह**
निवासी- ग्राम नवादा, थाना सरसावा, जिला सहारनपुर।

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री तहजीब को नाफरमानी व अपनी मर्जी से शादी करने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**फरजाना पत्नि मौ. अशरफ मौहल्ला बहाउद्दीन, कस्बा गंगोह, जिला सहारनपुर।**

# किसान, मजदूर देश की रीढ़: पूरण



**चिलकाना।** ग्राम बुड्ढाखेडा में इंडियन नर्सरी मेन एशोसिएशन मंडल चैप्टर सहारनपुर के तत्वाधान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि किसान मजदूर संगठन (पूरण सिंह) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर दीपक सोम, जिला उपाध्यक्ष अनीस प्रधान व अंकित बालियान का एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ठाकुर दीपक सोम ने कहा कि उनका संगठन हमेशा से ही मजदूर व किसानों के हित की लड़ाई मजबूती से लड़ता आया है। वह हर किसान मजदूर के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर खड़े होते हैं।

उन्होंने कहा कि हमारा संगठन किसी भी कीमत पर किसान व मजदूरों का उत्पीडन बर्दाश्त नही करेगा। किसान व मजदूर इस हमारे देश की रीढ़ है। इस मौके पर एशोसिएशन मंडल चैप्टर सहारनपुर के संगठन अध्यक्ष मोहम्मद खालिद, उपाध्यक्ष मुशर्रफ, मान सिंह, महासि. चव रजनीश कुमार, कोषाध्यक्ष हाजी महमूद, चौधरी साजिद, गुलबहार प्रधान, फरहाद, रागिब, चौधरी नदीम व आमिर आदि लोग मौजूद रहे।

# बंद मकान से चुराया शादी का सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** रविवार की रात को कोतवाली क्षेत्र के गांव चोहड़पुर में एक बंद पड़े मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया घर में शादी के लिए लड़कियों के सोने चांदी के जेवर और अन्य कीमती लाखों रु के सामान को चुराले गए है।पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित मेहंदी हसन पुत्र वहीद ने बताया कि रविवार को वह मकान बंद कर परिवार के साथ देहरादून रिश्तेदारी में चला गया था। उन्हें गांव वालो से सूचना मिली कि उनके मकान का ताला टूटा हुआ है और घर में सामान भी बिखरा पड़ा है। वह वापस गांव पहुंचा और घर में जाकर देखा तो पता चला कि चोरों ने घर में रखा बेटियों की शादी में देने के लिए दहेज का सामान, जेवरात,अलमारी में रखे डेढ़ लाख रुपए की नगदी सहित कपड़ा,बर्तन आदि लाखों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह ने बताया जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

**महर्षि दयानंद कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन**
**(कॉलेज कोड -176)**
(मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से संबंद्धता)

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में निम्नलिखित विषयों शिक्षण के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर की आवश्यकता है।
1. बी0एस0सी0 (i) जंतु विज्ञान (ii) वनस्पति विज्ञान (iii) रसायन विज्ञान (iv) भौतिक विज्ञान (v) गणित
2. बी0बी0ए0 3. बी0सी0ए0 (सभी विषय)
योग्यता: UGC एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र समस्त प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि एवं 2 फोटो के साथ विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर निम्न पते पर भेजें।
**पता: महर्षि दयानंद कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन,**
ग्राम-बडुली, पोस्ट-कोटा, जिला-सहारनपुर (UP)-247001
**अध्यक्ष / प्रबंधक**

**-:आवश्यकता है:-**

मंहत जगन्नाथ महाविद्यालय बिजनाखेडी (बान्दूखेडी) सहारनपुर को आवश्यकता है। सह. आचार्य अंग्रेजी 01, राजनीति शास्त्र 01, हिन्दी 01, इतिहास 01 शैक्षिक योग्यता NET या Ph.D वेतनमान UGC के मानकानुसार देय होगा। आवेदक प्रकाशन के 15 दिन के अंदर बायोडाटा स्वयं या डाक द्वारा भेजे।

**सचिव 9758071232 प्राचार्य 7037219416**

**सूचना**

मेरे पुत्र की हाई स्कूल मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 25177862 है में मेरा नाम AHAMAD NIYAZ व बेटे का नाम YASIR UMAR NIIYAZI दर्ज हो गया है जबकि मेरे सभी प्रपत्रों में मेरा नाम AHMAD NIYAZ व बेटे का नाम YASIR UMAR NIYAZI है। अत: भविष्य में मुझे व मेरे पुत्र को सही नामों से ही उच्चारित किया जाए।

**अहमद नियाज पुत्र रशीद अहमद निवासी मोहल्ला महल, रामपुर मनिहारान, जिला सहारनपुर।**

# जंगल हाइकिंग प्रोग्राम में शामिल हुए बच्चे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर में लिटिल चिल्ड्रन फन प्ले स्कूल के बच्चों ने जंगल हाइकिंग प्रोग्राम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति से जोड़ना और उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था।

हाइकिंग के दौरान बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महत्वपूर्ण जीवन कौशल सिखाए गए बच्चों को यात्रा का समय निर्धारित करने, टॉर्च, नक्शा, प्राथमिक चिकित्सा किट और कपास जैसे जरूरी उपकरण साथ रखने का प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें कठिन पगडंडियों पर सुरक्षित रहने, पर्यावरण का सम्मान करने, कचरा न फैलाने और सीमित जल का उपयोग करने की तकनीकें सिखाई गईं। इसके अलावा, वनस्पति और वन्यजीवों की सुरक्षा, आपात स्थिति में भोजन का प्रबंधन और शारीरिक व्यायाम जैसे विषयों पर भी ध्यान दिया गया

इस कार्यक्रम में आदविक कंबोज, छवि, काव्या, दिव्यांशी, आहिल, अमीर हम्जा, आतिफा, उमर, शौर्य, ईसी कंबोज, अलिजा, माहिरा, मनस, पूरू, श्रेयांश, हरमन, अवयान, मायरा मलिक, दीक्षिका, महक, तनवी राठौर, अलतशा, ऋषभ सैनी, यशवी कंबोज, ज्योति, प्रिंस रूद्र, वीर प्रताप, आदित्य, शाद मोहम्मद, पलक सैनी, आरवि, आन्या, विदुषी, निमृत, खुशी, आयांश, अर्पित, शिवाय, आयशा, युग, अनिका, अबूसाद युवराज, दिव्या, समृद्धि, लिजा, राघव, अवनी, आरो, अर्णव अग्रवाल सहित कई बच्चों ने हिस्सा लिया। यह प्रोग्राम बच्चों के लिए न केवल शैक्षिक, बल्कि रोमांचक और प्रेरणादायक भी रहा, जिसने उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ाया।

## जयंती मनाई

**गंगोह।** हिंदू राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई।

प्रधानाचार्य विजय कुमार व अध्यापकगण ने के द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। भूगोल प्रवक्ता डॉ. नाथीराम एवं इतिहास प्रवक्ता भोलानाथ सरोज द्वारा रानी अहिल्याबाई के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। गगन गर्ग ने माता अहिल्याबाई होलकर के जीवन से जुड़ी कविता प्रस्तुत की। छात्राओं कनक, अवनी, शगुन आदि ने अहिल्याबाई होल्कर के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य विजय कुमार द्वारा छात्राओं को महिला सशक्तिकरण और रानी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा किए गए विभिन्न कार्यो का वर्णन किया गया। संचालन अध्यापक विनय कुमार धीमान द्वारा किया गया।

# हवन, पूजन के साथ मूर्ति की स्थापना



**चिलकाना।** गांव पटनी के शिव मंदिर में श्री राम दरबार की मूर्तियों की स्थापना पूजन, हवन के साथ संपन्न हो गई।

ग्राम पटनी में स्थित शिव मंदिर में श्री राम दरबार मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम एक सप्ताह से पंडित अंकुर शर्मा की देखरेख में चल रहा था। मूर्तियों का जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास तथा वस्त्राधिवास विधिवत रूप से संपन्न हुआ। सोमवार को सर्वप्रथम पूजन हुआ उसके बाद सामूहिक हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। यज्ञ आचार्य अंकुर शर्मा ने मुख्य यजमान राज. ेंद्र गोयल, संतोष गोयल, जॉनी गोयल, अनुज गोयल द्वारा पूजा संपन्न कराने के उपरांत मूर्तियों को स्थापित कराया।

उन्होंने कहा कि हमें भगवान श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतरना चाहिए, तभी हमारा जीवन सार्थक हो सकता है। भगवान श्री राम ने अपने परिवार सहित पूरे समाज के लिए मर्यादाओं का एक चक्र स्थापित किया था। हम सभी उन मर्यादाओं का पालन करना चाहिए। मूर्ति स्थापना के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया।

## ग्रामीण ने जमीन पर अवैध कब्जे के प्रयास का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ग्रामीण ने भूमाफियाओं के साथ मिलकर गांव के ही एक व्यक्ति पर उसकी जमीन कब्जाने के प्रयास का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाई करने की गुहार लगाई हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव इंदरपुर निवासी शिवकुमार ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा हैं कि उक्त जमीन को लेकर उसका वाद सीओ चकबंदी न्यायालय में चल रहा है। जबकि आरोपी गांव के अन्य लोगों एवं भूमाफियाओं के साथ मिलकर अवैध रुप से उसकी जमीन पर उसके द्वारा की जा रही प्लाटिंग में तोड़फोड़ कर कब्जाने का प्रयास कर रहा है। जबकि उसे चकबंदी न्यायालय से क्रय-विक्रय एवं यथा स्थिति बनाए रखने का स्टे आदेश मिला हुआ है। लेकिन उक्त भूमाफिया वाद के निस्तारण से पूर्व ही अवैध तरीके से उसकी भूमि को कब्जा करने की नियत से उसे जानसे मारने की धमकी दे रहे हैं। पीडित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई को गुहार लगाई।

## वांछित आरोपियों को न्यायालय के समक्ष किया पेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

कोतवाली पुलिस ने अलग अलग मामलों में न्यायालय से 23 लोगों के वारंट जारी हुए थे जिन्हें पुलिस ने अदालत के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक वारंटियों में मोहल्ला शाहबुखारी निवासी फैसल, खजूरी निवासी नरेंद्र, भायला खुर्द निवासी लोकेश, कपूरी गोविंदपुर बाबूराम, बन्हेड़ा खास निवासी इनाम, फुलास अकबरपुर का नईम, पठानपुरा निवासी शकील कबाड़ी, मोहल्ला शाहजीलाल निवासी नईम, फतेहपुर उर्फ सांपला दीवड़ा निवासी मोनू, मुनेश, डेहरा गांव निवासी रेखा, राजवीर, लाल्ली, तल्हेड़ी बुजुर्ग निवासी नरेंद्र, रणखंडी गुलाल पट्टी राहुल, अंबहेटा शेखां



निवासी अमित कुमार, मोहल्ला गुज्जरवाड़ा निवासी वसीम, साबिर, कोहला बस्ती का मुनीर, कायस्थवाड़ा (मुलतानियान) निवासी परवेज, मेहरजमा, मिश्रा कॉलोनी का अक्षय शर्मा, वाल्मीकि कॉलोनी निवासी विपिन उर्फ पोपीन शामिल हैं।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दी बिदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** इस्लामिया डिग्री कॉलेज में आयोजित फेयरवेल पार्टी में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के माध्यम से सीनियर छात्रो को उपहार देकर बिदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उर्दू गेट स्थित इस्लामिया डिग्री कॉलेज में आयोजित फेयरवेल पार्टी में बीबीए, बीसीए अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने सीनियर विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के माध्यम से उन्हें उपहार देकर बिदाई दी गई। इस अवसर पर विभागाध्यक्षा सुश्री खालिदा फातिमा ने कहा कि छात्र जीवन में संस्कारो का अहम महत्व हैं संस्कारो से छात्र-छात्राओं ने नेतिक्ता, अनुशासन एवं सामा. जित जिम्मेदारी का विकास होता हैं। उन्होने कहा कि छात्र-छात्राएं कॉलेज से बहुत कुछ सीखकर जाते हैं उन्हें अपने ज्ञान को दूसरो तक पहुंचाना चाहिए। उन्होने कॉलेंज में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को कॉलेज में चल रहे पाठयक्रम के सम्बंध में जानकारी देने के साथ ही नेशनल एवं इंटरनेशनल लेवल और गल्फ कंट्रीज में प्लेसमेंट



कराने पर चल रहे प्रयासों की भी छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। उन्होने कॉलेज से शिक्षा गृहण कर जाने वाले छात्र-छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना की। मोस्ट एक्टिव स्टूडेंट का अवार्ड रीतू, नेहा, गगन, अंशिका त्यागी ने अपने नाम किया। मिस्टर फेयरवेल बीबीए से मौहम्मद अकदस, मिस फेयरवेल आयशा राव तथा बीसीए से मौहम्मद दानिश, लाएबा को चुना गया, जबकि मिस्टर एवम मिस परफॉर्मर बीबीए से मौहम्मद आकिब और सुमैया गौर को तथा बीसीए से मौहम्मद अनस और जोया नूर को चुना गया। इस अवसर पर बीबीए, बीसीए के सुबह सिंह, कमलजीत, दीपक, नमन, अब्दुस समद, गानिब खान आदि छात्र-छात्राएं एवं विभाग के समस्त प्राध्यापक शामिल रहे।

## खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मथुरा में उत्तर प्रदेश स्टेट कराटे चौंपियनशिप देवबंद की बसंत एकेडमी के खिलाडियों ने तीन स्वर्ण पदक समेत सात पदक जीत कर क्षेत्र नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले तीन खिलाडियों का चयन मध्य प्रदेश में होने वाली नेशनल चौंपियनशिप के लिए किया गया।

एकेडमी कोच बसंत उपाध्याय ने बताया कि मथुरा में जीएलए विश्वविद्यालय में आयोजित उत्तर प्रदेश कराटे चौंपियनशिप में प्रदेश के 20 जनपदो के कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया था। बताया कि सहारनपुर जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुए उनकी एकेडमी के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण पदक समेत सात पदक प्राप्त किए। बताया कि निशु प्रजापती, तनु और भारती ने अपने-अपने वर्ग में गोल्ड जबकि आयुष, वासु, अफ्फान गुज्जर और वरनीका ने अपने-अपने वर्ग में सिल्वर पदक प्राप्त किया। बताया कि मध्यप्रदेश मे होने वाले कराटे ऐसोशियशन ऑफ इंडिया के नेशनल मे निशु प्रजापती, तनु और भारती का चयन हुआ। प्रतियोगिता में अमित गुप्ता द्वारा खिलाडियो और कोच बंसत उपाध्याय को सम्मानित किया गया।

## मेधावी छात्रों को वितरित की 21 लाख रुपये की छात्रवृत्ति





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मेपल्स एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों को 21 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि शिक्षा ही ऐसा साधन है जो समाज में बदलाव ला सकता है।

मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित मेपल्स एकेडमी स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने सभी मैधावी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह अपने ज्ञान व कौशल के बूते भविष्य में ऊंचाइयां छुए और सभी के लिए प्रेरणास्रोत बनें।

प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने बताया कि कक्षा 12 में अनुष्का ने 99 प्रतिशत अंक लेकर जनपद में दूसरा स्थान और आल इंडिया में पांचवी रैंक प्राप्त की है। इसी तरह कक्षा 10 में मानव त्यागी ने जनपद में तीसरा और देवबंद क्षेत्र में पहला स्थान प्राप्त किया है।

कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं कक्षा के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इसके अलावा जेई मेन्स की परीक्षा में चयनित प्रीत त्यागी व तेजस्वी को सम्मानित किया गया। विनोद गोयल, विजय सिंह, आचार्य मुकेश मित्तल डा. डीके जैन आदि मौजूद रहे।

## पालिकाध्यक्ष को सौंपा सभासदों ने ज्ञापन

**देवबन्द।** शासन ने भवन या भूमि के वार्षिक मूल्य कर के निर्धारण के लिए नियमावली 2024 लागू की है। देवबंद में उक्त नियामावली के अंतर्गत मई 2025 से पालिकाकर्मियों ने स्वकर प्रणाली के तहत डोर-टू-डोर सर्वे शुरू कर दिया है। लेकिन इसको लेकर पालिका सभासदों ने आपत्ति जताते हुए पालिक. ाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है। सोमवार को पालिका सभासदों ने स्वकर प्रणाली को लेकर पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग को ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंने कहा कि उक्त नियमावली बोर्ड के समक्ष मीटिंग के एजेंडे पर अभी तक नहीं रखी गई है और न ही इस नियमावली की उन्हें कोई जानकारी है। वार्डों में कर निर्धारण करने के लिए मासिक किराया दर और नागरिकों से आपत्तियां या सुझाव मांगे जाने की भी कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि वार्डों से जनता ने अपना प्रतिनिधि चुनकर पालिका बोर्ड में भेजा है। लकिन अफसोस की बात है कि नियमावली के विषय में कोई पत्र पालिका की ओर से संज्ञान में नहीं लाया गया। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि नगर देवबंद की आबादी एक लाख से अधिक है। जनता से कितनी आपत्तियां और सुझाव प्राप्त हुए उसकी जानकारी दी जाए और बरती गई लापरवाही का दायित्व तय किया जाना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में वाजिद मलिक, सभासद पति शराफत मलिक, शाहिद हसन, बिलकिस, औसाफ सिद्दीकी, अफशा लियाकत, वसीम मलिक आदि शामिल रहे

## कुत्ते को डंडा मारने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गांव में एक ही समुदाय के दो अलग-अलग वर्गो में मामुली कहासुनी के बीच देखते ही देखते दोनो पक्ष लाठी-डंडो लेकर एक दूसरे के सामने आ गए। इसमे सात लोग घायल हो गए। घायलो को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरें के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाई किये जाने की मांग की हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव साधारणपुर में पंडित रमेश शर्मा और गांव के ही शालू (दलित) के बीच श्रवान (कुत्ते) को डंडा मारने को लेकर कहा सुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर एक दूसरें के आमने सामने आकर हमला कर दिया। इस दौरान महिलाओं ने भी पथराव कर दिया। मारपीट में एक पक्ष से सुमंत शर्मा,



अरुण लता, आशुतोष शर्मा और सोनू शर्मा एवं दूसरे पक्ष से शालू और अभिजीत सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस के सामने भी दोनों पक्ष लाठी डंडो और पत्थरों से एक दूसरें पर हमला करते रहे। पुलिस ने किसी तरह स्थिति पर नियंत्रण कर दोनों पक्षों को समझा-बुझा शांत करते हुए घायलो को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से दो घायलो को गंभीर चोटो के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सोनकर ने बताया कि मामले की जांच उपरांत दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उनके मुताबिक अभी किसी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## सरकार व प्रशासन दोहरा मापदंड अपना रहे: मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद मौलाना महमूद मदनी ने अशोका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त की और इसे सांविधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। कहा कि सरकार की आला. ेचना करना देश का विरोध करना नहीं है।

मौलाना महमूद मदनी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि प्रोफेसर अली खान का बयान जोकि मेरे भी संज्ञान में है, देशद्रोह या अपमान के रुप में पेश करना समझ से परे है। जहां तक आलोचना या असहमति का सवाल है इसकी अनुमति है, भले ही इसका सरकार से ही लेना देना क्यों न हो। यह एक स्थापित तथ्य है कि सरकार या देश के किसी वर्ग या संगठन से असहम. ति, देश का विरोध करने के समान नहीं है। मौलाना मदनी ने सरकार और प्रशासन के दोहरे मापदंड का भी जिक्र करते हुए कहा कि एक तरफ मध्यप्रदेश सरकार के एक मंत्री कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहते हैं जिसके लिए अदालत उन्हें फटकार लगाती है लेकिन सरकार या पार्टी ने अभी तक कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की। जबकि उनका बयान देश की एकता का अपमान है। हालांकि प्रोफेसर अली को तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाता है। यह दृष्टिकोण न्याय प्रदान करने वाली संस्थाओं के प्रति लोगों में अविश्वास को बढ़ावा देता है। मौलाना महमूद ने भारत सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने और



प्रोफेसर अली खान की बिना शर्त रिहाई के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाए जाने की मांग की है। बता दें, कि प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में भारतीय सेना की महिला अधिकारियों का अपमान किया और सांप्रदायिक वैमनस्य को बढ़ावा दिया।

## कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने की सभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिनांक 19 मई दिन सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं द्वारा एक सभा का आयोजन कर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी द्वारा उत्तर प्रदेश में संगठन सर्जन कार्यक्रम के अंतर्गत यूपी के सभी जिलों में कोर्डिनेटर नियुक्त कर सांगठनिक ढांचे को मजबूती दिए जाने के फैसले का स्वागत किया। इसी क्रम में कांग्रेस कमेटी शामली के पूर्व जिलाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य ओमप्रकाश शर्मा को सहारनपुर शहर के कोर्डिनेटर बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए नवनियुक्त कोर्डिनेटर का फूल मालाओं से स्वागत कर एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी गई । इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस



सेवादल के प्रदेश महासचिव ने कहा कि देश और प्रदेश में शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रदेश में कांग्रेस के सांगठनिक ढांचे को ओर अधिक मजबूती देने व कांग्रेस के निष्क्रिय हो चुके पुराने ,सच्चे,समर्पित कार्यकर्ताओ को पुन: सक्रिय करने हेतु संगठन सर्जन कार्यक्रम को गति देकर पार्टी हित के लिए अच्छी पहल की है और सभी जिलों में कोर्डिनेटर की नियुक्ति निसन्देह संगठन को मजबूती प्रदान करने का काम करेगी । सभा मे सभी वक्ताओं ने शीर्ष हाईकमान के निर्णय की सराहना करते हुए नवनियुक्त कोर्डिनेटर को बधाई और नवीन दायित्व हेतु शुभकामनाए प्रेषित की । नवनियुक्त सहारनपुर शहर के कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसका मै सच्ची श्रद्धा और निष्ठा के साथ पालन करते हुए संगठन सर्जन कार्यक्रम को सार्थक करने का पूर्ण प्रयास करूंगा ओर सभी को साथ लेकर संगठन के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करूंगा। इस अवसर पर वैभव गर्ग, प्रवीण तरार, सोमदेव चौधरी, योगेश भारद्वाज, ओमबीर उपाध्याय, रविन्द्र आर्य, पुनीत शर्मा, सुरेंद्र सरोहा, सोहिल धीमान, ठा. लखन सिंह, सुरेश पाल सैनी, विक्रम सिंह, विनोद अत्री और अन्य कांग्रेसजन आदि उपस्थित रहे।

## 43 साल पुराने कब्जे से मुक्त कराई गई 2.75 बीघा भूमि, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

### बल्ला मजरा में राजस्व विभाग की कार्रवाई, अब रास्ता होगा पहले जैसा सुगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव बल्ला मजरा में सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए करीब 43 वर्षों पुराने अवैध कब्जे को हटवाया। खसरा संख्या 483 में दर्ज 0.1830 हेक्टेयर (लगभग 2.75 बीघा) सार्वजनिक भूमि, जो राजस्व अभिलेखों में रास्ता के तौर पर दर्ज है, को कब्जे से मुक्त करा लिया गया। इस भूमि पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा लंबे समय से अवैध कब्जा कर गन्ने की खेती की जा रही थी, साथ ही पोपलर के पेड़ भी लगाए गए थे। इतना ही नहीं, उक्त भूमि का एक हिस्सा ऊन शुगर मिल को गन्ना तोल कांटे के उपयोग हेतु किराए पर दिया गया था, जिससे उसे वर्षों से आर्थिक लाभ भी हो रहा था। इस की शिकायत ग्राम निवासी अब्बास पुत्र गफ्फार खान ने तहसील समाधान दिवस ऊन में की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ऊन निधि भारद्वाज ने कार्रवाई के निर्देश दिए। आदेशों के अनुपालन में हल्का लेखपाल लोकेश सैनी, कानूनगो विनोद कुमार और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर पैमाईश के बाद कब्जा हटवाया। कानूनगो विनोद कुमार ने बताया कि पैमाईश में जो पेड़ जमीन पर पाए गए, वे सभी सरकारी भूमि में स्थित थे। उन्होंने कहा कि भूमि को पूर्ववत रास्ते के रूप में चिह्नित कर दिया गया है और अब ग्रामीणों को आवाजाही में सहूलियत मिलेगी। कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का विरोध नहीं हुआ। प्रशासन ने पूरी संवैधानिक प्रक्रिया के तहत भूमि को खाली कराया और मौके पर मौजूद लोगों को जानकारी दी कि यह जमीन सार्वजनिक उपयोग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए राहत की सांस ली और कहा कि वर्षों से बंद पड़ा यह रास्ता अब उनके लिए फिर से खुल



गया है। अब स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों और राहगीरों को काफी सुविधा होगी।

### मेढ को खुर्द-बुर्द कर किसान की गन्ने की फसल जोती

**ऊन।** तहसील के गांव टोडा में चक मार्ग पर अवैध कब्जा कर रखा है ग्रामीणों ने इसकी शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में की थी इसके बाद लेखपाल ने बगैर पैमाइश किए अवैध कब्जा धारी की नींव खुदवा दी इस संबंध में ग्रामीणों ने उप जिला अधिक. ारी को शिकायत कर किसी अन्य लेखपाल से पैमाइश करने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर गांव टपराना के मजरे लपराना में दबंग द्वारा किसान की मेड को खुर्द बुर्द कर गन्ने की फसल जोत दी पीड़ित किसान ने उप जिला अधिकारी को शिकायत कर मेड सही कराने तथा विपक्षी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव टोडा में खसरा नंबर 343, 338, 375 चक मार्ग अभिलेखों में दर्ज है ग्रामीणों की शिकायत है कि चक मार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में की थी इसके बाद हल्का लेखपाल ने बगैर पैमाइश किए सोमवार को उसमें अवैध कब्जा धारी की नींव खुदवा दी जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ेगी इस संबंध में ग्रामीण बॉबी, विजेंद्र, बबलू ,ओमपाल ,कुलबीर ने उप जिलाधिकारी निधि भारद्वाज को शिकायत कर किसी अन्य लेखपाल से पैमाइश करने की मांग की है। गांव टपराना के मजरे लपराना में गांव निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र जयवीर की भूमि खसरा संख्या 1354 की मेड पास के खातेदार ने खुर्द बुर्द कर दी सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर मेड लगवा दी थी लेकिन दोबारा फिर पड़ोसी चकदार ने पूरब दिशा की मेड को खुर्द बुर्द कर दिया इस संबंध में पीड़ित किसान ने उप जिला अधिकारी को शिकायत कर मेड लगवाकर कार्रवाई की मांग की है।

## अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर खेल प्रतियोगिता

**कैराना।** नगर के शिक्षण संस्थाओं में अहिल्याबाई होल्कर की जयन्ती के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया।

नगर के सेंटआरसी सांईटिफिक कांवेन्ट स्कूल में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयन्ती के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें कक्षा 11 के छात्र छात्राओं ने दौड़ प्रतियोगिता में खूब दम-खम दिखाया। दौड़ प्रतियोगिता में नरगिस प्रथम, आयुषी शर्मा द्वितीय तथा परख चौहान तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 12 की छात्राओं ने सुन्दर रंगोली बनाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। रंगोली प्रतियोगिता में गौरी, कशिश व आस्था का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय निदेशक यशपाल पंवार ने रानी अहिल्याबाई के जीवन चरित्र को विस्तृत रूप से प्रकाशित करते हुए बताया कि रानी अहिल्याबाई होल्कर मालवा क्षेत्र की मराठा शासक और न्यायप्रिय महारानी थी।

इन्होंने समाज में फैली कुरूतियों को दूर करने एवं महिला सशक्तीकरण के लिए विशेष प्रयास किया। दूसरी ओर लाला नरसिंह दास सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज में रानी अहिल्या होल्कर पूण्य तिथि मनाई गई जिसपर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने बताया कि भारतीय इतिहास कई महान योद्धाओं, शूरव. ीरों और क्रांतिकारियों की उपलब्धियों की गाथाओं से भरा हुआ है।

अहिल्याबाई होल्कर उन्हीं योद्धाओं में से एक है। अहिल्याबाई होल्कर 18 शताब्दी की एक प्रेरणादायक महिला थीं जिनको न्याय की देवी के नाम से भी जाना जाता था। अहिल्याबाई होल्कर का पूरा जीवन आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। तथा उसके बाद विद्यालय में महिला शक्तिकरण पर आचार्य दीपक कुमार के द्वारा सभी लडकियों की एक दौड़ तथा आचार्य शियानन्द ने छात्राओं की रंगोली प्रतियोगता चलाई तथा दौड़ प्रतियोगता कराई। वहीं नगर के डीके कान्वेंट स्कूल व हिमालय माडल स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### इंटर कालेज ने रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कैराना।** नगर के कालेज में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सोमवार को नगर के पब्लिक इंटर कालेज में उत्तर प्रदेश शासन के आद. ेशानुसार महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक एवं प्रभावी कदम बढ़ाते हुए, पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देवी अहिल्याबाई होल्कर की बहुत सुंदर और दर्शनीय पेंटिंग बनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम के संयोजक शक्ति सिंघल एडवोकेट पूर्व मण्डल अध्यक्ष उपस्थित रहे , कालेज में प्रधानाचार्य एवं अन्य वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा मुख्य अतिथि को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर के प्रेरणादाई जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डाला गया।

## सतगुरु रविदास आश्रम डेरा फर्कपुर जगाधरी में संत समागम आज

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मिशन गद्दी ऊन के तत्वाधान में बेगमपुरा शोध संस्थान चेरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से सतगुरु समनदास ध्यान योग आश्रम डेरा फर्कपुर जगाधरी में कल होने वाले वार्षिक संत समागम की तैयारियां पूरी कर ली गई है। जानकारी देते हुए ट्रस्ट चेयरमैन व आश्रम व्यवस्थापक आचार्य संत कंवरपाल ब्रह्मचारी महाराज ने बताया कि संतो में शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज का सत्संग सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज की रहनुमाई में इस वर्ष भी 20 मई 2025 दिन मंगलवार की शाम करीब 9 बजे धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें धार्मिक सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र के गणमान्य समेत देशभर के अन्य प्रांतों से संगत पहुंच रही है।

उन्होंने सभी से महान वार्षिक संत समागम में पहुंचकर सत्संग को श्रवण करते हुए जीवन धन्य बनाने की अपील की। इस दौरान ईश्वर दास, गुरुचरण, रोहतास कुमार, रविन्द्र प्रधान, राहुल दास, बलबीर सिंह, नीतराम, अक्षय बरवाला व विवेक कुमार समेत आदि मौजूद रहे।

# जीत के साथ खोया आत्मविश्वास हासिल करने उतरेगी सीएसके

● दोनों टीमें अब तक अपने अभियान में केवल तीन जीत के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है

**नई दिल्ली, वार्ता।** करिश्मायी कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 62वें मुकाबले में मंगलवार को राजधानी के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ़ जीत के साथ साथ खोया आत्मविश्वास हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

संजू सैमसन के कुशल नेतृत्व में राजस्थान रॉयल्स बेहतरीन बल्लेबाजी फॉर्म की बदौलतर हाल ही में सीएसके पर अपना दबदबा बनाने में सफल रही है और इस मुकाबले में भी उसका इरादा जीत का स्वाद चखने का होगा। दोनों टीमें अब तक अपने अभियान में केवल तीन जीत के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। इस प्रकार आईपीएल 2025 का यह मुकाबला इस सीज़न को शानदार तरीके से खत्म करने और अपने चहेते कप्तान की साख को बरकरार रखने का होगा। चेन्नई ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराकर अभियान की शुरूआत की थी, लेकिन उनका शीर्ष क्रम अस्थिर रहा। पंजाब किंग्स से दस रन से हारने के बावजूद आरआर ने अपने पिछले दो मैचों में 400 से अधिक रन बनाए हैं और अधिक संतुलित बल्लेबाजी इकाई के तौर पर स्पष्ट दिखाई दी है। दूसरी ओर राजस्थान ने चेन्नई के खिलाफ अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीते हैं। यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल जैसे प्रमुख खिलाड़ी बेहतरीन फॉर्म में हैं। उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है, जिसमें तुषार देशपांडे और फजलहक फारुकी पर सफलता दिलाने की जिम्मेदारी है। सीएसके के लिए, युवा सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे और शेख रशीद से मजबूत शुरुआत की उम्मीद की जाएगी, जबकि अनुभवी रवींद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस और खुद धोनी मध्य और निचले क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आयेंगे। टीम में गेंदबाजी आक्रमण खलील अहमद और अंशुल कंबोज पर निर्भर करेगा, जबकि स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और जडेजा से किसी भी टर्न का फायदा उठाने की उम्मीद है। दिल्ली का मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक बादल छाए रहने की उम्मीद है और सपाट पिच पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों के अनुकूल है। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 200 के आसपास का स्कोर बनाने की कोशिश करेगी, क्योंकि इस मैदान पर दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो जाता है। हालांकि रविवार के मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल के 200 रन के लक्ष्य को बिना विकेट खोये आसानी से हासिल कर लिया था। जब दोनों टीमों का सिर्फ सम्मान दांव पर लगा हो, तो सीएसके और आआर प्रशंसकों को एक आखिरी शो देने की कोशिश करेंगे और धोनी के के शानदार आईपीएल सफर का एक और अध्याय हो सकता है।

**सीएसके:** एमएस धोनी (कप्तान-विकेटकीपर), आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल, शेख रशीद, जड़ेजा, डेवाल्ड, अश्विन, अंशुल कंबोज, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, शिवम (इम्पैक्ट प्लेयर)

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग, शिम्रोन हेटमायर, ध्रुव जुरेल, वानिंदु हसरंगा, क्वेना मफाका, तुषार देशपांडे, आकाश मधवाल, फजलहक फारूकी, शुभम दुबे (इम्पैक्ट प्लेयर) के तौर पर रहेंगे।



## खेल समाचार

### 236 करोड़ से तैयार होगा उत्तर प्रदेश का चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण व विकास कार्यों को भी धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्ययोजना के अनुसार, गोरखपुर के ताल नदौर में 236-40 करोड़ रुपए खर्च कर 50 एकड़ भूमि पर 18 महीनों में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। प्रदेश में यह चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम होगा। प्रदेश में फिलहाल कानपुर व लखनऊ के स्टेडियम में इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों का आयोजन होता है, वहीं वाराणसी में निर्माणाधीन इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। गोरखपुर में बनने वाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य परिसर का निर्माण 45 एकड़ में होगा जबकि 5 एकड़ में अन्य सुविधाओं का विकास होगा। यह स्टेडियम एयरपोर्ट से 23-6 किमी, राप्तीनगर बस अड्डे से 22 किमी तथा गोरखपुर जंक्शन से 20-8 किमी की दूरी पर स्थित होगा तथा उत्तम कनेक्टिविटी को प्रशस्त करने के लिए इसे संपर्क मार्ग के जरिए गोखपुर-वाराणसी हाइवे (एनएच-24) से जोड़ने की तैयारी है। आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुसार इस 2 मंजिला क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें 7 मुख्य पिच व 4 प्रैक्टिस पिच होंगी तथा यह 30 हजार दर्शकों की क्षमता युक्त होगा। यह स्टेडियम मल्टीपर्पज यूज मॉड्यूल पर बनेगा, यानी यहां इंटरनेशनल क्रिकेटिंग इवेंट्स के साथ ही अन्य बड़े कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा सकेगा। गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को ईपीसी मोड पर बनाए जाने की तैयारी है। इसके अंतर्गत स्टेडियम परिसर में एंट्री गेट्स, सिक्योरिटी चेक प्वॉइंट्स, ईस्ट व वेस्ट स्टैंड तथा नॉर्थ व साउथ पवेलियन का निर्माण किया जाएगा। परिसर में 1500 गाड़ियों की पार्किंग की क्षमता भी होगी। ईस्ट स्टैंड में 14,490 तथा वेस्ट स्टैंड में 14,490 के दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी।

# द्रविड़ ने जुरेल का किया बचाव मैच में चूकने पर अफसोस जताया



● द्रविड़ ने टीम में शामिल युवा भारतीय बल्लेबाजों जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, पराग और संजू की तारीफ की

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दबाव में धैर्य बनाए रखने के लिए युवा बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की प्रशंसा की और इस सीजन में टीम की करीबी हार के बावजूद कठिन परिस्थितियों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का श्रेय उन्हें दिया।

रविवार को राजस्थान की हालिया करीबी हार के बाद द्रविड़ ने कहा कि हर एक मैच में वह 13-14 रन प्रति ओवर का पीछा करना आसान नहीं है। उसने वास्तव में अच्छा खेला, भले ही हमने बीच के ओवरों में कई विकेट खो दिए हों। उसने हमें लक्ष्य के करीब पहुंचाया। क्रम में मुश्किल स्थिति में जुरेल के स्वभाव की प्रशंसा करते हुए द्रविड़ ने कहा कि ऐसा नहीं है कि वह सात रन प्रति ओवर की जरूरत के लिए मैदान में उतरा और असफल रहा। यह हमेशा 12-13 रन होता है, कभी-कभी इससे भी ज्यादा। मुझे लगता है कि जुरेल ने हमारे लिए नंबर 5 पर अच्छा प्रदर्शन किया है। इस स्थिति में बल्लेबाजी करना बहुत मुश्किल है। द्रविड़ ने टीम में शामिल युवा भारतीय बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग और संजू सैमसन की तारीफ की और कहा कि हमने प्रतिभा देखी है। आज फिर से, जायसवाल, वैभव, जुरेल, यहां तक कि संजू और रियान की बल्लेबाजी भी देखी। हमारे पास युवा भारतीय बल्लेबाजों का एक मजबूत समूह है। वे एक साल में और बेहतर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सूर्यवंशी और पराग जैसे खिलाड़ियों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मैचों के माध्यम से और अधिक अनुभव प्राप्त होगा। द्रविड़ ने कहा कि वैभव भारत अंडर-19 सेटअप की तरह बहुत अधिक क्रिकेट खेलेगा। रियान पराग भी। ये खिलाड़ी पूरे साल कठिन क्रिकेट खेलेंगे।

## बेन स्टोक्स ने चोट से उबरने के लिए शराब छोड़ी



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरुआत में शराब पीना छोड़ दिया था और उन्हे उम्मीद है इससे उनकी चोट से उबरने में मदद मिलेगी। 33 वर्षीय स्टोक्स ने दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लगने के बाद अपने बाएं हैमस्ट्रिंग की सर्जरी करवाई थी। शुरू में उन्हें कम से कम तीन महीने के लिए बाहर कर दिया गया था, लेकिन अभी तक उन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में डरहम के लिए नहीं खेला है। इंग्लैंड की अंतर्राष्ट्रीय गर्मियों की शुरुआत 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के साथ होगी। ऑलराउंडर स्टोक्स को पिछली गर्मियों में द हंड्रेड के दौरान इसी तरह की चोट लगी थी। उन्होने कहा कि अपनी पहली बड़ी चोट के बाद, मुझे उसका सदमा याद है। मैंने सोचा हमने चार या पांच रात पहले थोड़ी शराब पी थी, क्या इससे कोई फर्क पड़ता। इससे कोई मदद नहीं मिलती। फिर मैंने सोचा ठीक है, मुझे जो करना है उसे बदलना होगा। नतीजतन, स्टोक्स ने कहा कि उन्होंने जनवरी की शुरुआत से शराब नहीं पी है।

# अल्कराज के सिर सजा इटैलियन ओपन का ताज

● वर्ल्ड रैंकिंग में दूसरे एलएफान पर पहुंचे सिनर की 26 मैचों की जीता का सिलसिला टूटा

**नई दिल्ली, वार्ता।** कार्लोस अल्कराज इटालियन ओपन के फाइनल में जैनिक सिनर को 7-6 (7/5), 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। उनका यह इस सीजन का तीसरा खिताब है। इसके साथ ही वह वर्ल्ड रैंकिंग में सिनर के बाद दूसरे एलएफाान पर पहुंच जाएंगे। मोंटे कार्लो में जीत के बाद अल्कराज का यह इस साल का दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है।


अल्कराज का यह इस साल का दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है। सिनर के 26 मैचों की जीत का सिल. सिला टूटा सिनर की 26 मैचों की लगातार जीत का सिलसिला टूट गया, जिन्हें पिछली बार भी अल्कराज ने ही चाइना ओपन के फाइनल में हराया था। 2024 की शुरुआत से सिनर को टूर फाइनल में हराने वाले अल्कराज एकमात्र खिलाड़ी हैं। इटालियन ओपन से पहले जैनिक सिनर को अल्काराज ने ही 2024 के शुरुआत में हराया था। जैस्मीन पाओलिनी ने सिंगल्स और डबल्स जीतने वाली खिलाड़ी बनीं जैस्मीन पाओ. लिनी ने मोनिका सेलेस के बाद पहली बार इटालियन ओपन में सिंगल्स और डबल्स दोनों का खिताब जीते। उन्होंने सारा एरानी के साथ मिलकर युगल का खिताब जीता और सिंगल्स में कोको गाफ को हराकर 1985 के बाद रोम में सिगल्स खिताब जीतने वाली पहली इटालियन महिला खिलाड़ी बनीं।



## बरार ने पत्नी को समर्पित किया 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 22 रन देकर तीन लेने वाले पंजाब किंग्स के गेंदबाज हरप्रीत बरार ने अपना 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार पत्नी को समर्पित किया है। यहां राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से शिकस्त देने के बाद प्लेऑफ की दहलीज पर पहुंची पंजाब किंग्स के 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने हरप्रीत बरार ने कहा कि मैं बेहद खुश हूं। मैं यह पुरस्कार अपनी पत्नी को समर्पित करना चाहता हूं क्योंकि यह शादी के बाद मेरा पहला पुरस्कार है। हमने बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए बहुत अभ्यास किया है और पोंटिंग सर ने भी हमें कहा था कि एक लेफ्टी, लेफ्टी को आउट कर सकता है। जिस तरह से विकेट खेल रही थी और वह बल्लेबाजी कर रहे थे, हमारी योजना यही थी कि हम उन्हें खराब गेंद ना करें। सुनील जोशी सर के साथ बहुत काम आया है और उन्हें मुझे क्रीज का इस्तेमाल करने और बल्लेबाज को रीड करने में मेरी बेहद मदद की है।

## आदिल राशिद ने इंग्लैंड के नए कप्तान के रूप में ब्रूक का किया समर्थन



■ हैरी ब्रूक विंडीज के खिलाफ पहली बार टीम की कमान संभालेंगे

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के वरिष्ठ स्पिनर आदिल राशिद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पहली सीरीज से पहले नए कप्तान हैरी ब्रूक का समर्थन किया है। इंग्लैंड के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में एक नया युग शुरू हो रहा है, हैरी ब्रूक 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान पहली बार कप्तानी संभालेंगे। इंग्लैंड की टीम हाल के वर्षों में एक बदलाव के दौर से गुजर रही है। 2019 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की जीत और 2022 टी20 विश्व कप की जीत के बाद, हाल ही में सफलता उनके हाथ नहीं लगी है। आईसीसी टूर्नामेंटों में उनके प्रदर्शन में उल्लेखनीय गिरावट आई है, 2023 क्रिकेट विश्व कप में वे सातवें स्थान पर रहे और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में वे जीत दर्ज नहीं कर पाए। जोस बटलर के पद छोड़ने के फैसले के बाद, 26 वर्षीय हैरी ब्रूक को इंग्लैंड के टेस्ट क्रिकेट का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सीनियर खिलाड़ी पूरी तरह से उनके साथ हैं, आदिल राशिद को पूरा भरोसा है कि ब्रूक टीम को आगे ले जाने के लिए सही व्यक्ति हैं। पीए न्यूज एजेंसी से बात करते हुए राशिद ने कहा, ह मुझे यकीन है कि वह तैयार हैं, लेकिन जब कोई कप्तानी संभालता है तो यह रातों-रात नहीं होता। उनके पास समय है, उन्होंने अब तक जो किया है, उसमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे यकीन

# सीरीज कब्जाना बांग्लादेश का लक्ष्य



■ लिटन दास चाहते हैं कि उनकी कप्तानी में टीम और भी आक्रामक होकर खेले

**शारजाह, वार्ता।** बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने अपनी टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करते हुये कहा कि वह सोमवार को यूएई के खिलाफ सीरीज के दूसरे टी-20 मैच में सीरीज पर कब्जा करना चाहते हैं।

शनिवार को सीरीज के पहले मैच में यूएई पर 27 रन से जीत दर्ज करने वाली बांग्लादेश को मैच के अंत में कुछ चिंता. जनक पलों का सामना करना पड़ा था। युवा सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन के शानदार शतक और उनके गेंदबाजों के परिपक्व प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने सीरीज के पहले मैच में जीत दर्ज की, लेकिन दास चाहते हैं कि उनकी कप्तानी में उनकी टीम और भी आक्रामक हो और वे सोमवार को और भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, दास ने कहा कि विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा था और इमोन ने जिस तरह से बल्लेबाजी की, वह शानदार थी लेकिन हमें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। हम आखिरी तीन ओवरों में ज्यादा रन नहीं बना सके। मैं हमेशा जानता हूं कि मेरे गेंदबाज किसी भी समय वापसी कर सकते हैं, क्योंकि मुझे अपनी गेंदबाजी इकाई पर भरोसा है। इसके साथ ही, यूएई के बल्लेबाजों को भी श्रेय दिया जाना चाहिए। उन्होंने बीच के ओवरों में बहुत अच्छी बल्लेबाजी की और हमें इससे सीखने की जरूरत है। उन्होने कहा कि यह समझने के लिए कि इस पिच पर किस तरह की गेंदबाजी कारगर साबित होगी। जिस तरह से सभी गेंदबाजों ने गेंदबाजी की और संयम दिखाया, वह प्रभावशाली था। बीच के ओवरों में स्कोर 50-50 लग रहा था, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की।

श्रृंखला के पहले मैच में इमोन की पारी ने उस नई आक्रामकता को दर्शाया, जिसे दास चाहते हैं कि बांग्लादेश अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले खेले। 22 वर्षीय इमोन टी-20 प्रतियोगिता में शतक बनाने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इमोन ने यूएई के असहाय आक्रमण के खिलाफ पांच चौके और रिकॉर्ड तोड़ नौ छक्के लगाए। मैच के बाद उन्होंने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेश के बल्लेबाजों के लिए एक विशेष क्लब में इकबाल के साथ शामिल होने के लिए रोमांचित हैं। इमोन ने 54 गेंदों की पारी के बाद कहा कि ष्मैं तमीम भाई के (रिकॉर्ड) से अच्छी तरह वाकिफ था, क्योंकि उन्होंने ओमान के खिलाफ (2016 टी-20 विश्व कप में) शतक बनाया था और मैं उनके सभी मैच देखने की कोशिश करता हूं। घर लौटने के बाद, मुझे याद आया कि तमीम भाई ने पहला शतक बनाया था। मैं खुश हूं क्योंकि बचपन में मैं तमीम के खेल देखता था और अब मेरा नाम उनके नाम के ठीक बगल में है।

## मेसी ने इंटर मियामी से किया एकजुटता का आह्वान

**फ्लोरिडा, वार्ता।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने खराब दौर से गुजर रही अपनी टीम इंटर मियामी से एकजुटता बनाये रहने की अपील की है। उनकी टीम का खराब प्रदर्शन एमएलएस में ऑरलैंडो सिटी से घरेलू मैदान पर 3-0 से हार के साथ जारी रहा। फ्लोरिडा डर्बी में हार मियामी की सभी प्रतियोगिताओं में सात मैचों में पांचवीं हार थी और वे ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में छठे स्थान पर खिसक गए हैं। अर्जेंटीना के फॉरवर्ड मेसी ने केवल दो शॉट टारगेट पर लगाए और एक फ्री-किक को खराब प्रदर्शन के दौरान गंवा दिया। मेस्सी ने कहा कि अब हम वास्तव में देखेंगे कि क्या हम मुश्किल समय में एक टीम हैं, क्योंकि जब सब कुछ ठीक चल रहा होता है तो यह बहुत आसान होता है। जब मुश्किल समय आता है, तो हमें पहले से कहीं अत्रिाक एकजुट होना चाहिए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑरलैंडो ने हाफ-टाइम से ठीक पहले लुइस मुरील के गोल से बढ़त हासिल की, उसके बाद दूसरे हाफ में मार्को पासालिक और डागुर डैन थोरहॉल्सन ने गोल किए। पिछले सीजन में ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में शीर्ष पर रहने वाली मियामी ने अपने पिछले सात मैचों में 20 गोल खाए हैं, जिसमें से उनकी एकमात्र जीत न्यूयॉर्क रेड बुल्स के खिलाफ आई है। क्लब की फॉर्म में गिरावट अगले महीने संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले क्लब विश्व कप में उनकी उपस्थिति से पहले आई है। नवंबर में मियामी में पदभार संभालने वाले मुख्य कोच जेवियर मास्चेरानो ने कप्तान मेस्सी के शब्दों को दोहराया। उन्होने कहा कि जब आप इस गतिशील स्थिति में होते हैं, अगर हम में से प्रत्येक खुद को किनारे की ओर खींचना शुरू कर देता है, तो उस पल को पार करना असंभव हो जाएगा। यह स्पष्ट है कि हमें इस पर एक साथ काबू पाना होगा क्योंकि स्पष्ट रूप से इस टीम ने दिखाया है, खासकर सीज़न की शुरुआत में, कि वे क्या करने में सक्षम है।

# एशिया कप से हटने की खबरें सही नहीं: BCCI

■ बोर्ड ने एसीसी के आयोजन पर कोई बात नहीं की, हमारा फोकस आईपीएल पर है: सैकिया

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने भारत के एशिया कप से हटने की खबरों का खंडन किया है। सैकिया ने कहा कि एशिया कप से भारत के हटने की खबरें सही नहीं हैं। बोर्ड ने आगामी एसीसी आयोजनों पर न तो कोई चर्चा की है और न ही कोई कदम उठाया है। एसीसी को कुछ लिखना तो दूर की बात है। इस समय हमारा मुख्य ध्यान मौजूदा आईपीएल और उसके बाद होने वाली इंग्लैंड सीरीज, पुरुष और महिला दोनों पर है।श सोमवार सुबह कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप 2025 से हटने का मन बनाया है। दरअसल, पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष हैं।

वे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन भी हैं। 22 अप्रैल को हुए पहलगांव में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की एिलएफाति है। 2023 में वनडे फार्मेट में खेले गए एशिया कप में भारत-पाकिस्तानी की टीमें कोलंबो में लीग मुकाबले में भिड़ी थीं। इस मैच में भारत ने पाकिस्तान को 228 रन से हराया था। सितम्बर में भारत में होना है एशिया कप एशिया कप इस साल सितम्बर में भारत की मेजबानी में होना है। लेकिन, अगर भारत हटता है तो मुमकिन है कि पूरा टूर्नामेंट ही रद्द हो जाए। भारत के नहीं खेलने पर ब्राडकास्टर पीछे हट सकते हैं। इमर्जिंग वुमन एशिया कप से हटने की जानकारी दे दी गई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगले महीने श्रीलंका में होने वाले इमर्जिंग वुमन एशिया कप से हटने की जानकारी बीसीसीआई ने मौखिक रूप से दे दी है। 2023 में हाईब्रिड मॉडल पर खेला गया था एशिया कप 2023 में एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी गई थी। भारतीय टीम ने पाकिस्तान में जाकर खेलने से मना कर दिया था, जिसके बाद हाईब्रिड मॉडल पर खेला गया था। इसके तहत भारत के मैच श्रीलंका में करवाए गए थे। फाइनल भी श्रीलंका में खेला गया था। पाकिस्तान की टीम फाइनल में नहीं पहुंच पाई थी। भारत ने 10 विकेट से श्रीलंका को फाइनल में हराया था। इस साल फरवरी में हुए चैंपियंस ट्राफी में खेलने के लिए भी भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं गई थी। टूर्नामेंट हाईब्रिड मॉडल पर खेला गया था। भारत के मैच दुबई में खेले गए थे। भारतीय टीम ने दुबई में चैंपियंस ट्राफी 2025 के खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया था। 2023 वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत आई थी पाकिस्तानी टीम पाकिस्तान की टीम 2023 वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। भारत यह मैच 7 विकेट से जीता था।

# मोहम्मद शमी ने सीएम योगी से की शिष्टाचार भेंट

● शमी ने सीएम योगी को बुके भेंट किये



**लखनऊ, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।

शमी आज सुबह मुख्यमंत्री के पांच कालीद. ास मार्ग स्थित सरकारी आवास पहुंचे और मुख्यमंत्री योगी को बुके भेंट किया। योगी ने भारतीय तेज गेंदबाज को ओडीओपी के उत्पाद भेंट किये। शिष्टाचार मुलाकात के बाद शमी ने इसे प्रेरणादायक बताते हुए मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण और समर्पण की जमकर सराहना की। मोहम्मद शमी ने एक्स पर लिखा कि मैं सीएम योगी सर का दिल से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझसे मिलने के लिए समय निकाला। आपकी अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन अमूल्य है, और मैं हमारी चर्चाओं के प्रति आपकी प्रतिबद्त्राता की सराहना करता हूं। योगी ने भी शमी से मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुये एक्स पर लिखा ह भारतीय क्रिकेट टीम के प्रख्यात गेंदबाज मोहम्मद शमी जी से आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट हुई। इस मुलाकात को दोनों पक्षों ने सकारात्मक और प्रेरक बताया।

# विधि विधान से किया बसपा मंडल कार्यालय का शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विधि विधान के साथ आज बसपा के नये मंडल कार्यालय का शिलांयास किया गया।

मल्हीपुर रोड पर गुरू संत रविदास महाराज की बानी व गुरूमुखी हवन के साथ शिलांयास कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सर्वप्रथम महामानव भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर, दलितों के मसीहा मान्यवर काशीराम की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पण करके किये गये। जिसके बाद नेशनल कोर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल, उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नरेश गौतम, उत्तराखंड के प्रभारी रवि सहगल, उत्तराखंड के प्रदेश प्रभारी सरफराज राइन, पंजाब के प्रभारी विपुल लोधी, मण्डल के मुख्य प्रभारी पूर्व एमएलसी डॉ.मेघराज सिंह जरावरे, मण्डल मुख्य प्रभारी कुलदीप बालयान, जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह, अजब सिंह व जिला कार्यकारी सदस्य कमलेश भाटला ने शिलांयास किया।



नेशनल कोर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल ने कहा कि पार्टी के इस कार्यालय के निर्माण मे पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का पूरा सहयोग हमे पर मिल रहा है और बसपा का यह कार्यालय बहुत जल्द ही बनकर तैयार करना हमारी प्राथमिकता रहेगी इसके साथ ही उन्होंने कहा की बसपा पार्टी बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की नीति को मानकर चलने वाली पार्टी है। हमारी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। पूर्व एमएलसी व मण्डल प्रभारी डॉ मेघराज जरावरे ने कहा की अपने अधिकारों की रक्षा के लिए हमें बसपा पार्टी को सता मे लाना जरूरी है जब तक हम लोग सता हासिल नही करेगे तब तक हम अपने अधिकारों की रक्षा नही कर सकेंगे।

जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने कहा कि पार्टी कार्यालय निर्माण कार्य को जल्द पुरा करते हुए भव्य इमारत खड़ी करनी है और वर्ष 2027 के विधान सभा चुनाव जीताकर बहनजी को पांचवी बार प्रदेश की मुख्यमंत्री बनाना हमारा लक्ष्य है।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जीशान गाडा, बेहट विधान सभा प्रभारी वेदपाल गौतम, मुख्य मण्डल प्रभारी राजेश प्रधान, वरिष्ठ कार्यकर्ता लोधी कुमार, रामसिंह लावलपुर, संगीता बौद्ध, सुलेखचन्द जोला, जिले की कमेटी, जिला सयोजक भाई चारा कमेटी, जिला बामसेफ, नकुड़ विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र पालीवाल व नए पुराने कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# मेयर डा. अजय ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्ड 22 में बाबा लालदास बाड़ा घाट से आगे बुद्धुघाट के निकट पांवधोई नदी की क्षतिग्रस्त दीवार एक करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से बनायी जायेगी। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज सुबह उक्त दीवार के पुर्ननिर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या 41 की रामघाट बस्ती में विभिन्न सड़कों के सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का भी उन्होंने शुभारंभ किया। इन विकास कार्यो पर डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की लागत आयेगी।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज सुबह वार्ड 22 में शिवधाम के बराबर में बुद्धुघाट के निकट नदी की क्षतिग्रस्त दीवार के पुर्ननिर्माण कार्य का शुभारंभ किया। दीवार पर एक करोड़ 19 लाख रुपये की लागत आयेगी। उन्होंने वार्ड 41 में 36 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का भी नारियल फोड़कर व सड़क पर गेंती मारकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि नगर निगम निर्माण कार्यो के माध्यम से शहर में सुधार एवं विकास कार्यो को लगातार गति दे रहा है। उपलब्ध संसाधनों के साथ यह निगम द्वारा महानगर के विकास का अभियान जारी रहेगा।

इस अवसर पर पार्षद संजय सैनी, पार्षद सुखबीर वर्मा, पार्षद मयंक गर्ग, पार्षद राकेश कल्याण, मंडल अध्यक्ष मनुज तायल तथा वरिष्ठ भाजपा नेता अनेश शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, सर्विष्ट गुप्ता एवं रामपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# नाले पर किया अतिक्रमण हटाया

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम द्वारा आज बेहट रोड पर श्री बागेश्वर मंदिर के सामने एक कबाड़ी एवं एक बिल्डिंग मैटिरियल विक्रेता द्वारा नाले पर किया गया अतिक्रमण जेसीबी की मदद से हटा दिया गया। अतिक्रमण हटाने के बाद नाले की सफाई करायी गयी। दोनों अतिक्रमणकारियों पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

बेहट रोड स्थित श्री बागेश्वर मंदिर के सामने नाले पर एक कबाड़ी एवं एक बिल्डिंग मैटिरियल विक्रेता द्वारा लिंटर डालकर अतिक्रमण किया गया था। ये अतिक्रमण नाला सफाई में बाधक बन रहा था। नगरायुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ दस्ते एवं प्रवर्तन दल ने नाले पर डाले गए लिंटर को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग ने बताया कि दोनों अतिक्रमणकारियों ने करीब तीस-पैंतीस फुट तक अतिक्रमण कर रखा था। जिसे हटाने के लिए दो जेसीबी लगानी पड़घी। अतिक्रमणकारी दुकानदारों से दस हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। कर्नल गुरुंग ने बताया कि दोनों अतिक्रमणकारी दुकानदारों को पहले भी चेतावनी दी गयी थी। तब दोनों ने ही स्वयं अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया था। आज अतिक्रमण हटाने के बाद दोनों दुकानदारों को चेतावनी दी गयी कि यदि भविष्य में उन्होंने अतिक्रमणक करने एवं नाला अवरुद्ध करने का प्रयास किया तो उन पर भारी जुर्माना लगाने के अलावा मुकदमा भी दर्ज कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद स्वास्थय व गैराज विभाग द्वारा नाले की पूरी तरह सफाई करा दी गयी है। इस दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा, जेडएसओ राजीव चौधरी, सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरिप्रकाश कसाना आदि मौजूद रहे।


## तस्करी में दो लोग गिरफ्तार

**अंबेहटा।** पुलिस ने नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। चौकी प्रभारी आजाद सिंह ने बताया कि रविवार की रात खेड़ा रोड पर गश्त करते हुए सत्संग भवन के निकट से तस्कर आबिद पुत्र कामिल एवं मौहम्मद अहमद पुत्र खुसनूद निवासी खेड़ा अफगान को पकड़ा है। उनके कब्जे से 46 ग्राम स्मैक बरामद की है। जिसकी कीमत चार लाख रुपए है एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# भगीरथ जयंती पर समाज की एकता व मजबूती पर दिया जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विशाल सैनी समिति द्वारा समस्त तपस्वियों के शिरोमणि, महान सूर्यवंशी महाराजा भगीरथ की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की एकता को और अधिक मजबूत की जाने पर बल दिया गया।



दिल्ली रोड स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां गंगा व महाराजा भगीरथ के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। महाराजा भगीरथ के योगदान को याद करते हुए मुख्य अतिथि राज्य मंत्री जसवंत सैनी पूर्व कबिनेट मंत्री धर्म सिंह सैनी, पूर्व विधायक, नरेश सैनी, पहल सिंह सैनी, सैनी समिति के प्रदेश अध्यक्ष पदम सिँह सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर महेंद्र सैनी, कांग्रेस के प्रदेश सचिव अशोक सैनी, सत्यम भूरियान, सैनी, विधायक पूर्व कमलेश सैनी, राजबाला सेनी, विधायक रामावतार सैनी ने कहा कि उन्होंने बिना भेदभाव के सबके कल्याण के लिए मां गंगा को पृथ्वी पर अवतरित कराया। आज भी मां गंगा सभी जीवों के उद्धार का कार्य कर रही हैं।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सत्यपाल सैनी ने ज्योतिबा फुले और माता सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि माता सावित्री बाई फुले इस देश की प्रथम शिक्षिका थीं जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज को समर्पित कर दिया। उन्होंने मांग की कि एक दिन को ष्राष्ट्रीय शिक्षिका दिवसष घोषित कर माता सावित्री बाई फुले के नाम पर मनाया जाए और महाराजा भागीरथ जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. देवेंद्र सैनी ने की। विजय सैनी, निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ ने बताया कि सहारनपुर समाज के लगभग 140 गांवों के युवा देश की दिशा तय करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। समाज के कई सदस्य ग्राम प्रधान, बीडीसी, चेयरमैन और सभासद बनकर अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

समिति द्वारा समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष ने जानकारी दी कि समाज के गरीब छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता दी जा रही है ताकि वे शिक्षित होकर समाज से बुराइयों को दूर कर सकें और देश के उज्ज्वल भविष्य में योगदान दें।

# अन्डरपास बनाने की मांग




**सहारनपुर।** ग्राम पापडेकी के ग्रामीणों ने चकमार्ग को बंद करने का आरोप लगाते हुए चकमार्ग के ऊपर अन्डरपास बनवाये जाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

ग्रामीण आज कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चौ. मुजफ्फर अली के नेतृत्व में कलैक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होने नगर मजिस्ट्रेट को एडीएमएफ के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि उनकी जमीन शामली, अम्बाला ग्रीन फिल्ड हाईवे में अधिग्रहण की गयी थी। उनकी जमीन पर मिट्टी डालकर बिना अन्डरपास बनाये चक मार्ग को बंद कर दिया गया है। जिसके चलते वह अपनी जमीन पर आ जा नही सकते। इसलिए न्यायहित में अन्डर पास बनाया जाना बेहद जरूरी है। इस दौरान अब्बास खां, आफताब खां, मेहरबान, शिकायत खां, मसीउल्लाह खां, असजद खां, लियाकत खान आदि मौजूद रहे।

# धर्मपाल सिंह की कार्यकारिणी के समर्थन में आया एसडीएम का फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रगतिशील सैनी सभा के चल रहे विवाद में एसडीएम सुबोध कुमार ने आपत्ति को निरस्त करते हुए 26 सितंबर 2021 को हुए चुनाव को वैध घोषित किया गया है।


फाइल फोटो

प्रगतिशील सैनी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद एसडीएम सुबोध कुमार के यहां चल रहा था। तहसीलदार सदर द्वारा 1 जनवरी 2022 को आख्या दी गई। जिसमें कहा गया कि दोनों पक्षों को अलग-अलग सुना गया। दानों पक्षों के द्वारा साक्ष्य व अभिलेख प्रस्तुत किये गये है। परीक्षण से विदित होता है कि मांगेराम सैनी महामंत्री की समिति जिसका प्रस्ताव दिनांक 25सितंबर 2021 में पारित हुआ उचित प्रतीत होता है। जिससे साफ होता है कि 26 सितंबर को संपन्न चुनाव में संस्था के बॉयलाज में उल्लेखित चुनाव प्रक्रिया का पालन किया गया, जबकि 9 सितंबर 2021 को संपादित चुनाव में बायलॉज में उल्लेखित चुनाव प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। एसडीएम सुबोध कुमार द्वारा इस प्रकरण में आपत्तिकर्ता नकलीराम सैनी द्वारा प्रस्तुत आपत्ति को निरस्त कर दिया गया। उनके द्वारा 9 सितंबर 2021 को सपांदित चुनाव को अवैध घोषित करने के साथ ही 26 सितंबर 2021 को संपादित चुनाव वैध घोषित किया है। बता दे कि एसडीएम द्वारा वैध घोषित किये गये चुनाव में धर्मपाल सैनी एडवोकेट को अध्यक्ष बनाया गया था।

## छप्परनुमा घर में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** घाढ इलाके मे अग्निकांड होने प्रारंभ हो गए है कोतवाली बेहट इलाके के गांव रतनपुर कल्याणपुर में एक छप्पर नुमा मकान में अचानक आग लगने से घर में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया ग्रामीणों ने बामुश्किल आग पर काबू पाया है।

गांव रतनपुर कल्याणपुर निवासी सईद पहलवान पुत्र हबीब के छप्पर नुमा मकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटे उठते देख परिजनों ने भागकर जान बचाई। शोर सुनकर इकट्ठा हुई ग्रामीणों की भीड़ ने मौके पर एकत्र हो गई और आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। सूचना पर पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# तीन दिवसीय समर कैम्प का विधिवत समापन

**छुटमलपुर।** प्राथमिक विद्यालय छुटमलपुर नंबर 2 में चल रहे तीन दिवसीय समर कैंप का आज हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ।

शिक्षिका अंजली आर्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस कैंप में बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों में क्ले आर्ट, पेपर क्राफ्ट, पपेट मेकिंग, योगा, पजल गेम, फन एक्टिविटीज, पोस्टर मेकिंग, वर्ली आर्ट और सीनियर्स के प्रति सम्मान जैसे विषय शामिल रहे। शिक्षिका अंजली ने बताया कि हर साल गर्मियों की छुट्टियों से पहले इस तरह का कैंप आयोजित किया जाता है, ताकि बच्चे नई गति. विधियां सीखें और छुट्टियों का सदुपयोग करें।

कैंप में प्रशिक्षु शिक्षकों का सहयोग भी सराहनीय रहा। बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए गृह कार्य दिया गया और अत्यधिक गर्मी में स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी गई। समापन समारोह में कक्षा 4 के छात्र असद का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया, जिसमें केक काटा गया और मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कर्ण सिंह ने सभी बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाश की शुभकामनाएं दीं और उनकी रचनात्मकता की प्रशंसा की। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ के साथ-साथ इरफान, अर्शी, जिया, रिजा, फरहान, अहद और अल्तमश जैसे बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया। यह कैंप बच्चों के लिए न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि उनकी रचनात्मकता और कौशल विकास में भी सहायक सिद्ध हुआ।

## आधा दर्जन से अधिक लोगों पर कुत्तों का हमला

**अंबेहटा।** गांव रामसहायवाला में आधा दर्जन से भी ज्यादा लोगों को आदमखोर कुत्तों ने अपना शिकार बना लिया है।

ग्रामीणों के मुताबिक जानकारी मिली है की एक माह के भीतर आधा दर्जन से भी ज्यादा लोगों को कुत्तों ने अपना शिकार बनाया है। जिसमें 65 वर्षीय व्यक्ति पूर्व प्रधान बनारसी दास, बिरम सिंह ऋषिपाल टेकचंद जनेश्वर प्रसाद को कुत्तों ने काट खाया है ग्रामीणों का कहना है गांव के बाहर जाने वाले रास्ते पर कुत्तों का झुंड पड़ा रहता है आस-पास से गुजरने वाले राहगीरों को अपना शिकार बनाते रहते हैं कई लोग शिक. ार होने से बच भी गए हैं जबकि छोटे बच्चे कुत्तों के झुंड के आगे अपनी जान बचाने के चक्कर में चोटिल भी हो गए।

# डीएम ने की गड्ढा खुदान की समीक्षा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में जिले में वृक्षारोपण के आवंटित लक्ष्य के अनुरूप की जा रही तैयारियों के संबंध में विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जनपद में वृक्षारोपण 2025 के लिए 33,44,280 पौधों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में गड्ढ़ा खुदान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने विभाग की सबसे बड़ी विजिट जिसपर पौधारोपण होना है उसका भौतिक सत्यापन कर फोटोग्राफ्स सहित रिपोर्ट गूगल शीट पर भरते हुए उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता से करें, अगर किसी स्तर पर लापरवाही की गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सघन पौधरोपण के लिए मियावाकी पद्धति से भी पौधरोपण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मियावाकी पद्धति द्वारा वृक्षारोपण कराए जाने से बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह बाद दुबारा समीक्षा की जाएगी। डीएफओ को निर्देश दिए कि वन विभाग की पौधशालाओं का विवरण एवं मांग के लिए फॉर्मेट बनाते हुए गूगल शीट पर भरा जाय।

बैठक में बैठक में डीएफओ शुभम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, डीसी एनआरएलएम इंद्रजीत उपस्थित रहे।

# बरसात से पहले सुनिश्चित हो नाले नालियों की सफाई: महेन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विशेष सचिव नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन महेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि वर्षा ऋतु से पहले मण्डल के सभी नाले एवं नालियों की सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही आम जन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।



विशेष सचिव नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश श्री सिंह आज सर्किट हाउस सभागार में आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नगरीय निकायों द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति एवं नाला-नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु मण्डल के नगरीय निकायों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि नगरीय निकायों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। कहीं पर भी जलभराव की समस्या न हो। अतिक्रमण वाले स्थानों पर अभियान चलाकर स्थानीय लोगों से वार्ता कर अतिक्रमण हटाया जाए। अधिशासी अधिकारी प्रतिदिन क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखें एवं कमियों को चिन्हित करते हुए दूर कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि नालों के आस-पास कूड़ा कलेक्शन एवं निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए। वर्षा से पहले कार्ययोजना तैयार कर नालों की साफ-सफाई कराई जाए। नालों में कूड़ा डालने वालों पर प्रवर्तन की कार्रवाई की जाए। नालों में एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाए। तालाबों में गम्बूजिया मछली का पालन किया जाए। नगर आयुक्त शिपू गिरि ने कहा कि समस्या आने से पहले ही उनके निस्तारण की तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। जनपद में बेहतर साफ-सफाई एवं जनपद को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करें। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार सहित तीनों जनपदों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

# 21 को होगी पेंशन जयघोष संगोष्ठी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऑल इंडिया एनपीएस एम्प्लाइज फेडरेशन की पेंशन जयघोष संगोष्ठी 21 मई को होगी। जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मंजीत सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि अंकुर त्रिपाठी विमुक्त होंगे।

जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि जब तक कर्मचारी अंशदान की ब्याज सहित पूर्ण वापसी की व्यवस्था नहीं की जाएगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। सरकार यदि चाहे तो आज ही पुरानी पेंशन में उपलब्ध सभी लाभ कर्मचारी को दे सकती है। सरकार तक अपनी बात पहुंचाने हेतु नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत के बैनर तले आगामी अक्टूबर में दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली हेतु एक विशाल रैली की जाएगी और उसके लिए भारत के कोने कोने से कर्मचारियों से समर्थन अभियान चलाए जाएंगे।

अनिल बावरे महामंत्री विशिष्ट बी. टी. सी. वेलफेयर एसोसिएशन ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली के साथ साथ यदि शिक्षिको के शोषण की सूचना प्राप्त होती तो संगठन सदैव पीड़ितों के साथ खड़ा मिलेगा हम भ्रष्टाचार मुक्त परिवेश के पक्षधर है। प्रदेश प्रभारी तरुण भोला ने बताया की कर्मचारियों को एश्योर्ड पेंशन देने के नाम पर यूपीएस एक तरह से बुढ़ापे पर आर्थिक और सामा. जिक धोखाधड़ी साबित होगी। कार्यक्रम मे धर्मेंद्र प्रधान, चौधरी रविंद्र पंवार, सौरभ गौतम, आनंद त्यागी, रुपेश कुमार, सौरभ गौतम, प्रदीप सैनी, योगेंद्र कुमार प्रमुख पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# शौचालय व पेयजल की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** कस्बे में सार्वजनिक शुलभ शौचालय व पेयजल व्यवस्था ना होने के कारण स्थानीय दुकानदारों व राहगीरों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के निदान हेतु शासन प्रशासन को उचित प्रबंध करने चाहिए।

मौजूदा समय में भीषण गर्मी का तांडव दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है जिसके कारण राहगीर व स्थानीय दुकानदार हलकान नजर आ रहे हैं। लेकिन शासन द्वारा तल्हेडी बुजुर्ग कस्बे में किसी प्रकार की सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था के कोई उचित प्रबंध नहीं किए गए है। जबकि तपती धूप में जीवन बचाने के लिए पानी की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गर्मी के चलते कस्बे में आवागमन करने वाले राहगीर पानी की तलाश में भटकते रहते हैं लेकिन उन्हें प्यास बुझाने के लिए पानी की एक बूंद तक नसीब नहीं होती है।

इसके अलावा कस्बे में सार्वजनिक शौचालय भी बड़ी समस्या का कारण बना हुआ है। खासकर महिलाओं के लिए यह समस्या जटिल है। इन सभी समस्याओं का निदान करने के लिए क्षेत्रीय राजनीतिक दलों व शासनिक अधिकारियों को अविलंब भूमि आवंटित कर यहां उचित प्रबंध करने चाहिए ताकि भीषण गर्मी के तांडव से लोगों को राहत मिल सके। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि कस्बे में एक से दो सरकारी हैंडपंप है जिनका पानी पीने के लायक नहीं है क्योंकि वह दूषित हो चुका है। उनका कहना है कि चुनाव के समय सभी राजनीतिक दल यहां सक्रिय नजर आते हैं लेकिन उसके बाद कोई भी राजनेता इन मूलभूत सुविधाओं की और ध्यान आकर्षित नहीं करते हैं। जिसके कारण यह समस्या जस की तस है।

# स्वास्थ्य के लिए सुबह की सैर का आह्वान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फ्रेंडस मॉर्निंग क्लब ने मार्निंग क्लब कंपनी बाग के नये पदाधिकारियों का स्वागत कर स्वास्थ्य के लिये सुबह की सैर करने का आहवान किया गया।

घंटाघर स्थित मॉर्निंग क्लब कार्यालय मे आयोजित बैठक में नये पदाधिकारी प्रधान मुरली खन्ना, मनजीत सिंह, अनिल तुली, लाज कृष्ण गाँधी, महेन्द्र अरोड़ा, श्याम गुलाटी, खैराती लाल चौहान, शिव चौजड, गगन शर्मा, गुलशन अनेजा, राजीव वर्मा, नितेश सचदेवा, करण बजाज, राजेश वालिया, गोपाल दास का माल्यार्पण करके स्वागत किया इससे पहले मोर्निंग क्लब द्वारा फ्रेंड्स मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष एम पी सिंह चावला, सतीश कुक्कड, राकेश सचद. ेवा, राजेश गाँधी, हरीश ईशपुजानी, गुरजीत मल्होत्रा, अरविन्दर पाल सिंह चावला, नरेश मदान, संजय तनेजा, राजीव अरोड़ा, अजय ठकराल, विनोद वर्मा,बॉबी गुम्बर, सन्नी कक्कड़, अंकित, डिम्पी, गौरव मारवाह का पटका पहना कर स्वागत किया।

इस मौके पर एम पी सिंह चावला और मुरली खन्ना ने सदस्यों को शरीर स्वस्थ रखने के लिए रोजाना सुबह की सैर नियमित रखने की एवं संतुलित भोजन लेने की सलाह दी।

# देश के 'जयचंद'

देश में पहलगाम हमले के बाद देश के गद्दारों को पता लगाया जा रहा है। ये जयचंद देश की महत्वपूर्ण सूचनाएं पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करते थे। हैदराबाद में आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं। इन पर बम धमाके की साजिश रचने का आरोप है। रविवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना पुलिस ने दोनों को पकड़ा और बम ब्लास्ट होने से बचा लिया। संदिग्ध आतंकियों की पहचान सिराज-उर-रहमान और सैयद समीर के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है कि इन दोनों को सऊदी अरब में एक्टिव आईएसआईएस मॉड्यूल से निर्देश मिल रहे थे, जो हैदराबाद में हमला करवाना चाहता था। इससे पहले हरियाणा के हिसार से ज्योति मल्होत्रा और मुरादाबाद से शहजाद को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी पर पाक की एजेंसी के साथ मिला होने का आरोप है। पुरानी कहावत है कि जहां जयचंद हों, वहां तरक्की कैसे हो सकती है। रावण के घर में भी विभीषण हुआ था, जिसकी वजह से पूरी लंका नष्ट हो गई थी। यही हाल अब है। जब देश में जयचंद हैं, तो पड़ोसी क्यों डरेंगे, लेकिन जिस तरह से अब इनका पता लगाया जा रहा है और गिरफ्तारी की जा रही है, उससे हमारी खुफिया एजेंसी पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस के अनुसार ये लोग इतने लंबे समय आईएसआई के लिए काम करते रहे और किसी को भनक नहीं लगी। कहीं पुलवामा, बालाकोट और पहलगाम में हुए हमले इनकी वजह से ही तो नहीं हुए। अगर ये बात सामने आती है तो हमारी खुफिया एजेंसी को मंथन करने की जरूरत होगी। पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए)ने हिरासत में ले लिया है। एनआईए की टीम सोमवार को ज्योति से पूछताछ करने हिसार पहुंची थी। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर चंडीगढ़ ले गई। भारत में पाकिस्तान के कई एजेंट पकड़े गए हैं, जो भारत से पाकिस्तान में जानकारी भेजते रहते हैं। अगर भारत में आए पाकिस्तानी जासूसों की बात करें तो भारत में हर साल औसत 10-12 जासूस पकड़े जाते हैं। लेकिन इनसे सचेत रहने की जरूरत है, क्योंकि ये अलग-अलग भेष बनाकर देश के अलग-अलग शहरों में रहते हैं। अगर समय रहते इनका पता लगा लिया होता और इन्हें गिरफ्तार कर लिया होता, तो शायद ये हमले नहीं होते। आखिर हमारे देश का प्रशासन हमलों के बाद ही सक्रिय क्यों होता है, इस बात पर मंथन करने की जरूरत है। क्योंकि पहलगाम हमले के बाद से ही यह कदम उठाया गया है। इससे पहले नहीं। क्यों नहीं हमारे खुफिया तंत्र को पहले से इनकी जानकारी नहीं होती या फिर खुफिया तंत्र किसी बड़े हादसे की इंतजार मे रहता है। ये ही हमारे देश के जयचंद हैं, जो नमक खाते हैं हिन्दुस्तान का और काम करते हैं पाकिस्तान या अन्य देशों के लिए। ऐसा ही एक मामला हरियाणा के नूंह में सामने आया है, जहां जासूसों के नेटवर्क का अड्डा बताया जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश की जांच एजेंसियां मामले की पड़ताल में जुटी हुई हैं। इस बीच देश के अंदर कुछ ऐसे लोग पकड़े गए हैं जो पाकिस्तान के लिए जासूसी का काम कर रहे थे। यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की तरह नोमान इलाही भी पाकिस्तान के लिए जासूसी किया करता था। उसे भी पिछले हफ्ते हरियाणा की एक फैक्ट्री से गिरफ्तार किया गया था। नोमान पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी को गोपनीय जानकारी देने का आरोप हैं। साथ ही वह लगातार पाकिस्तान के साथ संपर्क में रहा।

## सरकार की कूटनीतिक विफलता



ऑपरेशन सिन्दूर से संबंधित जानकारी के बारे में विदेश मंत्री एस, जयशंकर का बयान सरकार की कूटनीतिक विफलता है, युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनीतिक रणनीति से भी लड़े जाते हैं, सेना बहादुरी से सीमा पर अपना काम करती हैं, तो युद्ध में उन रणनीतिकारों की बहुत अहम भूमिका हो जाती है, जो राजधानी में बैठे होते हैं, इन की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और यह रणनीति सेनाओं के पराक्रम को या तो बढ़ा सकती है या नुकसान पहुंचा सकती है, विदेश मंत्री ने खुद मीडिया को बताया है कि हमला करने से पहले पाकिस्तान को सूचित कर दिया गया था, अब ये सूचित करने का क्या मतलब होता है, क्या विदेश मंत्री को भरोसा है कि पाक के कहने पर आतंकी चुपचाप बैठेंगे।

**-पवन खेड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# ऑपरेशन सिंदूर और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय



भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का इतिहास लंबा और जटिल रहा है। दोनों देशों के बीच कश्मीर को लेकर दशकों से चला आ रहा विवाद समय-समय पर हिंसक संघर्षों का कारण बनता रहा है। हाल ही में अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया। इस हमले में 26 पर्यटकों की जान गई थी, जिसके लिए भारत ने पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। इस घटनाक्रम ने दक्षिण एशिया में तनाव को और बढ़ा दिया। इस संदर्भ में, अमरीका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय की युद्ध मामलों की विशेषज्ञ प्रोफेसर क्रिस्टीन फेयर ने एक टीवी साक्षात्कार में इस संघर्ष के कारणों, परिणामों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

प्रोफेसर फेयर ने अपने साक्षात्कार में बताया कि पाकिस्तान की सेना और उसका खुफिया तंत्र लंबे समय से आतंकी संगठनों, जैसे लश्कर-ए-तैयबा आदि को समर्थन देता रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संगठन न केवल कश्मीर में सक्रिय हैं, बल्कि पाकिस्तान के आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके अनुसार, पाकिस्तानी सेना इन संगठनों को रणनीतिक संपत्ति के रूप में देखती है, जो भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ने में उपयोगी हैं। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस ऑपरेशन को भारत ने अपनी आत्मरक्षा का अधिकार बताया, जबकि पाकिस्तान ने इसे अपनी संप्रभुता पर हमला करार दिया। प्रोफेसर फेयर ने इस ऑपरेशन को भारत की बदलती रणनीति का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि भारत अब पहले की तरह केवल कूटनीतिक जवाब तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह सैन्य कार्रवाई के जरिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश भी देना जानता है। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे कदम आतंकवाद को पूरी तरह खत्म नहीं कर सकते, क्योंकि पाकिस्तान की सेना के लिए भारत के खिलाफ संघर्ष अस्तित्वगत है। यह उनके वजूद का सवाल है। भारत का डर दिखा -दिखा कर ही पाकिस्तान अनेक देशों से आर्थिक मदद मांगता रहा है।

प्रोफेसर फेयर ने पाकिस्तानी सेना की भारत के प्रति कार्यशैली पर एक किताब भी लिखी है। इस साक्षात्कार में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान की सेना अपने देश की नीति-निर्माण प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना भारत को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानती है और इस धारणा को बनाए रखने के लिए वह आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है। फेयर के अनुसार, उनकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाकिस्तान के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है। उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तानी सेना के लिए कश्मीर विवाद केवल एक क्षेत्रीय मुद्दा नहीं है, बल्कि यह उनकी वैचारिक और रणनीतिक पहचान का हिस्सा है। फेयर ने कहा कि पाकिस्तान की सेना तब तक आतंकवाद को समर्थन देती रहेगी, जब तक कि उसे भारत के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिलता रहेगा। भारत की हालिया सैन्य कार्रवाइयों, जैसे ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया है कि भारत अब पहले की तरह निष्क्रिय नहीं रहेगा।

साक्षात्कार में प्रोफेसर फेयर ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की रणनीति की भी चर्चा की। उन्होंने डोभाल को एक ऐसे रणनीतिकार के रूप में वर्णित किया, जो भारत की सुरक्षा नीति को आक्रामक और सक्रिय दिशा में ले जा रहे हैं। फेयर ने कहा कि डोभाल की सक्रिय रक्षा की नीति ने भारत को पाकिस्तान के खिलाफ अधिक प्रभावी बनाया है। ऑपरेशन सिंदूर इस नीति का एक उदाहरण है, जिसमें भारत ने न केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, बल्कि पाकिस्तान को कूटनीतिक और सैन्य रूप से भी जवाब दिया। हालांकि, फेयर ने यह भी चेतावनी दी कि इस तरह की आक्रामक नीति के अपने जोखिम भी हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान, दोनों ही परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं और किसी भी सैन्य टकराव का बढ़ना दक्षिण एशिया में व्यापक विनाश का कारण बन सकता है।

उनके अनुसार, भारत को अपनी रणनीति में संत. ुलन बनाए रखना होगा, ताकि वह आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए, लेकिन साथ ही स्थिति को पूर्ण युद्ध की ओर बढ़ने से रोके। 10 मई 2025 को भारत और पाकिस्तान ने एक युद्धविराम की घोषणा की, जिसे अमेरिका की मध्यस्थता से संभव माना गया। हालांकि, भारत ने इसे द्विपक्षीय समझौता बताया और अमेरिकी हस्तक्षेप को कमतर करने की कोशिश की। प्रोफेसर फेयर ने इस युद्धविराम को अस्थाई करार दिया। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तानी सेना अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करती, तब तक इस तरह के तनाव बार-बार सामने आएंगे। उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि पाकिस्तान भविष्य में फिर से भारत के खिलाफ आतंकी हमले कर सकता है, क्योंकि यह उसकी रणनीति का हिस्सा है। फेयर के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से अमेरिका, इस क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता हमेशा दोनों देशों को स्वीकार्य नहीं होती, खासकर भारत के लिए, जो कश्मीर को अपना आंतरिक मामला मानता है। प्रोफेसर क्रिस्टीन फेयर का टीवी साक्षात्कार भारत-पाकिस्तान संघर्ष की जटिलताओं को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

**प्रोफेसर फेयर ने पाकिस्तानी सेना की भारत के प्रति कार्यशैली पर एक किताब भी लिखी है। इस साक्षात्कार में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान की सेना अपने देश की नीति-निर्माण प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना भारत को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानती है और इस धारणा को बनाए रखने के लिए वह आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है। फेयर के अनुसार, उनकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाकिस्तान के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है। उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तानी सेना के लिए कश्मीर विवाद केवल एक क्षेत्रीय मुद्दा नहीं है, बल्कि यह उनकी वैचारिक और रणनीतिक पहचान का हिस्सा है। फेयर ने कहा कि पाकिस्तान की सेना तब तक आतंकवाद को समर्थन देती रहेगी, जब तक कि उसे भारत के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिलता रहेगा।**

उनके विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है, बल्कि इसमें गहरे ऐतिहासिक, वैचारिक और रणनीतिक आयाम हैं। पाकिस्तानी सेना की आतंकवाद समर्थक नीतियां और भारत की आक्रामक जवाबी रणनीति इस क्षेत्र में स्थाई शांति की राह में बड़ी बाधाएं हैं। हालांकि, फेयर का यह भी मानना है कि दोनों देशों के बीच संवाद और



**विनीत नारायण**

कूटनीति के रास्ते अभी पूरी तरह बंद नहीं हुए हैं। यदि पाकिस्तान अपनी नीतियों में बदलाव लाता है और भारत संतुलित रुख अपनाता है, तो भविष्य में तनाव को कम करने की संभावना बनी रह सकती है, लेकिन इसके लिए दोनों पक्षों को न केवल अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करना होगा, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ सहयोग भी करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# किडनी के मरीज संभलकर खाएं मखाना

**तालाबों से निकाला जाता है ये सुपरफूड, खाने से शरीर को मिलती है इतनी ताकत मखाना वाटर लिली पौधो का बीज होता है, जिसे फॉक्स नट या लोटस सीड और प्लांट पॉप के नाम से भी जाना जाता है, रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया का 90 प्रतिशत मखाना भारत के बिहार राज्य में उपजाया जाता है, लेकिन अब यह साधारण सा दिखने वाला मखाना एक ग्लोबल सुपरफूड बन गया है, अनोखे स्वाद और टिकटॉक फैनडम के साथ इसे नया रूप मिल रहा है।**



मखाने में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिनका सेवन शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाता है, लेकिन सवाल यह है कि क्या किडनी के मरीज मखाना खा सकते हैं या नहीं? हम अपनी डेली लाइफस्टाइल में कई चीजें शामिल करते हैं, जिससे हमारा स्वास्थ्य बना रहे। जैसे ड्राई फ्रूट्स में मखानों को भी शामिल किया जाता है। मखाना शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाने में उपयोगी होता है। मखाने में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिनका सेवन शरीर के लिए आवश्यक होता है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या किडनी के मरीज मखाने का सेवन कर सकते हैं या नहीं? आइए जानते हैं मखाने की न्यूट्रिशनल वैल्यू और इसके किडनी स्वास्थ्य पर प्रभाव के बारे में।

## मखाने की न्यूट्रिशनल वैल्यू

मखाने में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, विटामिन B2 और B6 जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और ओमेगा-3 फैटी एसिड सूजन कम करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। यह पाचन, हड्डियों और मेटाबॉलिज्म के लिए भी फायदेमंद है।

## किडनी के मरीज मखाना खा सकते हैं

अगर आप भी किडनी के मरीज हैं, तो यह जानना आपके लिए महत्वपूर्ण है कि मखाने का सेवन किडनी के लिए फायदेमंद है या नहीं। अगर आप किडनी स्टोन या इससे जुड़ी अन्य समस्याओं से पीड़ित हैं, तो आपको मखाना खाने से बचना चाहिए, क्योंकि मखाने में कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है और ऐसे में यदि किडनी से संबंधित समस्याओं से ग्रस्त व्यक्ति इसका सेवन करता है, तो यह पथरी के आकार को बढ़ा सकता है। इसके अलावा, मखाने के सेवन से पेशाब में कैल्शियम की मात्रा भी बढ़ सकती है, जिससे किडनी से जुड़ी अन्य समस्याएं भी गंभीर हो सकती हैं। मखाने में प्रोटीन, पोटैशियम और फॉस्फोरस भी पाए जाते हैं, जो किडनी के मरीजों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं। इसलिए यदि आप मखाना खाना चाहते हैं, तो पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**डिसक्लेमर:** इस लेख में दी गई जानकारी का उद्देश्य केवल रोगों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता लाना है। यह किसी क्वालीफाइड मेडिकल ऑपिनियन का विकल्प नहीं है। इसलिए पाठकों को सलाह दी जाती है कि वह कोई भी दवा, उपचार या नुस्खे को अपनी मर्जी से ना आजमाएं एक्सपर्ट या डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

### मखाने के स्वास्थ्य लाभ

- मखाने में प्रोटीन और फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है।
- मखाने में फाइबर होता है, जो वजन कम करने में मदद करता है।
- मखाने में ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।
- मखाने में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो कैंसर जैसी बीमारियों से बचाव में मदद करते हैं।
- मखाने में कैल्शियम व मैग्नीशियम होते हैं, हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

# 2025 का मानसून: समय से पहले देगा दस्तक




देशभर में इन दिनों गर्मी अपने चरम पर है। उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक, लोग भीषण लू और चिलचिलाती धूप से बेहाल हैं। तापमान कई जगहों पर 45 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। इस बढ़ती गर्मी के बीच एक राहत की खबर आई है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने 2025 के दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर सकारात्मक और उत्साहजनक पूर्वानुमान जारी किया है। इस बार मानसून अपने सामान्य समय से पहले देश में दस्तक देगा, जिससे किसानों को भी फायदा होने की उम्मीद है।

## मानसून 2025 की विशेषताएं

मौसम विभाग के अनुसार, इस बार दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से पहले भारत पहुंचेगा। इसका मुख्य कारण वैश्विक और क्षेत्रीय जलवायु स्थितियों में बदलाव बताया जा रहा है। खासतौर पर ला नीना प्रभाव और हिंद महासागर में समुद्र सतह के तापमान में बदलाव का मानसून पर गहरा असर पड़ता है। ये दोनों कारक इस बार मानसून के जल्दी शुरू होने के पीछे माने जा रहे हैं। ला नीना एक समुद्री घटना है जिसमें प्रशांत महासागर के सतह के तापमान सामान्य से कम हो जाते हैं। इसका असर भारत के मानसून पर सकारात्मक होता है और सामान्य से अधिक बारिश की संभावना को जन्म देता है। वहीं हिंद महासागर डिपोल का सकारात्मक चरण भी बारिश को बढ़ावा देता है।

## अंडमान निकोबार में दस्तक

हर साल की तरह इस बार भी मानसून की शुरुआत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने पुष्टि की है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 13 मई 2025 को अंडमान और निकोबार द्वीपों में प्रवेश कर लिया है। इसके साथ ही इन द्वीपों में भारी बारिश भी दर्ज की गई है। यह संकेत है कि मानसून अपनी सामान्य दिशा और प्रवाह के अनुसार आगे बढ़ रहा है, बल्कि इस बार यह थोड़ी रफ्तार से भी बढ़ रहा है। अंडमान और निकोबार में मानसून की शुरुआत के बाद, यह तेजी से दक्षिण भारत की ओर बढ़ेगा और फिर मध्य तथा उत्तर भारत को कवर करेगा।

## केरल में 27 मई को पहुंचेगा मानसून

केरल को भारत में मॉनसून का प्रवेश द्वार माना जाता है। आमतौर पर मानसून यहां 1 जून को दस्तक देता है, लेकिन इस बार 27 मई को ही मानसून केरल तटों पर पहुंच जाएगा। यह सामान्य तिथि से चार दिन पहले है। यह बदलाव काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि 2009 के बाद यह पहला मौका है जब मानसून इतने जल्दी केरल में प्रवेश करेगा। यह न केवल मौसम वैज्ञानिकों के लिए अध्ययन का विषय है, बल्कि किसानों और जल प्रबंधन विभागों के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है।

## दक्षिण भारत में मानसून का विस्तार

केरल में दस्तक देने के बाद मानसून कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में तेजी से फैलेगा। भारतीय मौसम विभाग का अनुमान है कि 5 से 7 जून के बीच दक्षिण भारत के अधिकतर हिस्सों में मानसून सक्रिय हो जाएगा। इसका मतलब है कि कृषि गतिविधियों के लिए पानी की उपलब्धता जल्द सुनिश्चित हो सकेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के जल्दी आगमन से खरीफ की फसल की बुआई समय पर शुरू हो सकेगी और इससे उत्पादन बढ़ने की भी उम्मीद की जा सकती है।

## मध्य भारत की ओर बढ़ता मानसून

दक्षिण भारत को कवर करने के बाद मानसून मध्य भारत की ओर बढ़ेगा। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, और ओडिशा जैसे राज्यों में मानसून जून के दूसरे और तीसरे सप्ताह में दस्तक देगा। इस दौरान इन क्षेत्रों में भारी से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। मध्य भारत में मानसून का समय पर पहुंचना न केवल कृषि के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि तापमान में गिरावट लाकर जनजीवन को भी राहत देता है। कई हिस्सों में जलाशयों का स्तर भी मानसून के भरोसे होता है, जिससे जल संकट की समस्या हल हो सकती है।

## उत्तर भारत में मानसून की चाल

उत्तर भारत में विशेष रूप से दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में मानसून की राह पर सबकी निगाहें टिकी होती हैं। आमतौर पर दिल्ली में मानसून 25 जून के आसपास दस्तक देता है, लेकिन इस बार संभावना जताई जा रही है कि मानसून 20 जून से 29 जून के बीच दिल्ली पहुंच सकता है। हालांकि, मौसम विभाग ने अभी तक कोई निश्चित तारीख नहीं दी है क्योंकि उत्तर भारत में मौसम की अनिश्चितता अधिक रहती है। स्थानीय मौसम परिस्थितियां और वैश्विक जलवायु परिवर्तन मानसून की गति और दिशा को प्रभावित कर सकते हैं। फिर भी उम्मीद की जा रही है कि मानसून समय से पहले या कम से कम समय पर दिल्ली और आसपास के इलाकों में पहुंचेगा, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

## पूर्वोत्तर भारत में मानसून की स्थिति

पूर्वोत्तर भारत में हर साल मानसून सबसे पहले दस्तक देता है। इस क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण बाढ़ और भूस्खलन जैसी समस्याएं अक्सर देखने को मिलती हैं। इस बार भी पूर्वोत्तर राज्यों जैसे असम, मेघालय, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा में मानसून सामान्य समय से पहले या समय पर पहुंचने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने यहां भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है, खासकर जून के दूसरे सप्ताह से लेकर जुलाई के पहले सप्ताह तक। प्रशासन को बाढ़ प्रबंधन और आपदा राहत कार्यों के लिए पहले से तैयार रहने की सलाह दी गई है।

## पश्चिम भारत और गुजरात में स्थिति

पश्चिम भारत के राज्यों राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ शुष्क हिस्सों में मानसून सामान्यत: देर से पहुंचता है। इस बार मौसम विभाग का अनुमान है कि गुजरात के अधिकांश हिस्सों में मानसून 10 से 15 जुलाई के बीच पहुंचेगा। गुजरात जैसे क्षेत्रों में मानसून का देर से आना सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन यहां की जलवायु और कृषि इस मानसून पर बहुत हद तक निर्भर करती है। जलाशयों, नदियों और सिंचाई स्रोतों की भरपाई मानसून की बारिश से ही होती है। भारतीय मौसम विभाग सैटेलाइट डेटा, मौसम मॉडल, समुद्री सतह के तापमान, वायुमंडलीय दबाव और पवन प्रवाह का विश्लेषण कर मानसून की स्थिति का पूर्वानुमान लगाता है। इसके अलावा वैश्विक जलवायु घटनाएं जैसे एल नीनो और ला नीना, हिंद महासागर डिपोल और Madden-Julian Oscillation जैसी जटिल प्रणालियों का भी असर देखा जाता है। इन सभी संकेतकों का अध्ययन कर मौसम विभाग हर साल लॉन्ग रेंज फोरकास्ट्ष यानी दीर्घकालिक पूर्वानुमान जारी करता है।

# बिना पायलट 10 मिनट तक उड़ती रही लुफ्थांसा फ्लाइट

## उड़ान का को-पायलट बेहोश हुआ था, 205 लोग मौजूद थे, 15 महीने बाद हुआ खुलासा

**स्पेन।** स्पेन जा रही एक फ्लाइट 205 लोगों के साथ करीब 10 मिनट तक बिना पायलट के उड़ान भरता रहा। दरअसल, विमान का पायलट टायलेट गया था, तभी अचानक को-पायलट की तबीयत खराब हो गई, और वह बेहोश हो गया था।

इसका खुलासा 15 महीने बाद स्पेन की दुर्घटना जांच एजेंसी सीआईएआईएसी की एक नई रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल 17 फरवरी, 2024 को लुफ्थांसा के एयरबस ए321 में यह घटना हुई। फ्लाइट फ्रैंकफर्ट से सेविले, स्पेन जा रही थी। उस समय विमान में 199 यात्री और 6 क्रू मेंबर मौजूद थे। लुफ्थांसा दुनिया भर के 80 से ज्यादा देशों में 200 से अधिक डेस्टिनेशन तक सेवाएं देती है। पायलट बाथरूम से लौटा और काकपिट का दरवाजा खोलने की



कोशिश की, लेकिन अंदर से लॉक होने के कारण वह दरवाजा नही खोल पाए। क्रू मेंबर ने को-पायलट से बात करने की कोशिश में इंटरकाम पर काल भी किया। जवाब न मिलने पर कप्तान ने इमरजेंसी कोड का इस्तेमाल कर काकपिट के अंदर गए, और विमान को कंट्रोल किया। को-पायलट को क्रू और एक यात्री डाक्टर ने प्राथमिक उपचार दिया। जिससे को-पायलट को होश आया। जांच में पता चला कि को-पायलट को पहले से एक न्यूरोलाजिकल बीमारी थी, जिसके बारे में उसे पता नहीं था और यह उसके मेडिकल टेस्ट में भी नहीं

■ लुफ्थांसा दुनिया में 80 से ज्यादा देशों में 200 से अधिक डेस्टिनेशन तक सेवाएं देती है

पकड़ी गई थी। इसके बाद को-पायलट का मेडिकल सर्टिफिकेट रद्द कर दिया गया। लुफ्थांसा ने जर्मन समाचार एजेंसी को बताया कि वे इस घटना के बारे में जानते है, और उनकी उड़ान सुरक्षा टीम ने इसकी जांच भी की थी, लेकिन इसके परिणाम सार्वजनिक नहीं किए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया कि उड़ान के दौरान पायलट के बेहोश होने या मृत्यु की घटनाएं रेयर होती हैं। यूरोपीय आयोग के 2019-2024 के डेटाबेस में 287 ऐसी घटनाएं दर्ज की गईं। अमेरिका की 2004 की एक रिपोर्ट में 1993 से 1998 के बीच 39 ऐसी घटनाएं अमेरिकी पायलटों के साथ हुईं।

# अमेरिका के साथ परमाणु समझौता संभव है: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका उसे भयभीत करने की प्रवृत्ति छोड़ दे तो दोनों देशों के बीच परमाणु समझौता संभव हो सकता है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने रविवार शाम को ओमान के विदेश मंत्री बद्र बिन हमद अल बुसैदी के साथ बैठक के दौरान कहा कि अगर अमेरिका ईरान को 'डराना' बंद कर दे तो ईरान अमेरिका के साथ समझौता कर सकता है।



नीदरलैंड। हेग में रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर।

# बाइडन प्रोस्टेट कैंसर की गंभीर अवस्था में

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन को प्रोस्टेट कैंसर से ग्रसित हैं और यह उनकी हड्डियों तक फैल गया है। जनवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति का पद छोड़ने वाले बाइडन को शुक्रवार को बीमारी का पता चला, जब उन्होंने पिछले सप्ताह मूत्र संबंधी लक्षणों के लिए एक डॉक्टर को दिखाया था।

यह जानकारी उनके कार्यालय से एक बयान में दी। डॉक्यटरों के मुताबिक यह कैंसर रोग का ज्यादा आक्रामक रूप है, जिसका ग्लीसन स्कोर 10 में से 9 है। कैंसर रिसर्च यूके के अनुसार, इसका मतलब है कि उनकी बीमारी को 'हाई ग्रेड' में रखा गया है और कैंसर कोशिकाएं तेजी से फैल सकती हैं। जानकारी के अनुसार, बाइडन और



उनका परिवार उपचार के विकल्पों पर विचार कर रहा है। उनके कार्यालय ने कहा कि कैंसर हॉरमोन-संवेदनशील है, जिसका मतलब है कि इसे नियंत्रित किया जा सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार कि शुक्रवार को उनमें प्रोस्टेट कैंसर का निदान किया गया, जिसमें ग्लीसन स्कोर 9 (ग्रेड ग्रुप 5) था तथा हड्डी में मेटास्टेसिस था। हालांकि यह रोग का अधिक आक्रामक रूप है, कैंसर हार्मोन-संवेदनशील प्रतीत होता है, जिसके कारण इसका प्रभावी प्रबंधन संभव है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मैं और मेलानिया बाइडन की बीमारी के सुनकर दुखी हैं। उन्होंने पूर्व प्रथम महिला जिल बाइडन का उल्लेख करते हुए कहा हम उनकी पत्नी और उनके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। हम बाइडन के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, जिन्होंने बाइडन कार्यकाल में काम किया था, ने एक्स पर लिखा कि वह और उनके पति डग एमहॉफ बाइडन परिवार के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

# इजरायल ने किया इंडोनेशिया के अस्पताल का ध्वस्तिकरण शुरू

**यरूशलम।** इजरायली सैनिकों ने उत्तरी गाजा पट्टी में एक इंडोनेशियाई अस्पताल को ध्वस्त करना शुरू कर दिया है जहां अभी कम से कम 55 लोग फंसे हुए हैं। अल जजीरा न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार यह उत्तरी गाजा में अंतिम चिकित्सा सुविधा है।

चैनल ने कहा कि इजरायली सैनिकों ने अस्पताल के गेट पर हमला किया और बुलडोजर से अस्पताल की उत्तरी दीवार को ध्वस्त कर दिया। अल जजीरा की रिपोर्ट अनुसार इमारत में कम से कम 55 लोग फंसे हुए हैं, जिनमें चार डॉक्टर और आठ नर्स शामिल हैं। चैनल ने कहा कि अस्पताल के आसपास गोलीबारी की आवाजें सुनाई दे रही हैं। इजरायली रक्षा बलों ने 18 मार्च की रात को गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू किए। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन

■ इजरायली रक्षा बलों ने 18 मार्च की रात को गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू किए

नेतन्याहू ने कहा कि हमले जारी रहेंगे, क्योंकि फलस्तीनी आंदोलन हमास ने युद्धविराम को बढ़ाने और बंधकों को मुक्त करने की अमेरिकी योजना को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम आधिकारिक तौर पर 01 मार्च को समाप्त हो गया था, लेकिन मध्यस्थों द्वारा दोनों पक्षों के साथ गाजा में एक समझौते पर बातचीत जारी रखने के प्रयासों के कारण लड़ाई फिर से शुरू नहीं हुई है। हालांकि, इजरायल ने पट्टी में एक विलवणीकरण संयंत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी है तथा पट्टी में मानवीय सहायता ले जाने वाले ट्रकों का प्रवेश बंद कर दिया है।


# एशिया में तेजी से फैल रहा कोरोना वैरिएंट

## सिंगापुर में 14 हजार नए मामले आए सामने, चीन, हांगकांग, थाइलैंड आदि देश अलर्ट पर

सिंगापुर, वार्ता

**एशिया** के कई देशों में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। सिंगापुर, हांगकांग, चीन और थाईलैंड जैसे देशों में नए मामलों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वेरिएंट जेएन1 और उसके सब-वेरिएंट्स एलएफ7 और एनबी1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है।

सिंगापुर में मई की शुरुआत में 14000 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते में यह संख्या करीब 11100 थी। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, रोजाना अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ी है, लेकिन



रोजाना अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30% तक बढ़ गई है

गंभीर मरीजों की संख्या कम हुई है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वेरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। हालांकि, उनका मानना है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है। गंभीर बीमा. रियों से जूझ रहे मरीजों के कोविड संक्रमित होने से मौत का आंकड़ा भी बढ़ा है। चीन और थाईलैंड में भी कोविड को लेकर सरकार अलर्ट पर हैं। चीन में बीमारियों की जांच करवाने जा रहे मरीजों में कोरोना वायरस पाए जाने के मामले दोगुने हो गए हैं। लोगों को बूस्टर शाट लेने की सलाह दी गई है। चाइनीज सेंटर फार डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज हो सकती है। वहीं, थाइलैंड में दो अलग-अलग इलाकों मे तेजी से कोविड केस बढ़ने का मामले आए हैं। जेएन1, ओमिक्रान के बीए2.86 का एक स्ट्रेन है। जिसे अगस्त 2023 में पहली बार देखा गया था। दिसम्बर 2023 में विश्व स्वाएलएफय संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित किया। इसमें करीब 30 म्यूटेशन्स हैं, जो इम्यूनिटी को कमजोर करते हैं। अमेरिका के जान्स हापकिंस यूनिवर्सिटी के अनुसार जेएन1 पहले के वैरिएंट्स की तुलना में ज्यादा आसानी से फैलता है, लेकिन यह बहुत गंभीर नहीं है। यह दुनिया के कई हिस्सों में सबसे आम वेरिएंट बना हुआ है। कोविड-19 जेएन1 के लक्षण कुछ दिनों से लेकर हफ्तों तक कहीं भी रह सकते हैं। अगर आपके लक्षण लंबे समय तक बने रहते हैं, तो हो सकता है कि आपको लान्ग-कोविड हो। यह एक ऐसी एिलएफाति है जिसमें कोविड-19 के कुछ लक्षण ठीक होने के बाद भी बने रहते हैं।

# गाजा में फूड सप्लाई को तैयार हुए नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सीमित मात्रा में खाद्य सामग्री भेजने की इजाजत दे दी है। इजरायल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों के आने पर रोक लगा दी थी।

टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की वार कैबिनेट ने सैन्य अधिकारियों की सलाह पर रविवार को यह फैसला किया। हालांकि कैबिनेट में इसे लेकर वोटिंग नहीं कराई गई क्योंकि कई मंत्री इस फैसले के खिलाफ थे। आंतरिक सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्विर और दूसरे दक्षिणपंथी नेताओं ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह हमास को 'आक्सीजन' देने जैसा है। पहले हमास को खत्म किया जाना जरूरी है। पिछले ढाई महीने में गाजा में यूएन और बाकी एजेंसियों के खाद्य



■ दो महीने से रुकी हुई थी सप्लाई इजरायली मंत्री बोले: यह फैसला हमास को ऑक्सीजन देने जैसा

भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए हैं। खाने-पीने के सामानों की कमी के चलते गाजा में भुखमरी का खतरा बढ़ गया है। इस वजह से अमेरिका समेत कई देशों का इजरायल पर दबाव बढ़ रहा था, जिसके बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को गाजा पट्टी में जरूरी मदद फिर से शुरू करने का आदेश दिया।

# पुर्तगाल में भारतीय दूतावास के बाहर पाकिस्तानियों का हंगामा

**लिस्बन।** पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में पाकिस्तानियों ने भारतीय दूतावास के सामने हंगामा किया। इसका जवाब देते हुए भारतीय अधिकारियों ने दूतावास के बाहर ऑपरेशन सिंदूर का बैनर लगा दिया। इस पर लिखा था-ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। दूतावास ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बैनर की तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही लिखा है कि पाकिस्तानियों के कायरतापूर्ण विरोध प्रदर्शन का




■ जवाब में भारतीय एंबेसी ने ऑपरेशन सिंदूर का बैनर लगाया लिखा: यह अभी खत्म नहीं हुआ

जवाब ऑपरेशन सिंदूर के बैनर के साथ दिया गया। हम दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुर्तगाल सरकार और उसके पुलिस अधिका. रियों को धन्यवाद देते हैं। इन तस्वीरों में भारतीय अधिकारी भी बैनर के साथ नजर आए। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर लान्च किया था। इस दौरान भारत ने 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

# हूतियों ने इजरायली हवाई अड्डों को निशाना बनाने की दी धमकी

**अदन यमन।** यमन के हूती समूह ने घोषणा की कि वह गाजा में इज़रायल के हमलों में वृद्धि और यमन पर हाल ही में किए गए हमलों के जवाब में कुछ घंटों के भीतर बेन गुरियन हवाई अड्डे और अन्य अनिर्दिष्ट इज़रायली हवाई अड्डों के खिलाफ सैन्य अभियान चलाएगा। यह घोषणा हूती के मीडिया प्राधिकरण के उप प्रमुख नसरुद्दीन आमेर ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर एक बयान में की। आमेर ने इज़रायली हवाई अड्डों पर वर्तमान में परिचालन करने वाली सभी एयरलाइनों से तुरंत प्रस्थान करने का आग्रह किया और सभी यात्रियों को योजनाबद्ध हूती अभियानों से पहले बाहर निकलने की चेतावनी दी। इससे पहले इज़रायली सेना ने कहा कि उसने यमन से मध्य इज़रायल की ओर लॉन्च की गई एक मिसाइल को रोक दिया।

# अमेरिका से गाजा में तत्काल युद्धविराम कराने का आग्रह

**काहिरा।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फत्ताह अल-सीसी ने गाजा पट्टी में तुरंत युद्धविराम कराने का आग्रह किया और वहां मानवीय सहायता पहुंचाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

यह बयान उन्होंने एक दौरे पर आए अमेरिकी अधिकारी से मुलाकात के दौरान दिया। काहिरा में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फत्ताह अल-सीसी ने अमेरिका के वरिष्ठ सलाहकार मासाद बुलोस से मुलाकात के दौरान गाजा में तुरंत युद्धविराम की अपील की। दोनों नेताओं ने मध्य पूर्व की स्थिति और क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने के उपायों पर चर्चा की। सीसी ने गाजा में युद्धविराम के लिए मिस्र, अमेरिका और कतर की संयुक्त मध्यस्थता प्रयासों की सराहना की और कहा कि मिस्र इस समन्वय को जारी रखेगा। अमेरिका के सलाहकार मासाद बुलोस ने मिस्र के साथ मिलकर मध्य पूर्व में शांति बहाल करने के संयुक्त प्रयासों में अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराई। यह बैठक उस समय हुई जब इजरायल और हमास के बीच शनिवार को दोहा में परोक्ष वार्ता का नया दौर शुरू हुआ।

दोनों नेताओं ने मध्य पूर्व की स्थिति और क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने के उपायों पर भी चर्चा की

# विश्व की जेलों में कैद हैं 23 हजार पाकिस्तानी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के 23 हजार से ज्यादा नागरिक इस समय दुनिया के कई देशों की जेलों में बंद है। इन्हें रेप, मर्डर और ड्रग तस्करी जैसे गंभीर आरोपों में दोषी ठहराया गया है। पाकिस्तानी अखबार डान के मुताबिक विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी संसद में दी है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में प्रश्नकाल के दौरान इससे जुड़ा सवाल पूछा गया था, जिसका मंत्रालय ने लिखित जवाब दिया। अपने लिखित जबाव में मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान के कुल 23456 पाकिस्तानी नागरिक विदेशों की जेल में बंद हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 12156 सऊदी अरब में कैद है।

सऊदी के बाद दूसरे नंबर पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) है, जहां 5292 पाकिस्तानी जेल की सजा काट रहे हैं। चीन की जेलों में भी 400 पाकिस्तानी बंद हैं। इनमें से ज्यादातर ड्रग तस्करी, बलात्कार, डकैती और हत्या जैसे गंभीर अपराधों में दोषी पाए गए हैं। डान की रिपोर्ट के मुताबिक बहरीन में बंद 450 पाकिस्तानी नागरिकों को ड्रग तस्करी, नशीले पदार्थों के कब्जे और धोखाधड़ी के आरोपों में सजा हुई है। वहीं अफगानिस्तान ने 88 पाकिस्तानी नागरिकों को ओवरस्टे और सुरक्षा से जुड़े अपराधों में दोषी ठहराया है। इस्लामिक देशों में भी पाकिस्तानी नागरिकों का रिकॉर्ड खराब है। कतर में 338, ओमान में 309, मलेशिया ने 255 पाकिस्तानी अलग-अलग अपराधों में



■ रेप, मर्डर और ड्रग तस्करी जैसे गंभीर आरोपों में दोषी ठहराया गया है, पाक विदेश मंत्रालय ने संसद में दी जानकारी

सजा काट रहे हैं। यूरोप के भी कई देशों में पाकिस्तानी अपराधियों की संख्या बढ़ती जा रही है। फ्रांस में 168 और जर्मनी में 94 पाकिस्तानी जेल में बंद हैं। आस्ट्रिया में भी पाकिस्तानियों को अवैध घुसपैठ, मानव और ड्रग तस्करी, हत्या और यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में दोषी ठहराया गया है, हालांकि संख्या नहीं बताई है। नार्वे में 3, फिनलैंड में 2, कनाडा में 9 डेनमार्क में 27 पाकिस्तानी दोषी ठहराए गए हैं। साल 2022 में एक रिपोर्ट जारी हुई थी। इसमें बताया गया था कि इंग्लैंड के रादरहैम, कार्नवाल, डर्बीशायर, रोशडेल और ब्रिस्टल शहर में साल 1997 से 2013 के बीच कम से कम 1400 नाबालिग बच्चियां यौन शोषण की शिकार बनीं थीं। आरोपियों में सबसे ज्यादा पाकिस्तानी मूल के लोग थे।

# पाक ने शाहीन मिसाइल इस्तेमाल नहीं की

**इस्लामबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन बनयानुन मार्सूस के दौरान शाहीन मिसाइल का इस्तेमाल नहीं किया।

उन्होंने कहा कि इस मिसाइल के इस्तेमाल को लेकर भारतीय मीडिया की तरफ से किए जा रहे दावे झूठे और बेबुनियाद हैं। बात दें शाहीन मिसाइल परमाणु और पारंपरिक हथियार ले जाने में सक्षम है। पाकिस्तान ने कहा कि बिना जांच के भड़काऊ और गलत खबरें फैलाना क्षेत्रीय स्थिरता को नुकसान पहुंचाता है और यह आधिकारिक संस्थानों की पेशेवर छवि को भी

■ विदेश मंत्रालय ने कहा: इस मामले में किए जा रहे दावे झूठे, ये मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम, पाक आर्मी बोली: भारत के आगे नहीं झुकेंगे

कमजोर करता है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना ने 12 मई 2025 को जारी अपने बयान में बताया था कि उसने भारतीय सेना के खिलाफ ऑपरेशन में फतह सीरीज (एफ1 और एफ2) की लंबी दूरी की मिसा. इलों, लंबी दूरी के ड्रोन और तोपों का इस्तेमाल किया था।

पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान, कभी भी भारत के आगे नहीं झुकेगा। उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिका या इजराइल नहीं है और पाकिस्तान, अफगानिस्तान या फिलिस्तीन नहीं है। अनादोलु एजेंसी को दिए इंटरव्यू में सेना के प्रवक्ता ने दावा किया कि सीजफायर की अपील पहले भारत ने की थी, इसके बाद ही वे इसके लिए राजी हुए। प्रवक्ता चौधरी ने भारत को चेतावनी दी है कि अगर उसने पाकिस्तान की जल आपूर्ति रोकने की कोशिश की, तो भारत को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे जो दशकों तक महसूस किए जाएंगे।

Recruitment For Teaching Staff
Required:
Faculty For BA/BBA/BCA/B.Ed
B.A - Subjects: Political Science, Urdu
BBA/BCA/B.Ed: All Subjects
Qualification: As per University/UGC Norms
Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.
❑ Experienced Candidates will be preferred.
ISLAMIA DEGREE COLLEGE
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor